रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 30 नवम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 101 मूल्य 3.00 ₹

# कृषि कानून वापस लेने का विधेयक संसद में मंजूर

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन ही सरकार ने विवादास्पद तीनों कृषि सुधार कानूनों को वापस ले लिया। दोनों सदनों में विधेयक को विपक्ष के हंगामे के बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित करा लिया गया। लोकसभा में यह विधेयक सिर्फ चार मिनट में ही पारित हो गया। केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने 'कृषि कानून निरसन विधेयक 2021' को पेश किया। लोकसभा की कार्यसूची में यह विधेयक की कार्यवाही में दर्ज था जबकि राज्य सभा की कार्यसूची में इसे शामिल किया गया। अब इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। सरकार अध्यादेश के रास्ते इन कानूनों को लेकर आई थी, इसके बाद संसद में कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून 2020, कृषक (सशक्तिकरण-संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार तथा आवश्यक वस्तु (संशोधन) क़ानून 2020 पारित कराया। इनके विरोध में पिछले एक साल से किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस महीने 19 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में इन क़ानूनों को वापस लेने का एलान किया था। प्रधानमंत्री ने माफी मांगते हुए कहा कि सरकार कुछ किसानों को इन कानूनों के फायदों को समझाने में नाकाम रही। संसद के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले श्री मोदी ने राजनीतिक दलों से शांति और सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि संसद में सवाल भी हों और शांति भी बनी रहे। सरकार किसी भी चर्चा के लिए तैयार है। कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर कांग्रेस ने संसद परिसर में धरना दिया। इसमें कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत कई कांग्रेस सांसद शामिल हुए। लोकसभा में विपक्षी सदस्य कृषि कानून निरसन विधेयक, 2021 बहस कराने की मांग को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के आसन के सामने आ गये और हंगामा करने लगे। बिड़ला ने कहा कि सदस्यों को बोलने का पूरा अवसर दिया गया है लेकिन इस स्थिति में चर्चा नहीं करायी जा सकती। अध्यक्ष ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित किये जाने की घोषणा की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बिना चर्चा के सदन में विधेयक पारित हुआ। ये तीनों क़ानून किसानों के अधिकारों पर अतिक्रमण था।



## राज्यसभा के 12 सदस्य सदन से निलंबित

राज्य सभा के 12 सदस्यों को मानसून सत्र के दौरान अनुचित आचरण, सुरक्षाकर्मियों पर हमले तथा आसन की अवमानना के लिए शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए सोमवार को सदन से निलंबित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सदन में इस आशय का प्रस्ताव पेश किया जिसे विपक्षी सदस्यों के विरोध और हंगामे के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि इस सदन ने राज्यसभा के 254 वें सत्र (मानसून सत्र) के अंतिम दिन यानी गत 11 अगस्त को आसन के अपमान , सदन के नियमों की लगातार धज्जी उडाये जाने , जानबूझकर सदन की कार्यवाही को बाधित करने , असाधारण रूप से अनुचित आचरण करने , उग्र व्यवहार, और जान बूझकर सुरक्षाकर्मियों पर हमले का संज्ञान लिया है। सदन इसकी कड़ी निंदा करता है।

## संसद में चर्चा से डरती है सरकार : राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कृषि संबंधी तीनों कानूनों को सरकार द्वारा संसद में वापस लेने को किसान और मजदूरों की जीत बताया है लेकिन कहा कि बिना चर्चा कराए ये तीनों कानून वापस लेकर सरकार ने यह साफ कर दिया है कि संसद में चर्चा से उसे डर लगता है। श्री गांधी ने संसद भवन में संवाददाताओं से कहा कि वह जानना चाहते हैं कि सरकार ने जब कृषि संबंधी तीनों कानून वापस लिये तो इन पर चर्चा कराने से उसे किस बात का डर है। उनका कहना था कि सरकार जानती है कि उसने गलत काम किया है, इसलिए वह इस कानून को लेकर संसद में चर्चा कराने से भयभीत थी और उसने चर्चा नहीं कराने का रास्ता चुनकर इन कानूनों को वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि सरकार ने किसानों की ताकत के सामने झुककर कृषि संबंधी तीनों कानून वापस लेने का फैसला लिया है लेकिन उनकी पार्टी इस मुद्दे पर चर्चा कराना चाहती थी ताकि यह भी पता चलता कि इस कानून को लाने के पीछे कौन सी ताकत थी। वे तीन, चार पूंजीपति कौन हैं जो इन कानूनों के माध्यम से किसान की मेहनत पर हाथ मारने के लिए इस कानून के पीछे सख्ती से खड़ी थी। श्री गांधी ने कहा कि इन कानूनों को वापस लेने की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से माफी मांगी थी। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री का लोगों से माफी मांगने से स्पष्ट है कि उन्होंने गलती मान ली है कि सात सौ किसानों की मौत के लिए वही जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी अपनी गलती स्वीकार कर रहे हैं इसलिए उन्हें अब किसानों को मुआवजा देना चाहिए।

## क्विक न्यूज़

### मानहानि के मामले में नवाब मलिक की जमानत मंजूर

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता नवाब मलिक की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता मोहित कम्बोज द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि के एक मामले में जमानत मंजूर कर ली। अदालत ने जमानत मंजूर करते हुए उन्हें 15,000 रुपये का निजी मुचलका भरने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई की अगली तारीख 30 दिसंबर है। राकांपा नेता नवाब मलिक ने आरोप लगाया था कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने भारतीय जनता पार्टी के नेता के प्रभाव के कारण कम्बोज के बहनोई ऋषभ सचदेवा को जाने दिया था। ऋषभ सचदेवा कथित तौर पर क्रूज पर थे जब एनसीबी ने दो अक्टूबर को क्रूज पर छापा मारा था।

### भारतीय अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए अतिरिक्त खिलाड़ियों का चयन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने कोलकाता में चल रही अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए सोमवार को भारत ए और भारत बी टीम में अतिरिक्त और प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) खिलाड़ियों की घोषणा की है। चयन समिति के मुताबिक भारत बी के तेज गेंदबाज वासु वत्स चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वह अब अपनी चोट के इलाज के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

### सिंधु नदी बेसिन में आठ छोटी पनबिजली परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सिंधु नदी बेसिन में आठ लघु पनबिजली परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें से सात केंद्र शासित क्षेत्र लद्दाख और एक केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर में है। जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टूडू ने राज्य सभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि लद्दाख की सात परियोजनाएं केवल पनबिजली उत्पादन के लिए हैं। इनमें सिंचाई सुविधा का कोई पहलू नहीं है। जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में स्थापित होने वाली 10.50 मेगावाट की रतन नाग परियोजना में सिंचाई सुविधाएं सृजित करने का भी प्रावधान होगा। इससे किश्तवाड़ जिले में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा।

# मंत्री सिंहदेव ने मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई सत्र का किया शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सुरजपुर जिले के विकासखण्ड प्रतापपुर के ग्राम केरता स्थित मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई सत्र 2021-22 का शुभारंभ विधिवत पूजा-पाठ कर किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े भी उपस्थित थे। मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि किसानों के हित में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने गन्ना की दर 355 रूपए प्रति क्वींटल तय की है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए वैकल्पिक कृषि करने की आवश्यकता है। मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि शक्कर कारखाना में गन्ना की आपूर्ति के लिए किसान बड़ी संख्या में अपने खेत में इसका उत्पाद कर लाभ उठा सकते हैं। प्रतापपुर के ग्राम केरता स्थित मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई सत्र 2021-22 का शुभारंभ विधिवत पूजा-पाठ कर किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े भी उपस्थित थे। कारखाना स्थापना से क्षेत्र के गन्ना उत्पादक कृषकों की जीवन स्तर में सुधार आया है। कारखाना के पेराई सत्र एवं मरम्मत कार्य के दौरान प्रति दिवस आस-पास के गांवों के लगभग 300-400 मजदूरों, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। कारखाने में 20 केएलपीडी ईथेनॉल प्लांट स्थापना हेतु बसंतदादा शर्करा संस्थान पुणे से डीपीआर तैयार कराया जा चुका है। राज्य शासन से इसका प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है।

# दिल्ली में मालवाहक ट्रकों का प्रवेश सात दिसंबर तक बंद : राय

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में मालवाहक ट्रकों का प्रवेश सात दिसंबर तक बंद रहेगा लेकिन आवश्यक वस्तु वाले एवं सीएनजी-इलेक्ट्रिक ट्रक दिल्ली आ सकते हैं। राय ने संवाददाता सम्मेलन में सोमवार को कहा कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण के हालात को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। इसमें विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण के स्तर के आगे भी बहुत खराब श्रेणी में बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि बारिश हो सकती है, ऐसे में प्रदूषण में तब्दीली हो सकती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है कि दिल्ली के अंदर निर्माण और डिमोलिशन के कार्य आगामी आदेश तक बंद रहेंगे। इसके अंदर इलेक्ट्रिक वर्क, इंटीरियर डेकोरेशन, प्लंबरिंग, कार्पेंटर का काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर सभी गाड़ियों का प्रवेश बंद नहीं है। मालवाहक ट्रकों का प्रवेश सात दिसंबर तक बंद रहेगा। सीएनजी-इलेक्ट्रिक ट्रक दिल्ली आ सकते हैं। करीब एक हजार इलेक्ट्रिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन है। इलेक्ट्रिक और सीएनजी ट्रकों को प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान का दूसरा चरण तीन दिसंबर को पूरा हो रहा है। इसका तीसरा चरण 15 दिन के लिए बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में 18 दिसंबर तक रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान का तीसरा चरण चलेगा। दिल्ली के अंदर स्कूल-कॉलेज खुल गए हैं। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के वर्क फ्रॉम होम को खत्म कर दफ्तरों को खोल दिया है। ऐसे में कर्मचारी आज से दफ्तर आ रहे हैं। प्रमुख कॉलोनियों में जहां पर कर्मचारी ज्यादा संख्या में रहते हैं, वहां से विशेष बस सुविधा शुरू की है। दिल्ली के अंदर आज से 14 मुख्य कॉलोनियों गुलाबी बाग, मयूर विहार फेस टू, मोतिया खान, शालीमार बाग ब्लॉक ए, तिमारपुर, हरी नगर, सेक्टर 3 द्वारका, निमडी कॉलोनी, अशोक विहार, सेक्टर 11 रोहिणी, कड़कड़डूमा, मॉडल टाउन फेस वन, विकास पुरी, पश्चिम विहार और वसंत कुंज की 14 कॉलोनियों से बस सुविधा शुरू की गई है।

## कश्मीर के मुद्दे पर भारतीय सांसदों ने पाकिस्तान को दिया मुंह तोड़ जवाब

**मैड्रिड।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) के 143वें सत्र में पाकिस्तान द्वारा रविवार को कश्मीर का मुद्दा उठाये जाने पर भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान के राष्ट्रीय असेम्बली के स्पीकर असद कैसर ने अपनी तकरीर में कश्मीर का मुद्दा उठाया जिस पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद विष्णु दयाल राम ने उत्तर के अधिकार का प्रयोग करते हुए उसका जोरदार खंडन किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री कैसर ने अपने संबोधन में भारत के खिलाफ निराधार एवं बेतुकी टिप्पणियां कीं। सत्र में बीजू जनता दल के सांसद भर्तृहरि मेहताब के नेतृत्व में एक छह सदस्यीय भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल मौजूद था। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ. संजय जायसवाल, डॉ. सस्मित पात्रा, श्रीमती पूनमबेन मदाम, श्री विष्णु दयाल राम और सुश्री दीया कुमारी शामिल थे। पाकिस्तानी असेम्बली के स्पीकर ने आईपीयू की लोकतंत्र एवं मानवाधिकार संबंधी स्थायी समिति की बैठक में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान के दुष्प्रचार को फैलाना शुरू किया जिस पर श्री विष्णुदयाल राम ने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए श्री कैसर के बयान का सिलसिलेवार ढंग से खंडन किया। बच्चों के यौन शोषण एवं उत्पीड़न के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भारत ने कुछ संशोधन पेश किये, जिन्हें स्वीकार कर लिया गया।

# सुप्रीम कोर्ट का सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर केंद्र से जवाब-तलब

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 'खतरनाक' वायु प्रदूषण स्तर के मद्देनजर निर्माण कार्यों पर रोक के बावजूद सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट (संसद एवं उसके आसपास निर्माण एवं पुनर्निर्माण परियोजना) का निर्माण कार्य जारी रहने से प्रदूषण बढ़ने के मामले में सोमवार को केंद्र सरकार से जवाब-तलब किया। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना, न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने सरकार से जवाब-तलब किया। दिल्ली में प्रदूषण के मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता आदित्य दुबे के वकील विकास सिंह द्वारा सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में निर्माण कार्य जारी रखने समेत कई मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के कारण वायु प्रदूषण की स्थिति और खराब हो रही है। उच्चतम अदालत द्वारा प्रदूषण रोकने के उपायों के तहत निर्माण कार्यों पर लगाए,अस्थाई प्रतिबंध के बावजूद सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर निर्माण कार्य जारी है। इस पर पीठ नाराजगी जाहिर करते हुए केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जवाब देने को कहा। पीठ ने केंद्र सरकार के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश सरकारों को एक बार फिर फटकार लगाते हुए कहा है कि प्रदूषण की इस आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जारी किए गए निर्देशों का पूरी तरीके से सख्ती से तत्काल पालन करें, अन्यथा उन्हें इसके लिए एक स्वतंत्र टास्क फोर्स गठित करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने संबंधित सरकारों से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि उन्होंने खतरनाक स्तर पर पहुंची। वायु प्रदूषण की स्थिति को तत्काल कम करने के लिए अब तक क्या-क्या उपाय किए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा है कि कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट इन दिल्ली एनसीआर द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अमल संबंधी तमाम जानकारियां हलफनामे के जरिए बुधवार तक शीर्ष अदालत के समक्ष पेश करें। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने दिल्ली और अन्य संबंधित राज्य सरकारों से यह भी बताने को कहा है कि निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध के कारण प्रभावित मजदूरों को उनके लिए बनाये गये कल्याण कोष से मदद करने की स्थिति क्या है।

**कथित तौर पर पहली विक्रेंद्रीकृत डिजिटल मुद्रा है जहां पीयर टू पीयर लेनदेन होता है बिना मध्यस्थ के**

# बिटक्वाइन को करेंसी के रूप में मान्यता देने का कोई प्रस्ताव नहीं : सीतारमण

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के पास देश में बिटक्वाइन को मुद्रा के रूप में मान्यता देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि सरकार बिटक्वाइन लेनदेन पर डेटा एकत्र नहीं करती है। क्या सरकार के पास देश में बिटक्वाइन को मुद्रा के रूप में मान्यता देने का कोई प्रस्ताव है के प्रश्न पर वित्त मंत्री ने कहा नहीं, सर। बता दें बिटक्वाइन एक डिजिटल मुद्रा है जो लोगों को बैंकों, क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं या अन्य तीसरे पक्षों को शामिल किए बिना सामान और सेवाओं को खरीदने और पैसे का आदान-प्रदान करने की अनुमति देता है। इसे 2008 में प्रोग्रामरों के एक अज्ञात समूह द्वारा एक क्रिप्टोकरेंसी के साथ-साथ एक इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली के रूप में पेश किया गया था। यह कथित तौर पर पहली विकेन्द्रीकृत डिजिटल मुद्रा है जहां पीयर-टू-पीयर लेनदेन बिना किसी मध्यस्थ के होते हैं। इस बीच, सरकार की योजना संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र में आधिकारिक डिजिटल मुद्रा विधेयक 2021 की क्रिप्टोक्यूरेंसी और विनियमन पेश करने की है।विधेयक में अंतर्निहित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए कुछ निजी क्रिप्टोकरेंसी को छोड़कर सभी पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया गया है, जबकि आरबीआई द्वारा आधिकारिक डिजिटल मुद्रा की अनुमति दी गई है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में, सीतारमण ने कहा, मंत्रालयों और विभागों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान पूंजीगत व्यय के रूप में 2.29 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह 2021-22 के 5.54 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान (बीई) का 41 फीसदी है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वास्तविक व्यय वित्त वर्ष 2020-21 में इसी व्यय की तुलना में लगभग 38 प्रतिशत अधिक है। अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे के निर्माण और उन्नयन के लिए पूंजीगत व्यय में तेजी लाने के लिए, भारत सरकार ने देश भर में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए 2020-2025 की अवधि के दौरान 111 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित बुनियादी ढांचे के निवेश के साथ राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन (एनआईपी) शुरू की थी। एनआईपी को 6,835 परियोजनाओं के साथ शुरू किया गया था, जो 34 उप-क्षेत्रों को कवर करते हुए 9,000 से अधिक परियोजनाओं तक विस्तारित हो गया है। उन्होंने कहा कि एनआईपी से परियोजना की तैयारी में सुधार, बुनियादी ढांचे में निवेश आकर्षित करने और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) भी 23 अगस्त, 2021 को सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्ति में निवेश के मूल्य को अनलॉक करने के लिए निजी क्षेत्र की पूंजी और बुनियादी ढांचा सेवाओं को वितरित करने की क्षमता को अनलॉक करने के लिए लॉन्च किया गया था। उन्होंने कहा, मुद्रीकरण आय को वापस गिरवी रखने की परिकल्पना की गई है। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा/ग्रीनफील्ड बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए। इसके बाद, उन्होंने कहा, गति शक्ति (इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान) को 13 अक्टूबर, 2021 को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में लॉन्च किया गया था।

## पेट्रोल और डीजल पर वैट भी कम हुआ

पेट्रोल और डीजल की कीमतों की जांच के लिए, केंद्र सरकार ने 4 नवंबर, 2021 से पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में क्रमशः 5 रुपये और 10 रुपये की कमी की है। जवाब में कई राज्यों की सरकारों ने पेट्रोल और डीजल पर वैट भी कम किया है। नतीजतन, पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में गिरावट आई है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एक अतिरिक्त उपाय के रूप में, भारत अपने सामरिक पेट्रोलियम भंडार से 5 मिलियन बैरल कच्चे तेल को छोड़ने के लिए सहमत हो गया है। उन्होंने कहा कि यह रिलीज समानांतर में और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अन्य प्रमुख वैश्विक ऊर्जा उपभोक्ताओं जैसे चीन गणराज्य, जापान और कोरिया गणराज्य के परामर्श से होगी।

# भारत जीत से चूका, न्यूज़ीलैंड की आखिरी जोड़ी ने मैच कराया ड्रा




एजेंसी < कानपुर
www.dailypioneer.com

लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा (40 रन पर चार विकेट) और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (35 पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की झोली में लगभग आ चुका पहला टेस्ट मैच सोमवार को कम रोशनी और आखिरी कीवी जोड़ी के संघर्ष के चलते हार जीत के फैसले के बिना ड्रा समाप्त हो गया। ग्रीनपार्क मैदान पर मैच के अंतिम दिन के पहले सत्र में भारतीय गेंदबाज को कोई सफलता नहीं मिली थी और मैच ड्रा की ओर खिसकता दिख रहा था मगर लंच और चायकाल के बीच मेजबान गेंदबाजों ने तीन अहम विकेट लेकर मैच को रोमांचक स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया जबकि चायकाल के बाद अश्विन और जडेजा ने सूझबूझ भरी गेंदबाजी कर मैच को भारत के पक्ष में पूरी तरह मोड़ दिया मगर पदार्पण टेस्ट खेल रहे रचिन रवीन्द्र 91 गेंदो पर 18 रनो की नाबाद पारी और 11वें नम्बर के बल्लेबाज एजाज पटेल (2 नाबाद, 23 गेंद) का विकेट भारतीय गेंदबाज अंत तक उखाड़ नहीं सके।

# संसद में कृषि कानून रद्द होना लोकतंत्र की जीत : मरकाम

## मोदी बहुमत के अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुए बनाया था तीनों कृषि कानूनों को

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





संसद के द्वारा कृषि कानून वापसी पर मुहर लगाने को कांग्रेस ने लोकतंत्र की विजय बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी बहुमत के अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुये तीनों कृषि कानूनों को बनाया था। जब अध्यादेश के रूप में कृषि कानूनों को केंद्र सरकार ने देश के किसानों और प्रबुद्ध वर्ग ने इन कानूनों को खेती, किसानी के लिये घातक बताया था लेकिन मोदी सरकार ने तब देश के आवाज की अनुसुनी कर जबरिया संसद में विधेयक लाकर कानून बनाया था। लोकसभा में मार्शलों के माध्यम से विपक्षी सांसदों को सदन से बाहर निकलवाया गया था। राज्यसभा में बहुमत न होते हुये भी सत्तारूढ़ दल भाजपा ने बिना बहस कराये, बिना मत विभाजन करवाये ध्वनिमत से विधेयक को पारित करवाया था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि लोकसभा में जब कृषि कानूनों को प्रस्तुत किया था तभी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था यह कानून देश के किसानों के खिलाफ है। मोदी सरकार यह कानून लाकर देश की खेती, किसानी को तबाह करना चाह रही है। एक दिन सरकार को यह कानून वापस लेना पड़ेगा। अंततः राहुल गांधी की बात सच साबित हुई और मोदी सरकार को तीनों कानूनों को संसद में रद्द करवाना पड़ा। तीन काले कृषि कानून के खिलाफ कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष एक साल से अटूट लड़ाई लड़ी जिसका ही परिणाम है कि अन्नदाता के ऊपर अत्याचार करने की सोच रखने वाली अत्याचारी सरकार को अपने गलत फैसलों को वापस लेने का निर्णय करना पड़ा है, ये अन्नदाताओं की जीत है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार यदि जनभावनाओं का कद्र कर इन कानूनों को नहीं बनाती तथा अध्यादेश को रद्द कर देती तो देश के किसानों को बड़ा नुकसान नहीं झेलना पड़ता। 700 से अधिक किसानों की मौतें नहीं होती। एक साल से अधिक समय तक देश एक अवांछित आंदोलन को नहीं झेलता। मोदी सरकार हमेशा ही अदूरदर्शी निर्णय लेकर जनता को परेशान करती है। नोटबंदी, जीएसटी, कृषि कानून जैसे निर्णयों से मोदी सरकार ने देश की जनता को परेशान किया है।

### चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक में जनसरोकारों के मुद्दों पर चर्चा हुई

आसन्न नगरीय निकाय चुनाव के लिये कांग्रेस की चुनाव घोषणा पत्र की महत्वपूर्ण बैठक राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में नगरीय निकाय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाने और कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया जाने जनसरोकारों के मुद्दों पर बिन्दुवार विस्तृत चर्चा हुई। नगरीय निकाय चुनाव 2021 चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री शिवकुमार डहरिया, मंत्री अमरजीत भगत, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र साहू, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू, संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा एवं प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री अमरजीत चावला विशेष रूप से उपस्थित थे।

# राज्य निर्माण से लेकर अब तक 21 साल में छत्तीसगढ़ी के साथ छल हुआ : शुक्ल

## छत्तीसगढ़ी माध्यम से शिक्षा देने का जो ऐलान सरकार ने किया था, उसे पूरा करे



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच ने रायपुर प्रेस क्लब में संगोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर प्रदेश भर से छत्तीसगढ़ी के लिए काम करने वाले लोगों ने मांग की कि प्राथमिक शिक्षा छत्तीसगढ़ी में हो। इसके लिए स्कूल-स्कूल, गांव-गांव जन-जागरण चलाया जाएगा। साथ ही सरकार से अपील भी की गई है कि छत्तीसगढ़ी माध्यम से शिक्षा देने का जो एलान सरकार ने किया था, उसे पूरा करें।

मंच के संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल ने कहा कि कैसे राज्य निर्माण से लेकर अब तक 21 साल में छत्तीसगढ़ी के साथ छल हुआ है। राज्य के नौकरशाहों ने सरकार को गुमराह करने का काम किया है। छत्तीसगढ़ी को छत्तीसगढ़ी भाषी प्रांत में शामिल नहीं करने के कारण हमें संघर्ष करना पड़ रहा है। सरकार को तत्काल प्राथमिक शिक्षा छत्तीसगढ़ी में देनी चाहिए। छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना की अध्यक्ष लता राठौर ने कहा कि सरकार ने घोषणा पर अमल नहीं किया, इसलिए हमें कोर्ट में जाकर लड़ाई लड़नी पड़ रही है। अब न्यायालय से अपना हक लेकर रहेंगे। वहीं पद्मअनूप रंजन पांडेय ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए लोगों को अपनी मातृभाषा के लिए एकजुट होना पड़ेगा। साहित्यकार संजीव तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार राम अवतार तिवारी, पूर्व संस्कृति सलाहकार अशोक तिवारी, साहित्यकार डा. सुधीर शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए न्यायधानी बिलासपुर से 10 युवाओं ने करीब 125 किलोमीटर की साइकिल यात्रा राजधानी रायपुर तक निकाली। युवाओं ने साइकिल यात्रा के जरिए लोगों छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति जागरूक किया। रायपुर पहुंचने पर साइकिल यात्रियों का रायपुर प्रेस क्लब में छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना के सेनानियों, साहित्यकारों, लेखकों और पत्रकारों ने स्वागत किया। साइकिल यात्रियों ने मुख्यमंत्री निवास जाकर छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई-लिखाई और सरकारी काम-काज की भाषा की मांग संबंधी ज्ञापन भी सौंपा।

# मुख्यमंत्री से मिलकर गरीब परिवार के होनहार छात्र योगेश साहू के लिए आईआईटी की पढ़ाई की राह हुई आसान

■ पढ़ाई के लिए 4 लाख रूपए की दी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहृदयता से गरीब परिवार के होनहार छात्र योगेश साहू के लिए आईआईटी बाम्बे में पढ़ाई करना अब संभव हो पाएगा। बलौदाबाजार जिले के भाटापारा निवासी छात्र योगेश साहू ने जेईई एडवांस की परीक्षा वर्ष 2021 में ऑल इंडिया रैंक (ओबीसी) 241 प्राप्त किया है। उनका दाखिला आईआईटी बाम्बे में हो रहा है। योगेश साहू के पिता गयाराम साहू वाहन चालक हैं। उनकी मासिक आय लगभग 12 हजार रूपए है। योगेश साहू ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर उन्हें अपने परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी दी थी।

योगेश ने बताया कि आईआईटी बाम्बे की फीस 4-5 लाख रूपए है, कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उनका परिवार यह भार वहन करने में सक्षम नहीं है। योगेश ने आईआईटी की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने योगेश को पढ़ाई के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया है। उन्होंने योगेश साहू को आईआईटी की पढ़ाई के लिए 4 लाख रूपए की राशि मंजूर की है। योगेश साहू ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि सत्र 2018-19 में उन्होंने हाई स्कूल परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। मुख्यमंत्री ने योगेश साहू को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी और पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### इमानुएल लकड़ा डीएसपी के पद पर पदोन्नत

**रायपुर।** राज्य शासन के गृह विभाग द्वारा निरीक्षक इमानुएल लकड़ा को विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदोन्नत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षक, कंपनी कमांडर, निरीक्षक रेडियो, रक्षित निरीक्षक और निरीक्षक एम संवर्ग को उप पुलिस अधीक्षक संवर्ग में निरीक्षक इमानुएल लकड़ा को उप पुलिस अधीक्षक के पद पर वेतन बैंड रूपए 15600-39100 ग्रेड वेतन रूपए 5400 (वेतन मेट्रिक्स-12 रूपए 56100-177500) में पदोन्नत किया गया है। इमानुएल लकड़ा के पदस्थापना संबंधी आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे।

# मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत 309 करोड़ की कुकिंग कास्ट एवं रसोईया मानदेय राशि जारी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रदेश के स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजना योजना के अंतर्गत 309 करोड़ 8 लाख रूपए की कुकिंग कास्ट और रसोईया मानदेय की राशि संबंधित विकासखण्डों को जारी कर दी है। इसमें 145 दिन के कुकिंग कास्ट और छह माह का रसोईया मानदेय जारी किया गया है।

मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत कवर्धा जिले को 9 करोड़ 67 लाख 60 हजार रूपए कांकेर जिले को 9 करोड़ 78 लाख 30 हजार, कोण्डागांव जिले को 9 करोड़ 74 लाख 30 हजार, कोरबा जिले को 13 करोड़ 68 लाख 50 हजार, कोरिया जिले को 7 करोड़ 18 लाख 40 हजार, गरियाबंद जिले को 8 करोड़ 36 लाख 90 हजार, गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही जिले को 3करोड़ 24 लाख 90 हजार, जशपुर जिले को 11 करोड़ 46 लाख 90 हजार, जांजगीर चांपा जिले को 11 करोड़ 48 लाख 30 हजार, शिक्षा जिला सक्ती को 8 करोड़ 17 लाख 80 हजार, दंतेवाड़ा जिले को 3 करोड़ 14 लाख 30 हजार, दुर्ग जिले को10 करोड़ 22 लाख 50 हजार, धमतरी जिले को 8 करोड़ 95 लाख 60 हजार, नारायणपुर जिले को 2 करोड़ 39 लाख, बेमेतरा जिले को 12 करोड़ 12 लाख 20 हजार, बलरामपुर जिले को 13 करोड़ 31 लाख 60 हजार, बलौदाबाजार जिले को 20 करोड़ 23 लाख 70 हजार, बस्तर जिले को 12 करोड़ 72 लाख 30 हजार, बालोद जिले को 7 करोड़ 59 लाख 90 हजार, बिलासपुर जिले को 19 करोड़ 97 लाख, बीजापुर जिले को 4 करोड़ 97 लाख 50 हजार, मुंगेली जिले को 11 करोड़ 29 लाख 20 हजार, महासमुंद जिले को 10 करोड़ 32 लाख 10 हजार, राजनांदगांव जिले को 18 करोड़ 17 लाख, रायगढ़ जिले को 16 करो? 94 लाख 10 हजार, रायपुर जिले को 17करोड़ 37 लाख 30 हजार, सुकमा जिले को 3 करोड़ 84 लाख 90 हजार, सरगुजा जिले को 11 करोड़ 20 लाख 60 हजार और सूरजपुर जिले को 11करोड़ 27 लाख 30 हजार रूपए की राशि का आवंटन किया गया हैं।

# नगरीय निकाय कांग्रेस चुनाव प्रचार-प्रसार समिति की घोषणा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहमति से नगरीय निकाय चुनाव 2021के लिए कांग्रेस चुनाव प्रचार-प्रसार समिति की घोषणा की है। समिति में इस समिति के अध्यक्ष नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया होंगे। मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री प्रेमसाय सिंह, मंत्री कवासी लखमा, मंत्री अमरजीत भगत, मंत्री गुरु रुद्र कुमार, मंत्री अनिला भेड़िया, मंत्री उमेश पटेल, सांसद दीपक बैज, सांसद ज्योत्सना महंत, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला प्रभारी दुर्ग गिरीश देवांगन, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, प्रदेश कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठक अरुण ताम्रकार, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पूर्ण चन्द्र पाढ़ी, प्रदेश एन.एस.यु.आई. अध्यक्ष नीरज पांडे, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक देवेंद्र यादव, विधायक अम्बिका सिंहदेव, विधायक उत्तरी जांगड़े, विधायक खेलसाय सिंह, विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक शिशुपाल सोरी, विधायक विक्रम शाह मंडावी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, प्रदेश कांग्रेस लोक-कला, संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलीप षाडंगी, पूर्व विधायक प्रत्याशी गोरे लाल बर्मन सदस्य है।




### कांग्रेस की चुनाव समिति

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल.पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहमति से नगरीय निकाय चुनाव 2021 के लिए प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की घोषणा की है। प्रदेश चुनाव समिति में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ चंदन यादव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव सप्तगिरि शंकर उल्का, मंत्री टी.एस. सिंहदेव, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री प्रेमसाय सिंह, मंत्री कवासी लखमा, मंत्री गुरु रुद्र कुमार, मंत्री अनिला भेड़िया, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अरुण ताम्रकार, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णचन्द्र पाढ़ी, प्रदेश एन.एस.यु.आई अध्यक्ष नीरज पांडे सदस्य होंगे।

### चुनाव समिति की बैठक आज

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में 30 नवंबर मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव 2021 हेतु गठित प्रदेश चुनाव समिति की दोपहर 12 बजे राजीव भवन रायपुर में बैठक आयोजित की गयी है।

# भाजपा सरकार के वक्त किसानों को नहीं होती थी दिक्कत : साय

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। इस दौरान साय ने कहा- प्रदेश में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, किसानों से धान की खरीदी बेहद आरामदायक तरीके से होती थी। किसी को समस्या नहीं आती थी। हम चाहते हैं कि प्रदेश कांग्रेस सरकार भी उसी तरह से धान खरीदी करे ताकि किसानों को समस्या ना आए। पंजीयन, बारदाने की कमी, रकबे के डिजिटल डाटा संबंधित शिकायतें हमारे पास आ रही हैं सरकार अगर इन समस्याओं पर ध्यान नहीं देती तो आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी किसानों के साथ सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगी।

विष्णुदेव साय ने बताया राज्य सरकार ने धान बेचने वाले किसानों की जमीन का डाटा डिजिटल रखना शुरू किया है। इसे लेकर पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराना होता है। खुद भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेता संदीप शर्मा के खेत से जुड़ा हुआ डाटा गड़बड़ है। इसमें सुधार को लेकर वह लगातार शिकायत कर रहे हैं, मगर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही। उन्हीं की तरह बहुत से ऐसे किसान हैं जिनकी जमीन संबंधित जानकारी गलत तरीके से अपलोड की गई है। ऐसे में जब वह धान बेचने के लिए जाएंगे तो परेशानी होगी।


### कांग्रेस को गरीबों की चिंता नहीं

विष्णुदेव साय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही की वजह से केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ से वापस ले लिया गया। राज्य सरकार ने अपने हिस्से के पैसे इस योजना के लिए नहीं दिए। सरकार गरीबों का हित नहीं चाहती वरना इस योजना के तहत 11 लाख से अधिक मकान प्रदेश में बनते, जिनसे गरीबों को छत का सहारा मिलता।

## सब्जी की खेती से हो रही लाखों की कमाई

# भुनेश्वर सिंह ने धान छोड़ सब्जी की खेती से लिया दोगुने से ज्यादा लाभ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन के उद्यानिकी विभाग के सहयोग एवं सलाह से किसान सब्जी की फसलों से अब अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे है। धान की खेती छोड़ सब्जी की खेती से कोरबा जिले के चौनपुर गांव के किसान भुनेश्वर सिंह ने दोगुना से ज्यादा लाभ कमाया है। खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने और बारह महीने रोजगार के साधन के रूप में विकसित करने का यह सबसे अच्छा उदाहरण बन गया है। कोरबा जिले के करतला विकासखण्ड के चौनपुर गांव के किसान भुनेश्वर सिंह ने अब अपनी सब्जी की खेती का रकबा दो एकड़ से बढ़ाकर 10 एकड़ कर लिया है और पिछले आठ-नौ महीने में ही उन्होंने पांच लाख रूपए से अधिक कमा लिये हैं। खुद भुनेश्वर बताते हैं कि अभी भी खेत में सब्जी लगी है और रबी का मौसम खत्म होते तक चार से पांच लाख रूपए की और आय होने की संभावना है। आमदनी बढ़ने से भुनेश्वर सिंह और उनके परिवार का जीवन स्तर भी सुधर गया है। भुनेश्वर सिंह के पास कुल 10 एकड़ खेत है। माली हालत ठीक नहीं होने के कारण वे पहले परंपरागत रूप से ही इस भूमि के कुछ हिस्से में धान की खेती करते थे। धान का उत्पादन कम होने के कारण उन्हें इससे कुछ खास फायदा नहीं हो पा रहा था। भुनेश्वर सिंह बताते हैं कि उद्यान विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन, तकनीकी सलाह और प्रोत्साहन से उन्होंने शुरू में दो एकड़ रकबे में सब्जी की खेती की। शासकीय योजनाओं के तहत उन्हें बरबट्टी, फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, करेला, भिण्डी जैसी सब्जियों के बीज मिनी किट मिले। डीएमएफ और अन्य शासकीय योजनाओं के समन्वय से खेत पर फेंसिंग, मल्चिंग और पॉवर स्प्रेयर भी उन्हें दिलाया गया। दो एकड़ में सब्जी की खेती से भुनेश्वर को धान की खेती से ज्यादा फायदा हुआ। इसने भुनेश्वर को सब्जी की खेती की तरफ मोड़ दिया। भुनेश्वर ने धान की खेती छोड़कर 10 एकड़खेत में सब्जी लगाना शुरू किया। फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, करेला, लौकी, बरबट्टी, भिण्डी, खीरा की खेती समयानुसार करके भुनेश्वर ने इसे स्थानीय बाजार में बेचा। सब्जी के थोक व्यापारी खेत से ही भुनेश्वर के द्वारा उगाई सब्जियों को अच्छे दामों पर उठा रहे हैं। पिछले साल भुनेश्वर ने सब्जी की खेती से दो लाख रूपए कमाए थे। इस साल 10 एकड़ में सब्जी की खेती की है समयानुसार एक सब्जी की फसल खत्म होने पर दूसरी फसल लगा देते हैं। अभी तक भुनेश्वर ने आठ-नौ महीने में ही सब्जी बेचकर पांच लाख रूपए से अधिक कमा लिए हैं। भुनेश्वर बताते हैं कि खेतों में लगी रबी मौसम की सब्जी से भी लगभग चार से पांच लाख रूपए की आय हो जाएगी।

# झारखंड से छत्तीसगढ़ ला रहे 60 बोरी अवैध धान जब्त

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप प्रदेश के किसानों से एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो रही है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर किसानों द्वारा सुगमतापूर्वक धान विक्रय के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां धान खरीदी के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री भगत ने राज्य की सीमाओं पर चैक-पोस्ट लगाकर अवैध धान के परिवहन पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए हैं। झारखंड से जशपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ ला रहे 60 बोरी अवैध धान को जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में संयुक्त दल द्वारा परिवहन करते हुए जप्त किया गया है।

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के निर्देश पर प्रदेश में अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए सभी सीमावर्ती चैक-पोस्ट पर 24 घण्टे निगरानी की जा रही है। इसके अलावा कच्चे रास्तों एवं पगडंडियों पर भी नजर रखी जा रही है। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, बिचौलियों, कोचियों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। अवैध धान के आवागमन पर रोक लगाने के लिए गोदामों का भौतिक सत्यापन करने सहित छापेमारी की कार्यवाही भी की जा रही है।

# जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा महोत्सव 2021 में खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

■ खिलाड़ियों ने कबड्डी, व्हॉलीबाल आदि खेलों में किया जोर आजमाइश

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विनित नंदनवार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन सुकमा द्वारा जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा महोत्सव 2021 का आयोजन मिनी स्टेडियम सुकमा में किया गया। जिसमें तीनों विकासखण्ड के 390 खिलाड़ियों ने खेलकूद, अकादमिक एवं सांस्कृतिक विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के अंतर्गत महिला खेलकुद प्रतियोगिता में बालिका व महिला वर्ग से 25 वर्ष आयु तक के प्रतिभागियों ने कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबाल, एथलेटिक्स, रस्सा कस्सी में भाग लिया। जबकि युवा महोत्सव 2021 के अंतर्गत 15 से 40 वर्ष व 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ग्रामीण युवाओं ने एकांकी नाटक, लोक नृत्य, लोकगीत, बांसुरी, तबला, हारमोनियम, भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुडी, गेड़ी दौड, फुगड़ी, चित्रकला, वाद विवाद, निबंध क्विज, खो-खो, कबड्डी, बस्तरिहा लोक नृत्य, पारंपरिक व्यंजन (छत्तीसगढ़ी) पारंपरिक वेशभुषा जैसे विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिला खेलकूद प्रतियोगिता एवं युवा महोत्सव 2021 की राज्य स्तरीय आयोजन रायपुर में 12 से 14 जनवरी 2021 को किया जाएगा।

**नगरपालिका अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने किया शुभारंभ–** जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा महोत्सव 2021 का शुभारम्भ सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष श्री जगन्नाथ साहू ने किया। इस अवसर पर उन्होंने युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सुकमा जिले के होनहार युवा साथी हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं। विगत तीन वर्षो में जिले में शिक्षा के साथ ही खेलकूद के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित किया गया। जिसका परिणाम है कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही जिले के खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेलों में झण्डे गाड़े हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम राज्य स्तर के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर भी गौरान्वित करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्रीकान्त कोराम, जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पुराणिक सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त खण्ड खेल प्रभारी और प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कन्या क्रमांक 2 में 28 नवम्बर को मनाया गया एनसीसी दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 जगदलपुर में संचालित 01 छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एवं 10 स्वतंत्र कंपनी क एनसीसी कडेट्स के द्वारा 28 नवम्बर 2021 को एनसीसी दिवस ध्वजारोहण मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कमांडर संदीप मुरारका एवं जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान विशेष अतिथि रिटायर्ड एयर फॉर्स अधिकारी मेजर रंजन मुखर्जी उपस्थित थे। संस्था की प्राचार्य श्रीमती सुधा परमार एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टनेंट हेमपुष्प लता के द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। साथ ही एनसीसी कडेट्स के द्वारा परेड का प्रदर्शन कर विभीन्न रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी साथ ही मुख्य अतिथि के प्रभावी उतबोधंन दिया, एवं महत्वपूर्ण जबकारी दे कर एनसीसी दिवस मनाया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम 01 छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल वीएसएम (विशिस्ट सेवा मैडल) संजय चावला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में सूबेदार नंदकिशोर, हवलदार अजय कुमार, श्रीमती जैमवती ठाकुर, तथा संस्था के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पद हेतु 10 तक आवेदन आमंत्रित

**नारायणपुर।** कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नारायणपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता/सहायिका/मिनी कार्यकर्ताओं के पद नियुक्ति किया जाना है जिसके तहत् ग्राम पंचायत गरांजी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद, और करमरी पंचायत में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद पर नियुक्ति हेतु 10 दिसंबर 2021 संध्या 5:30 बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय नारायणपुर में सीधे अथवा डॉक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जावेगी। आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो मान्य किया जावेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं अथवा 11वीं बोर्ड तथा आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड उत्तीर्ण होनी चाहिए। उक्त ग्रामों में कोई आवेदिका न मिलने पर कार्यकर्ता पद हेतु शैक्षणिक योग्यता शिथिल मानकर दसवीं बोर्ड रखी जावेगी। इस अनुसार भी आवेदिका न मिलने पर पुनः शिथिल मानकर आठवी बोर्ड एवं इसके उपरांत भी आवेदिका न मिलने पर पांचवीं बोर्ड उत्तीर्ण रखी जावेगी। सहायिका पद में भी शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदिका न मिलने पर शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रावधान शिथिल कर कम शैक्षणिक योग्यता के आवेदन पत्र पर भी विचार किया जावेगा।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



विगत दिवस नदी पार ग्राम पंचायत पाहुरनार,चेरपाल, कौरगांव एवं तुमरीगुंडा के दिव्यांगजनों हेतु 29 नवम्बर 2021 सोमवार को ग्राम पंचायत भवन, छिंदनार के सामने स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 150 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिसमें से 42 दिव्यांगजनों का मेडिकल प्रमाण पत्र शिविर स्थल पर ही जारी किया गया। शिविर में आये 02 दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल, 03 दिव्यांगों को व्हील चेयर, 09 वृद्ध हितग्राहियों को हैंड स्टिक, 03 हितग्राहियों को बैसाखी, 03 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया है। इसी प्रकार कोविड टीकाकरण-13, रक्त परीक्षण-27, नेत्र परीक्षण-14, नाक-कान-गला-22, एलोपैथिक औषधि वितरण-44, आयुर्वेदिक औषधि वितरण-110 हितग्राहियों को किया गया। इस अवसर पर नदी पार तुमरीगुण्डा क्षेत्र से जनपद सदस्य विजय मंडावी जी, सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव, जिला चिकित्सालय से मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक दल, संतोष टोप्पो, उप संचालक समाज कल्याण दंतेवाड़ा, डॉ. सुनीता अग्रवाल, प्रभारी जिला शारीरिक पुनर्वास केंद्र दंतेवाड़ा, एस. एल. सलाम, समाज शिक्षा संगठक गीदम, श्रीमती पूनम जयसिंघानी बी.आर.पी. राजीव गांधी शिक्षा मिशन गीदम, वरिष्ठ लिपिक लुकेश कुमार वर्मा, तथा शासकीय औषधालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, छिंदनार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# आगामी निकाय चुनावों में होने वाली हार के डर का बहाना दूंढने में लगे है पूर्व विधायक महेश गागड़ा : लालू राठौर

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के ज़िला अध्यक्ष लालू राठौर ने पूर्व विधायक महेश गागड़ा के चुनाव आचार सहिंता उल्लंघन के आरोपों को सिरे से ख़ारिज करते हुए कहा कि पिछले पंद्रह सालों तक लगातार ज़िला प्रशासन का दुरुपयोग करने वाले पूर्व विधायक महेश गागड़ा ने स्वयं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है वे स्वयं भैरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर पूर्व सांसद दिनेश कश्यप को बुला कर बिना प्रशासन के अनुमति से पार्टी की बैठकें और सभा कर रहे है और पार्टी सम्बन्धी गतिविधियाँ भी संचालित कर रहे है जो आदर्श आचार सहिंता का सीधा सीधा उल्लंघन है। भाजपा और पूर्व विधायक महेश गागड़ा के पास ऐसा कोई मुद्दा है ही नहीं जिसे लेकर वे लोगों के पास वोट माँगने जाए इसीलिए वे अपनी हार से बचने के लिए रोज़ नए नए बहाने ढूँढने में लगे हुए हैं। क्षेत्र की जनता भाजपा और भाजपा नेताओं के झूठ, जुमले, बहाने और अफ़वाहों को अच्छी तरह समझ चुकी है यही वजह है कि लोग भाजपा को पूरी तरह नकार चुके है। प्रदेश में जब से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है तब से कांग्रेस पार्टी, प्रदेश के मुखिया व किसान पुत्र भूपेश बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी के नेतृत्व में बीजापुर के लोगों में एक नया विश्वास और भरोसा जागा है। यही कारण है कि लोग लगातार कांग्रेस की नीति-रीति से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। अपनी जनाधार पूरी तरह खो चुके भाजपा नेता और पूर्व विधायक महेश गागड़ा इसे पचा नहीं पा रहे है।



# आईटीबीपी के वाहन की चपेट में आया बाइक सवार



पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले से 25 किमी ग्राम सोनपुर के आवास पारा में आईटीबीपी की स्कोर्पियो की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया है। बता दें कि सोमवार की सुबह आईटीबीपी के जवान एक स्कोर्पियो वाहन में सवार होकर नारायणपुर की ओर आ रहे थे कि अचानक आवास पारा में एक मोटरसाइकिल सवार रैनु नुरेटी निवासी मुरनार स्कोर्पियो की चपेट में आ गया। तेज गति में आ रही स्कोर्पियो मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे रैनु नुरेटी गंभीर रूप से घायल हो गया है एवं स्कोर्पियो में सवार दो जवानों को मामूली चोट आयी है। गंभीर रूप से घायल रैनु नुरेटी को प्राथमिक उपचार के लिए नारायणपुर जिला अस्पताल लाया गया है जहाँ डॉक्टरों ने बताया कि रैनु का पैर टूट गया है एवं गंभीर चोट लगा है बेहतर उपचार हेतु घायल मरीज को रिफर किया गया है।

# सरपंच एवं ग्राम पंचायत सचिवों की हुई बैठक

**नारायणपुर।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने नारायणपुर और ओरछा विकासखंड के सरपंच और सचिवों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी को आगे आना है। इसलिए जरूरी है कि जिले के ऐसे अंदरूनी गांव जहां शासन की योजनाओं का लाभ पूरी तरह से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है, उन गांवों के लोगों को लाभान्वित किया जाये। बैठक में उन्होंने ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य, सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन सहित अन्य विषयों पर सुझाव मांगे। बैठक में कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी ग्राम पंचायतों में वैक्सीनेशन हेतु 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों की सूची बनायें और इसमें प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाने की भी जानकारी अंकित करें। उन्होंने कहा कि इस काम में अगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों या सरकारी अमले की जरूरत हो तो उसका भी सहयोग लेवें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पोषण चंद्राकर, एसडीएम श्री जितेन्द्र कुर्रे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर श्री घनश्याम जांगड़े उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा के तहत् अब ग्रामीणों की मांग के अनुसार गांवों में रोजगारमूलक कार्य संचालित किये जायेंगे।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए आगामी 01 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की शुरूआत की जाएगी। जिसके लिए जिले में सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार ने आज छिंदगढ़ विकासखण्ड अन्तर्गत धान खरीदी केन्द्र छिन्दगढ़, कोडरीपाल, पुसपाल, तोंगपाल, कुकानार, कुन्दनपाल, बिरसठपाल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नंदनवार ने नवीन धान उपार्जन केन्द्र कुन्दनपाल और बिरसठपाल में विभिन्न आधारभूत व्यवस्थाओं का अवलोकन कर धान खरीदी की समुचित व्यवस्था शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान धान खरीदी स्थल की पर्याप्त उपलब्धता, चबूतरों के स्थिति, एकत्रित बारदानों के साथ ही उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए तराजू की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्र में पहुंचने वाले कृषकों को व्यवस्थित रूप से टोकन वितरण एवं क्रमानुसार धान की खरीदी के लिए निर्देशित किया है, ताकि कृषकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सुव्यवस्थित तरीके से धान खरीदी की जा सके।

इस वर्ष जिले के पुराने 16 सहित 2 नवीन धान उपार्जन केन्द्रों कुल 18 के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। जिले में पंजीकृत कृषकों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए ग्राम कुन्दनपाल एवं बिरसठपाल में नवीन धान खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। सोमवार को कलेक्टर विनीत नंदनवार ने धान खरीदी केंद्र का अवलोकन कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने धान खरीदी हेतु बारदानों की व्यवस्था के साथ ही कोविड संक्रमण की तिसरी लहर को ध्यान में रखते हुए खरीदी के समय संक्रमण के रोकथाम हेतु समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन किए जाने के निर्देश दिए।

# राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत 2839 ग्रामीणों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को सहायता पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की है। योजना का क्रियान्वयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। योजना के तहत 1 सितम्बर से 30 नवम्बर तक राज्य के सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदन प्राप्त किए गए हैं। अब तक जिले में 2839 ग्रामीणों का पंजीयन योजना के तहत किया जा चुका है। 30 नवम्बर को आवेदन करने की अंतिम तारीख है। अतः हितग्राहियों से अनुरोध किया गया है कि योजना का फायदा लेने के लिए सम्बंधित ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत करें। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमिहीन परिवारों को पहचान कर उन्हें वार्षिक आधार पर आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध कराना है। पात्र हितग्राहियों को सालाना 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो हितग्राही के खाते में सीधे जमा करायी जाएगी। इस आर्थिक सहायता से हितग्राही की आमदनी बढ़ेगी और वह अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के ऐसे मूल निवासियों को मिलेगा, जिन परिवारों के पास कृषि भूमि नहीं है, ऐसे परिवारों में चरवाहा, बढई, लोहार, मोची, नाई, धोबी और पुरोहित जैसे पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा शासन द्वारा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे।

# दिल्ली में बस्तर के डॉ. राजाराम त्रिपाठी को मिला तिलका मांझी राष्ट्रीय सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के बस्तर के कृषि उद्यमी, देश के जुझारू किसान नेता, साहित्यकार तथा जनजातीय सरोकारों, कला संस्कृति, साहित्य की मासिक पत्रिका ककसाड़ के संपादक डॉ राजा राम त्रिपाठी को देश का प्रतिष्ठित तिलका मांझी राष्ट्रीय सम्मान-2021 गांधी पीस फाउंडेशन दिल्ली के सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में अट्ठाइस नवंबर को प्रदान किया गया। डॉ राजाराम त्रिपाठी को यह विशिष्ट सम्मान मुख्य अतिथि रेमन मैगसेसे पुरस्कार प्राप्त प्रख्यात गांधीवादी समाजसेवी राधा भट्ट , राज्यसभा सांसद दुष्यंत गौतम के कर-कमलों से वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार मिश्र, प्रसून लतांत, तथा देश की गणमान्य विभूतियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। दुष्यंत गौतम कहा कि ने घोषणा की कि देश में तथा भागलपुर में अमर क्रांतिकारी शहीद तिलकामांझी स्मारक बनेंगे ताकि नई पीढ़ियां उनके बलिदान को जानें और प्रेरणा ले सकें।।यह सम्मान देश के आदिवासी समुदायों की सेवा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण संवर्धन आदि उत्थान कार्यों में निस्वार्थ भाव से, लंबे समय से संलग्न संस्था अथवा व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। डॉक्टर त्रिपाठी पिछले तीन दशकों से देश के सघन वन क्षेत्र बस्तर के आदिवासियों के लिए विशेषकर युवाओं तथा महिलाओं के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। देश की कृषि तथा किसानों से संबंध समस्याओं, कृषि एवं ग्रामीण अर्थशास्त्र के वे गंभीर चिंतक तथा विशेषज्ञ माने जाते हैं। बस्तर के अपने खेतों को उन्होंने मानो प्रयोगशाला बना दिया है, जहां पर नित नई नई फसलों तथा कृषि नवाचारों पर शोध कार्य करते हैं। वह देश की वर्तमान किसान आंदोलन के सैद्धांतिक सूत्रधार माने जाते हैं किंतु उनका सरोकार विशुद्ध किसानों की समस्याओं पर ही केंद्रित रहा है। गांधीजी तथा विनोबा जी की विचारधारा से प्रभावित डॉ त्रिपाठी किसी भी प्रकार के दलीय राजनीतिक एजेंडे से सदैव पूरी तरह से दूर रहे हैं, और उन्होंने जनजातीय समुदाय देश की कृषि, पर्यावरण तथा जैव विविधता संरक्षण संवर्धन तथा विशेष रूप से देश की विलुप्त हो रही वनऔषधियों को बचाने के कार्य को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया है। अब तक सात लाख से अधिक पेड़ लगा चुके हैं।पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के कार्यों को देखते हुए इन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित ÷हरित योद्धा अवार्ड ( ग्रीन वारियर अवार्ड) से भी सम्मानित किया जा चुका है! उनके द्वारा विकसित की गई काली मिर्च की नई किस्म, जोकि अन्य सभी किस्मों से ज्यादा उत्पादन देती है तथा राजस्थान जैसे गर्म प्रदेशों में भी जिसकी भली-भांति खेती की जा सकती है, देश के 25 से अधिक राज्यों में किसानों के बीच बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसके अलावा उन्होंने स्टीविया अर्थात मीठी तुलसी ऑस्ट्रेलियन टीक इन्सुलिन प्लांट तथा सफेद मूसली की नई प्रजातियों को विकसित करने पर भी उल्लेखनीय कार्य किया है। उनकी इन्हीं उपलब्धियों के कारण उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ किसान का अवार्ड तीन बार दिया जा चुका है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR
CHHATTISGARH ISPAT BHUMI LIMITED**

Corresponding Address: C/o M/s. Classic Cycle Private Limited, In Front of M.J. Steel, Siltara PH.II Siltara Raipur (C.G.), Email: ciblraipur@hotmail.com

Ref No. CIBL/2021-22/ First Call/ 01 Date: 30/11/2021

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Open Tenders are invited in Form "E" (On item Rate Basis) from those contactors, registered, with any government or semi Government organizations for the following work:

| Name of Work | PAC in (Rs.) | Earnest Money (Rs) | Period of Completion | Class of Contractor / Cost of Tender Form | Validity of Offer |
|---|---|---|---|---|---|
| Construction & Maintenance of some existing Roads in Siltara Industrial Area Phase - 1 as per design drawing & specification with maintenance of road for coming three years from the date of completion on own cost and risk basis | 5,56,23,557/- | 5,56,000/- | 12 Months including rainy season | Open / 2,500/- | 30 days from date of Opening of financial offer |

The tender forms can be obtained from our registered office at Siltara Industrial Area by the payment for tender document fees of Rs. 2500/- from 30.11.2021 TO 08.12.2021 UPTO 4.00 p.m. (excluding Sunday) in office hours. Photocopied tender forms or tender forms obtained from any other sources will not be entertained. Tender Documents shall only be received by Speed Post or Registered (A.D.) and shall not be received by any other means like ordinary post or personal delivery before 16/12/2021 upto 16.00 hrs.

**MAHESH KAKKAR**, (Executive Director)

**श्री बालाजी इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, मोवा, रायपुर (छ.ग.)**

**// सार्वजनिक सूचना //**

श्री बालाजी इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मोवा, रायपुर (छ.ग.) में सत्र 2021-22 में प्रथम वर्ष एम.बी.बी.एस. में प्रवेश राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2021) के प्राप्तांक के आधार पर तैयार की गई प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) के अनुसार ही होगी।

■ 100% एम.बी.बी.एस. सीट में (150 एक सौ पचास), अभ्यर्थियों का प्रवेश, संचालक, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़, रायपुर के द्वारा आयोजित कॉउंसलिंग के द्वारा ही होगा।

■ श्री बालाजी इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कोई भी एजेंट या Third Party की नियुक्ति एडमिशन के संबंध में नहीं की गई है। एडमिशन की प्रक्रिया CGDME वेबसाइट में दिये गये नियमों के अनुसार होगा।

■ अभ्यर्थियों, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा की वेबसाइट CGDME में दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें।

■ प्रथम एम.बी.बी.एस 2021 में प्रवेश के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए वेबसाइट CGDM का अवलोकन करें।

**अधिष्ठाता
श्री बालाजी इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, मोवा, रायपुर (छ.ग.)**

# गांव के तालाब को निजी बताकर बेचा ग्रामीणों ने लड़ी हाइकोर्ट में न्याय की लड़ाई

## हाईकोर्ट ने बलौदाबाजार कलेक्टर को 90 दिवस के भीतर जवाब देने भेजा नोटिस

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा विधानसभा के अंतिम छोर पर बसे गांव लालपुर मे कुछ वर्ष पहले गांव के दबंगो के द्वारा ग्रामवासियो के निस्तारी हो रहे तालाब को अपनी राजनितिक रसूक और शासकिय कागजो से हेरफेर कर कृषि भूमि बताकर बेच दिया गया था। जिसे गांव के एक साहासिक नौजवान रवि यादव और ग्रामवासियो द्वारा जिस पर न्याय पाने के लिए आवाज बुलंद की। कलेक्टर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय एवं शासकीय कार्यालयो के चक्कर काट काट कर शिकायत की गई लेकिन कुछ प्रभाव नही पड़ा फिर मामले मे न्याय पाने के लिए हाइकोर्ट का शरण लिया गया। लगभग 1 साल तक मामला चलता रहा जिसके बाद हाईकोर्ट ने बलौदाबाजार कलेक्टर से मामले मे जवाब तलब किया। जिसमे 90 दिवस मे जवाब देने कहा जो कि एसडीएम कार्यालय मे प्रकरण चालू था और ग्रामीणो को सफलता मिली और तालाब वापस शासन के रिकार्ड मे शासकीय रूप मे दर्शित हुआ।

**वर्तमान एसडीएम की सक्रियता ने दिलाया ग्रामीणों को उनका तालाब** : एसडीएम लवीना पांडे द्वारा प्रकरण मे जांच किया गया। जिसमे सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन अनुसार 1951 के पुर्व निस्तारी वाली जो जगह है वो राज्य शासन मे निहित होगी। उसी गाइडलाईन का पालन करते हुए 1961 मे लालपुर का यह तालाब राज्य शासन मे निहित हो चुका था लेकिन उसका परिपालन पुर्ण रूप से नही किया गया था जिसके कारण निजी भुमि बताकर बेच दिया गया था जिसे हाईकार्ट के आदेश अनुसार सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन को मानते हुए 1961 मे तालाब को शासन मे निहित करने की कार्यवाही को पुर्ण किया गया। जिससे अब तालाब शासकिय संपत्ति कहलाएगी और ग्रामीण उसे निस्तारी के रूप मे उपयोग कर सकेंगे। लालपुर निवासी रवि यादव जो लगातार गांव के विकास मे अपनी लड़ाई लड़ रहे है उनका और ग्रामवासीयो को गांव की संपत्ति बचाने मे सफलता मिली ।



### पंचायत की निष्क्रियता ने तालाब को बना दिया निजी

लालपुर ग्राम के तालाब के बारे मे पंचायत और उसके जनप्रतिनिधी पूरी तरह से जानते थे लेकिन उनकी मिली भगत के चलते खुले आम तालाब को कृषि भूमि बनाकर बेच दिया गया। शासकिय कागजो के साथ हेरफेर करना और ग्राम वासियो के साथ धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज होना। वर्तमान सरपंच, सचिव और पटवारियो के अपराधिक कृत्य का क्षम्य न कर उनको संवैधानिक धाराओ के अंतर्गत कानून गिरफ्त मे लाना चाहिए जिससे इस तरह की हरकत करने से जनप्रतिनिधी सौ बार सोंचे।

# 103 गांवों के कोटवारों को बुलाकर अनेकों विषयों में चर्चा की गई

**कोटवारो को दिये गए दिशा निर्देश साथ ही किया गया सम्मान**



पायनियर संवाददाता खरोरा
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार खरोरा थाना अंतर्गत आने वाले 103 गाँवों के कोटवारों को थाना में बुलाकर अनेकों विषयों में चर्चा की गई । वही गांव में बाहर से आने वाले व्यक्तियों की जानकारी, गांव में होंने वाले किसी भी विवाद की तुरंत जानकारी देना , गांव में किसी भी प्रकार से होने वाले गैरकानूनी कार्य की जानकारी, किरायेदारों की जानकारी, बढ़ते साइबर क्राइम की जानकारी, देने समेत अनेक विषयों पर चर्चा की गई । इसके साथ ही सभी कोटवारों का सम्मान किया गया व विशेषकर भैसा कोटवार, मांदाडीह, कोसरंगी व अडसेना कोटवार को हमेशा गांव में सजग रहने, अनुशाशन में रहने के लिए सम्मानित किया गया । इस अवसर पर खरोरा तहसीलदार रीमा मरकाम, थाना प्रभारी रमेश मरकाम मौजूद रहे, जिन्होंने भी उचित दिशानिर्देश दिए । इसके साथ ही कोटवारों को भोजन भी कराया गया ।

# ग्राम गणेशपुर मे अवैध हाथ भट्टी महुआ 25 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम गणेशपुर की एक महिला राजकुमारी मसीह अपने घर में बाहर हाथ भट्टी महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखी है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के घेराबंदी कर रंगे हाथ पकड़े जिनके ब्जे से 15 लीटर एवं 5-5 लीटर के जरकिन में कुल 25 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब को मुताबिक जब्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपिया राजकुमारी मसीह पति जयवंत मसीह उम्र 55 वर्ष ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा का कृत्य अपराध घटित करना पाए जाने से गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपिया राजकुमारी मसीह को न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया उक्त कार्रवाई में थाना सिमगा स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



### 17 दिसम्बर को नगर में निकलेगा बाबा जी की शोभायात्रा

**बलौदाबाजार।** रविवार को शहर के गार्डन चौक स्थित महंत नयन दास महिलाग स्मृति स्थल में सतनामी समाज बलौदा बाजार के द्वारा गुरु घासीदास जयंती एवं शोभा यात्रा मनाने बैठक आहुत किया गया जिसमें समाज प्रमुखों द्वारा निर्णय लिया गया की 17 दिसंबर को बलौदाबाजार शहर में बाबा गुरु घासीदास के संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिए 17 दिसम्बर को भव्य शोभा यात्रा तत्पश्चात 18 दिसंबर को पालव चडाव कार्य क्रम किया जायेगा। उक्त आवसर पर नरेंद्र बजारे, राज कुमार पात्रे, जितु नवरंगे, आनंद घितलहरे श्याम रतन कुरै भागलाल कौशले, अगद खुटे, राजू टंडन, निक्कु टंडन, अश्वनी लहरे, धरम चन्द नवरंगे, नरोत्तम बघेल, महेश घितलहरे, मोहन सोनकर, शांति पात्रे, गणेश बघेल, ब्रम्हा नद मारखंडे, देवेन्द्र चतुर्वेदी, मदन सिह डहरिया, केदार डहरिया आदि समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मण्डी निरीक्षक भर्ती परीक्षा में 507 अनुपस्थित, 2176 ने दी परीक्षा

■ नेत्रों से दिव्यांग एक व्यक्ति ने भी दी परीक्षा

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




व्यापम द्वारा आयोजित मण्डी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक की भर्ती परीक्षा में आज यहां 2176 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। जिले में आयोजित परीक्षा में बैठने के लिए कुल 2683 लोगों ने पंजीयन कराये थे, लेकिन 507 उम्मीदवार विभिन्न कारणों से परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर श्री सुनील जैन के मार्गदर्शन में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हुई। गौरतलब है कि इस परीक्षा के लिए बलौदाबाजार में 6 और भाटापारा में 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सवेरे 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक तीन घण्टे इन केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न हुई। स्थानीय गुरुकुल स्कूल में एक नेत्रों से दिव्यांग व्यक्ति ने भी परीक्षा दी। नियमानुसार उन्हें प्रश्न पत्र हल करने के लिए आधे घण्टे का अतिरिक्त समय दिया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा शाखा की प्रभारी श्यामा पटेल तथा फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी एवं डीईओ सीएल ध्रुव ने कई परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### एक दिसम्बर गुरु पर्व को गिरौदपुरी धाम में दीप प्रज्वलन और महाआरती : धर्मेन्द्र रात्रे

**बलौदाबाजार।** सतनामी समाज बलौदा बाजार के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र रात्रे ने बताया कि 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक चलने वाला गुरूपर्व दिसम्बर माह का शुरूवात समाज मे एकता व सुख समृद्धि के लिए 1151 दीप जलाकर महाआरती का आयोजन सतनामी समाज छत्तीसगढ के युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष दीपक मिरी जी के आह्वान पर कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुशील जांगड़े व सूरज भारती के व्दारा रखा गया। 01 दिसम्बर को गिरौदपुरी धाम मंदिर प्रांगण में सुबह 8 बजे प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित तथा मंगल भजन का कार्य म रखा गया है जिसमें आप सभी संत समाज सादर आमंत्रित हैं।

# पुलिस ने शराब दुकान के पास मुख्य मार्ग पर लगे ठेले-गुमटियों को हटाया !

पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

शराब दुकान पास सिनोधा मार्ग के किनारे और आसपास में अवैध रुप से ठेले लगाकार लोगों को शराब पीने के सामग्री बेचने के कारण मार्ग जाम होने के शिकायत पर तिल्दा-नेवरा टी.आई मोहसिन खान की पुलिस टीम द्वारा आज मदिरा दुकान नेवरा के पास लगे ठेलों को हटाया गया।ज्ञात हो शराब दुकान नेवरा के पास मुख्य मार्ग होने के कारण आवागमन बाधित होने की शिकायत पर कार्रवाई की गई । आसपास के लोग इसकी शिकायत पिछ्ले दिनों ही कि गई थी !जिससे आज थाना पुलिस ने नेवरा सिनोधा मार्ग पर लगे अवैध तरीके से संचालित ठेले गुमटियों को हटा दिया है और पुलिस ने साफ समझाईस देते हुए कहा है कि अगर मुख्य मार्ग के किनारे ठेले गुमटी अगर लगाए गए तो कार्रवाई की जाएगी..!



# बैटरी चोर दो आरोपी भेजे गए रिमांड पर!

पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

पुलिस ने बैटरी चोरी के आरोप में दो युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया पुलिस के मुताबिक प्रार्थी सौरभ अग्रवाल थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके हार्वेस्टर वाहन क्रमांक सीजी 04 एम.डब्ल्यू 1921 को 26.नव के रात्रि 09.30 बजे हार्वेस्टर चालक ने ग्राम नेवरा पुराना स्टेट बैंक के पास प्लाट में काम होने के बाद खडी कर हार्वेस्टर का कुछ सामान लेने सिमगा चला गया था। सामान लेकर रात्रि 10.30 बजे वापस आकर हार्वेस्टर बना रहा था रात्रि में करीब 11.00 बजे काम करने के बाद वहां से जा रहा था तब तिल्दा का गोलू सोनी वहां पर घूम रहा था। बीते दिन सुबह करीब हार्वेस्टर वाहन को ले जाने के लिये चालक आया तो देखा कि हार्वेस्टर में लगी बैटरी एक्साईड एक्सप्रेस कंपनी सफेद रंग कीमती 7500/रूपये नही थी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाना व गोलू सोनी के उपर संदेह के आधार पर रविन्द्र सोनी उर्फ गोलू एवं कार्तिक घृतलहरे को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आज दिनांक को लोहे के पाना से हार्वेस्टर की बैटरी चोरी करना तथा बैटरी और घटना में उपयोग किये गये पाना को मोनार्च स्कूल अग्रवाल राईस मिल के झाडियो के पास छिपाकर रखे हार्वेस्टर की एक नग बैटरी एवं पाना को बरामद जप्त किया गया तथा दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड भेजा गया ।



**राज्य सरकार की तीन साल की उपलब्धियों को बताया**

# बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफ जगजागरण पदयात्रा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार निगम मंडल छग शासन के सदस्य सतीश अग्रवाल की अगुवाई मे भाटापारा शहर के बजरंग वार्ड, मातादेवालय वार्ड, स्टेशन वार्ड, मेहता नगर, पं. दिनदयाल उपाध्याय वार्डो में केन्द्र सरकार की नाकामियों एवं बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफ जगजागरण पदयात्रा समस्त कांग्रेसजनो के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें सतीश अग्रवाल ने वार्डवासीयों एवं आमजनों को केन्द्र सरकार के सभी नाकाम नितीयों और लगातार बढ़ती महंगाई एवं छग सरकार के सफलतम 3 वर्षो की योजनाओं को बताया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छग किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मंडावी, न.पा अध्यक्ष प्रतिनिधी सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, जिला पंचायत सदस्य रमेश घृतलहरे, जनजागरण पदयात्रा प्रभारी ईश्वर सिंह ठाकुर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरी भृगु, प्रदेश उपाध्यक्ष पि.व. इंद्र साव, राजकुमार शर्मा, टीएन टीकरिहा, बुथ प्रभारी अरूण यदु, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अशोक ध्रुव, महामंत्री कमल ठाकुर, चंद्रशेखर चक्रधारी, रेवा पारप्यानी, आलोक मिश्रा, लक्ष्मी पांडे, सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे, न.पा. सभापति सिरिज जांगड़े, दीपक निर्मलकर, रोहित साहू, पार्षद रानी राजेन्द्र वर्मा, उषा चुंटे, समीर ध्रुव पार्षद प्रतिनिधी गैंदराम साव, शैलेन्द्र अहिवार, विक्की ठाकुर, एल्डरमेन गिरिश पारप्यानी, कुमारी जांगड़े, मनीष पंजवानी, संतोष सोनी, नानू सोनी, शरद खरे, महेन्द्र साहू अध्यक्ष सेवादल, भुवन ठाकुर, अशोक दारा साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष संतोश दाउ, विमल मानिकपुरी, महामंत्री प्रशांत गांधी, मुनीन्द्र साहू, सचिव नंदु यदु, डोमार सेन, सुशील वर्मा, किशन निर्मलकर, दासन दास बंजारे, रामाधार खूंटे, युवा कांग्रेस जिला महासचिव मुकेश हेंवार, जिलाध्यक्ष मजदूर कांग्रेस जग्गा राव, युवा कांग्रेस वि.स. अध्यक्ष मोहन निषाद, उपाध्यक्ष नरेन्द्र ब्रम्हणकर, राजदीपक पांडे, दीपक दुबे, संजय बघेल, रजनीकांत मंत्री, हेमंत उपाध्याय, सोनू पटाक, अजय यादव, हीरा नामदेव, प्रमोद बागवानी, जीतू शर्मा, अमरजीत सलूजा एवं समस्त कांग्रेसजन सैकड़ो की संख्या मे उत्साहपूर्वक उपस्थित रहें।

# छत्तीसगढ़ के सभी सांसद बारदानों के लिए केंद्र से मांग क्यों नहीं करते : गोपाल साहू

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com




इस सत्र धान खरीदी 1 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है जिसके लिए रोजाना 10 हज़ार गठान जूट बारदाननों की आवश्यकता होती है। यह बात केंद्र भली-भांति जानती है कि 5 लाख 25 हज़ार गठान की आवश्यकता छत्तीसगढ़ सरकार को है जिसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उचित माध्यम से पत्र प्रेषित कर विधिवत रूप से केंद्र की मोदी सरकार से विगत 12 नवंबर को ही खाद्य विभाग के द्वारा मांग किया गया था जिसके विरुद्ध आज तक 2 लाख 14 हज़ार बारदानें ही उपलब्ध हो पाया है जबकि केंद्रीय जूट कमिश्नर कोलकाता के माध्यम से बारदाने खरीदने की अनुमति छत्तीसगढ़ सरकार को मिली हुई है, किंतु अभी तक मात्र 86,856 गठान बारदाना ही मिल पाया है क्योंकि केंद्र सरकार यह भली-भांति जानते हुए भी कि छत्तीसगढ़ में सहकारी सोसायटीयों के माध्यम से विगत कई वर्षो से निरंतर धान खरीदी किया जाता है इसके बावजूद मोदी सरकार जानबूझकर अस्थिरता फैलाने के उद्देश्य से बारदानों की कृत्रिम अभाव पैदा किया जाता है। ताकि छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी सरकार को बदनाम किया जा सके जबकि दूसरी ओर छत्तीसगढ़ सरकार बिना राजनीतिक विद्वेष या पक्षपात किए सभी छत्तीसगढ़ के किसानों से समान रूप से धान ख़रीदतीं है चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो। उक्त बातें किसान कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने कही। साहू ने आगे कहा कि हम यह मांग करते हैं कि भाजपा के सभी 9 सांसद जो आज तक इस संबंध में मुंह तक नहीं खोलते मोदी से मांग क्यों नहीं करते कि हमें अपने मांग के अनुरूप बारदाना सप्लाई नियत समय पर किया जाए, जबकि बीच-बीच में समय-समय पर भाजपा के केंद्रीय पदाधिकारी एवं स्थानीय राज्य के पदाधिकारी गण सरकार को कोसने के अलावा कुछ नहीं करते यदि उन्हें किसानों का हित चाहिए तो केंद्र से दबाव डालें और मोदी सरकार से तत्काल बारदाना उपलब्ध करानें के लिए कहे यदि ऐसा नहीं करते तो क्यों ना मान लिया जाए कि भाजपाई सांसद, विधायक और क्षेत्रीय नेता केवल राजनीतिक रोटी संेकने के लिए ही इस तरह के प्रपंच रचते हैं जिससे छत्तीसगढ़ सरकार की बदनामी हो।

# सहा. शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना ही हमारा एकसूत्रीय लक्ष्य: मनीष मिश्रा

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

पलारी विकासखण्ड में सहायक शिक्षक फेडरेशन, ब्लाक इकाई पलारी के के द्वारा सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने के लिए शासन द्वारा बनाई गई समिति के बैठकों और फेडरेशन की आगामी योजना के विषय में आनलाइन बैठक सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रान्ताध्यक्ष मनीष मिश्रा, मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्वनी कुर्रे, कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन के जिला अध्यक्ष संजय कुमार यादव द्वारा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सचिव संत कुमार साहू जी सम्मिलित हुए थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पलारी ब्लाक सचिव चुरामन सिन्हा द्वारा उपस्थित प्रान्ताध्यक्ष, प्रान्तीय मीडिया प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिवत महोदय एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात पलारी ब्लाक कोषाध्यक्ष चुम्मन लाल साहू सर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को एक-एक करके आमंत्रित करते हुए उनका संक्षित परिचय प्राप्त किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन सहायक शिक्षक फेडरेशन की आगामी योजना,



कार्य विस्तार एवं ब्लाक के सहायक शिक्षकों के समस्यों के पर चर्चा हेत आयोजित किया गया था। सर्व प्रथम पलारी ब्लाक अध्यक्ष लोकनाथ सेन द्वारा बताया गया कि ब्लाक में पदस्थ सहायक शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं पर उच्च अधिकारियों से मिलकर चर्चा किया जायेगा। साथ ही रूके हुए कार्यो को पूर्ण कराने का प्रयास किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित संत कुमार साहू सर द्वारा कहा गया कि बलौदाबाजार जिले में फेडरेशन की सदस्यता तीव्र गति से चल रही है इसी क्रम में पलारी विकासखण्ड के भी अधिक से अधिक साथियों का फेडरेशन से जुड़कर हमें आगामी परस्थिति और आंदोलन के लिए तैयार रहना है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष संजय यादव द्वारा कहा गया कि बलौदाबाजार जिला फेडरेशन के हड़तालों और बैठकों में हमेशा आगे बढ़कर हिस्सा लेती है और आगामी समय में यदि हमारी मांग को पूरा नहीं किया जाता है तब उस स्थिति में होने वाले आंदोलन में हम सब बढ़ चढ़कर आंदोलन में भाग लेंगें और किसी भी स्थिति में अपनी मांग को पूरा करवाकर ही रहेंगे। ब्लाक पलारी के वरिष्ठ शिक्षक एवं प्रखर वक्ता श्रवण कुमार साहू सर द्वारा ब्लाक पलारी में वेतन विसंगति के लिए एक स्वर में एक साथ रहकर फेडरेशन की आगामी योजना के अनुसार आंदोलन में भाग लिया जायेगा। यदि वेतन विसंगति दूर नहीं किया गया तो हमें एक स्वर में इसका कड़ा विरोध करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित सहा. शिक्षक फेडरेशन के प्रान्तीय मीडिया प्रभारी अश्वनी कुर्रे द्वारा उपस्थित समस्त सहायक शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि फेडरेशन की एक सूत्रीय मांग वेतन विसंगति को दूर करना है। हमारी 1,09,000 की एकता और बड़ी संख्या बल को देखते हुए हमें तोड़ने और बरगलाने का बहुत ही प्रयास किया गया है और आगे भी किया जायेगा। पांच के जगह तीन वर्ष में पदोन्नति के लिए गये निर्णय एक सामान्य प्रक्रिया है यह हमारी मुख्य मांग नहीं है जो साथी इससे लाभान्वित होगें उनके लिए इसका स्वागत करते है लेकिन इससे हमारे कुछ साथी ही लाभान्वित होगें और एक बड़ी संख्या में सहायक शिक्षक पुनः छले जायेंगे। हमारी मांग और लड़ाई पुरे 1लाख 9 हजार सहायक शिक्षकों को हो रहे बड़ी आर्थिक नुकसान को दूर करने की है सहायक शिक्षक वेतन विसंगति को जड़ से समाप्त करने की है इस प्रकार के लोक-लुभावने निर्णयों से हमें विचलित नहीं होना है और हमारी संकल्प बद्धता को कम करना है।

यदि समस्त सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर नहीं किया गया तो मुख्यमंत्री के द्वारा मांगे गये 90 दिन के समय मे पश्चात एक बड़ी आंदोलन की तैयारी की हमारे द्वारा किया जायेगा। जो हमारी अंतिम लड़ाई होगी और अंतिम निर्णय आते तक जारी रहेगी। इसके पश्चात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रान्ताध्यक्ष मनीष मिश्रा द्वारा कार्यक्रम में जुड़े सहायक शिक्षक साथियों के प्रश्नों के जवाब दिये गए। उनके द्वारा बताया गया कि अब तक वेतन विसंगति दूर करने के लिए गठित समिति द्वारा बैठकों में क्या-क्या जानकारी दी गई एवं फेडरेशन द्वारा इसके लिए क्या फार्मूला दिया गया है।

# श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी में नेशनल फार्मेसी वीक का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी में नेशनल फार्मेसी वीक 2021 संजीवनी का आयोजन किया गया। नेशनल फार्मेसी सप्ताह 2021 की थीम ÷फार्मासिस्ट अन इंटीग्रल पार्ट ऑ? हेल्थकेयर÷ इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन द्वारा दी गई।

प्रधानाचार्या डॉ अंशिता गुप्ता सोनी ने कहा कि इस वर्ष नेशनल फार्मेसी वीक का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ भारत में फार्मासिस्ट की भूमिका और फार्मेसी क्षेत्र के प्रयासों को स्वीकार करना है और जानना है कि वे रोग के इलाज की रोकथाम और प्रबंधन में खुद को कैसे शामिल करते हैं। श्री एम.के. श्रीवास्तव, निदेशक, कैंपस ने अपने संबोधन में कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के स्तंभ हैं जो निर्माण से लेकर दवाओं के वितरण तक में शामिल हैं।

तीन दिवसीय गतिविधियों की शुरुआत पोस्टर प्रतियोगिता और कविता प्रतियोगिता के साथ हुई जहां छात्रों ने स्वास्थ्य प्रणाली में



फार्मासिस्ट की भूमिका को विस्तार से बताया। दूसरे दिन वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्रों ने टैबलेट कोटिंग, यूवी स्पेक्ट्रोमीटर, श्वसन प्रणाली, टैबलेट के अंतर्ग्रहण आदि को समझाते हुए विभिन्न वर्किंग मॉडल बनाए। अन्य प्रतियोगिताएं फार्मा क्विज और डांस प्रतियोगिता थीं। तीसरे दिन एनपीडब्ल्यू थीम पर रंगोली व एक्सटेम्पोर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतियोगिता का स्तर ऊंचा किया। एनपीडब्ल्यू का समापन समापन समारोह द्वारा किया गया जहां छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए सम्मानित किया गया। सभी संकायों और छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष महोदय डॉ. जे. के. उपध्याय ने संस्थान के निदेशक, प्रधानाचार्या व सभी स्टाफ और छात्रक्कछात्राओं को सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएँ दी।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हुआ कार्यक्रम, जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र-छात्राएं एवं आमजन

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



1-आजादी के 75 वी वर्षगांठ के मौके पर पूरे देश एवं प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में आज जिला प्रशासन द्वारा राज्य के ऐतिहासिक धरोहर रामवन पथ गमन मार्ग में विकासखंड कसडोल अंर्तगत ग्राम नंदनिया से परसदा तक पद यात्रा एवं तुरतुरिया में सामुहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गण समेत छात्र-छात्राएं,आमजन एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी सम्मलित हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से कसडोल विधायक शकुंतला साहू,छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा,पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी,जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू,उपाध्यक्ष ऋ त्विक मिश्रा,जनपद अध्यक्ष पलारी खिलेंद्र वर्मा, कलेक्टर सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला, डीएफओ विश्वेष कुमार, अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, पूर्व नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष गोपी साहू, नीरेन्द्र क्षत्रिय रूपेश ठाकुर, मनोज प्रजापति, सुभाष राव, खिलावन डहरिया समेत गांव के सरपंच सचिव अनेक जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहें।ग्राम नंदनिया से परसदा तक लगभग 1किलोमीटर पद यात्रा के दौरान छात्र छात्राओं ने स्वच्छता के नारे लगाएं। उसी तरह तुरतुरिया में मंदिर परिसर से लेकर आस पास मैदानो में जनप्रतिनिधियों, महिला स्व सहायता समूह के महिलाओ द्वारा श्रमदान किया।

सभी ने बढ़चढ़ कर परिसर में फैले हुए पालीथीन, डिस्पोजल को उठाकर व्यवस्थित जगह में डंप किए। कॉलेज के एनएसएस छात्रों ने पर्यटकों को स्वच्छता के बारे में आवश्यक जानकारी दी गयी। कलेक्टर जैन ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देतें हुए कहा की आजादी का अमृत महोत्सव तभी सफल होगा जब हम सभी मिलकर स्वच्छता पर ध्यान देंगे। कोविड ने स्वच्छता के बारे में हम सब को बहुत कुछ सिखाया है। पर हमें बेहतर कल के लिए अधिक स्वच्छता के साथ रहना होगा। उन्होंने आगें कहा की तुरतुरिया प्रदेश के प्रमुख आस्था का केंद्र है। इसकी स्वच्छता की जिम्मेदारी हम सब की है।

# धान का एक किस्त में 3000 रुपए समर्थन मूल्य देना चाहिए: सुनील केशरवानी

## जोगी कांग्रेस करेगा वादा निभाओ सत्याग्रह

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के द्वारा जिलास्तरीय बैठक बोढ़ला नगर में रखा गया । बैठक में अनेक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार अपने वादों से मुकर चुकी है। किसानों का एकमुश्त न समर्थन मूल्य की राशि मिल रही है ,न ही बिजली बिल हाफ आ रहा है। शराबबंदी की जगह जगह शराब की मंडी खोल दी गयी है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता की जगह उन्हें जगह जगह धक्का दिया जा रहा है। सविदा कर्मचारी को नियमतिकरण करने का वादा भी भूल चुके है । ऐसे कई वादे है जिसे सरकार ,सत्ता में आने से पहले किये थे उसे भूल चुके है । इन सभी वादों को पूरा करने के लिए वादा निभाओ सत्याग्रह किया जाएगा ,जिसमे मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम को प्रत्येक ब्लॉक में ज्ञापन दिया जाएगा ।बैठक में छात्र विंग के प्रदेश अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी , अनुजाति के जिलाध्यक्ष गणेश पात्रे ,ब्लॉक अध्यक्ष दलीचंद ओगरे ,वसीम सिद्की ,हिमांशु महोबे ,आशीष ठाकुर ,दिलीप सोनी ,मोनू ठाकुर , दिनेश झारिया ,कृष्ना परस्ते ,केवल चंद्रवंशी ,लालचंद साहू ,जलेश्वर बंजारे रफीक खान ,जगदीश बंजारे ,जे डी मानिकपुरी , आफताभ राजा ,खिलेशकांत बंजारे,हीरो जांग? ,महेश डिंडोरे ,जीवन यादव ,उत्तम बंजारे,अशरफ खान,नीलेश सोनी,अश्वनी, इकबाल खान , शिव चन्द्रवंशी ,जीतेन्द्र चन्द्रवंशी , राहुल चन्द्रवंशी, दसरू राम निषाद सहित जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# दो दिवसीय नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर के लिए सांसद मोहन मंडावी को दिया निमंत्रण



**दल्लीराजहरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 05 एवं 06 दिसंबर को होने वाले दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के लिए सांसद मोहन मंडावी को निमंत्रण देकर इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि 05 एवं 06 दिसंबर को दल्ली राजहरा में हाईटेक हॉस्पिटल के 10 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, ईएनटी, दंत रोग स्पेशलिस्ट डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। सांसद ने इस आयोजन की सराहना की एवं आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि दल्ली राजहरा में इस प्रकार के आयोजन भाजपा द्वारा समय समय में किया जाता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे, किसान मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मोनू चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कार्यकारणी सदस्य जसवांता नायक ,सुपसिंह कुरेटि उपस्थित थे।

# संसद के शीतकालीन सत्र में पहुंची कोरबा सांसद, कांग्रेस के प्रदर्शन में हुई शामिल

## क्षेत्र के मुद्दों को लेकर संसद में होगा सवाल: ज्योत्सय महंत

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर
www.dailypioneer.com

संसद के शीतलाकीन सत्र में कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए कांग्रेस व सहयोगी दलों के द्वारा संसद के गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन में शामिल रही। कांग्रेस व सहयोगी दलों की मांग रही है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून लाने के साथ-साथ उन किसानों के परिवार को मुआवजा देने की मांग की गई है जिनकी मौत किसान आंदोलन के दौरान हुई है। साथ ही तीनों काले कृषि कानून की चर्चा संसद में कराने सहित अनेक जनहित मुद्दों को लेकर विपक्ष ने अपनी आवाज बुलंद की है। कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि एक ओर मोदी सरकार सभी मुद्दों पर संसद में विपक्ष के साथ चर्चा कराने की बात कहती है वहीं दूसरी ओर बिना कोई चर्चा कराए बिल पर निर्णय ले लेती है, यह सरकार के दोहरे मापदंड को प्रदर्शित करता है। संसद में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान यूपीए की चेयर पर्सन सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी,



विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद अधीर रंजन चौधरी, प्रताप सिंह बाजवा व मनीष तिवारी, बस्तर साँसद दीपक बैज, फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, सहित अन्य नेता शामिल थे। कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में एसईसीएल के कोयला खदानों में हो रही लगातार हादसा के अलावा भूमिपुत्रों का मुदा व शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, सहित प्रदेश के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर में संविधान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय संविधान में प्रस्तावना हमारे संविधान की आत्मा है यह कहते हुए यशवंत कुमार सारथी, विशेष न्यायाधीश, सक्ती ने सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में आयोजित संविधान दिवस पर मुख्य अतिथि की आसंदी से सभी भैया बहनों , आचार्य परिवार व अधिवक्ता बंधुओं तथा आमन्त्रितजनों को भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन कराया। साथ ही ठेठ छत्तीसगढिया अंदाज में सबको छत्तीसगढ़ भूमि का सम्मान करते हुए अपने छत्तीसगढ़िया होने पर आत्मसम्मान का बोध कराया।उन्होंने विद्यार्थियों को देश के उज्ज्वल भविष्य होने का अहसास कराते हुए पठन-पाठन करते हुए देश के उच्च पदों को हासिल करने के लक्ष्य साथ कठिन परिश्रम करने का आग्रह किया।इस अवसर मुख्य वक्ता के रूप मंचासीन



उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चितरंजय सिंह पटेल ने भारत भूमि व भारतीय संविधान को आत्मसात कर बाबा साहब के समानता, समरसता व सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलकर सर्व समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्न शील रहने का आह्वान किया। विशिष्ट अभ्यागत विशेष लोक अभियोजक राकेश रोशन महंत, अधिवक्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिवार को संविधान दिवस की बधाई देते हुए भारत के संविधान को विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ठाकुर महावीर सिंह व मंचासीन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन के साथ समारोह का शुभारंभ किया।

# जनजागरण अभियान पदयात्रा दसवां चरण

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




मंत्री अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा 28 नवम्बर को बढ़ती मंहगाई एवं केंद्र सरकार की नाकामियों के खिलाफ जन जागरण अभियान पदयात्रा के तहत शहीद वीर नारायण सिंह चौक से गुप्ता चौक तक जनजागरण अभियान पदयात्रा निकाला गया और गुप्ता चौक में नुक्कड़ सभा की गई हैं। इस जन जागरण अभियान पदयात्रा व नुक्कड़ सभा को लक्ष्मी ध्रुव विधायक नगरी-सिहावा व प्रभारी विधायक बालोद जिला, महमूद अली जनजागरण अभियान प्रचार प्रसार प्रभारी पी सी सी रायपुर, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, चंद्रप्रभा सुधाकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालोद, शीबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका दल्ली राजहरा, कृष्णा दुबे राजहरा ब्लॉक जनजागरण अभियान प्रभारी, राजहरा ब्लाक संगठन प्रभारी केदार देवांगन ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रभारी महामंत्री विवेक मसीह व आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर ने किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय, प्रदेश व जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, महिला कांग्रेस, सेवादल, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग /अ जा प्रकोष्ठ/अल्पसंख्यक विभाग/आदिवासी कांग्रेस/ किसान कांग्रेस/खेल प्रकोष्ठ व समस्त विभाग/प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, नगरीय निकाय में कांग्रेस के पार्षदगण/ एल्डरमैन, कांग्रेसजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## शुभारंभ अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ

# संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के पदाधिकारियों ने शक्ति में ली परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के पदाधिकारियों ने 28 नवंबर को शक्ति शहर की हटरी धर्मशाला में अग्रवाल सभा के आतिथ्य में आयोजित बैठक में सहभागीता की, इस दौरान बैठक का शुभारंभ अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात संभागीय अग्रवाल महासभा की ओर से पदाधिकारियों में पूर्व महामंत्री दीपक मोदी, परिचय सम्मेलन के सह प्रभारी सुरेश मुरारका, नित्यानंद अग्रवाल, दिनेश मित्तल, मुरारका, प्रमुख रूप से मौजूद थे, तथा इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में संभागीय शिक्षण समिति के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, डीएम चैरिटेबल ट्रस्ट शक्ति के चेयरमैन लखन लाल अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी जुगमन्दर अग्रवाल, अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, अग्रवाल सभा शक्ति के पूर्व अध्यक्ष गोविंदराम कथूरिया प्रमुख थे, कार्य म का मंच संचालन करते हुए अग्रवाल सभा शक्ति के पदाधिकारियों ने विस्तारपूर्वक बैठक के विषय एवं परिचय सम्मेलन को लेकर जानकारी दी, आगंतुक



अतिथियों का स्वागत अग्रवाल सभा शक्ति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया, तथा परिचय सम्मेलन की बैठक के दौरान अग्रवाल सभा शक्ति के संजय रामचंद्र, रमेश अग्रवाल, मनोज गर्ग, मनीष कथुरिया,प्रकाश चंद्र अग्रवाल, अशोक खेतान, सहित अन्य सदस्यों ने अपने सुझाव दिए, साथ ही परिचय सम्मेलन को सार्थक बनाने हेतु सम्मेलन के दौरान समन्वय समिति का गठन करने तथा आपस में संबंध तय करने हेतु महासभा की ओर से भी पहल करने की बात कही, इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय करवाल महासभा के पूर्व महामंत्री दीपक मोदी, सुरेश मुरारका एवं नित्यानंद अग्रवाल ने कहा कि यह परिचय सम्मेलन समाज बंधुओं के लिए वैवाहिक संबंधों को तय करने का एक सशक्त माध्यम है, एवं इस सम्मेलन में हम सभी अधिक से अधिक संख्या में अपने विवाह योग्य बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करें, तथा सम्मेलन के माध्यम से आधुनिक तरीके से प्रत्याशियों का परिचय करवाया जाता है, पूर्व महामंत्री दीपक मोदी ने परिचय सम्मेलन के अवसर पर प्रकाशित होने वाली परिचय स्मारिका में भी समाज बंधुओं को अपने निजी, प्रतिष्ठानों के तथा संस्थाओं के विज्ञापन रूपी सहयोग करने तथा संभागीय अग्रवाल महासभा द्वारा स्थापित शिक्षण समिति, चिकित्सा समिति में भी अपने पूर्वजों की स्मृतियों में सहयोग करने का आग्रह किया, बैठक को संभागीय शिक्षण समिति के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए शिक्षण समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा परिचय सम्मेलन के आयोजन को वर्तमान समय में बेहतर बताया, बैठक को संबोधित करते हुए अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर में होने वाला परिचय सम्मेलन एक बेहतर आयोजन है, एवं हम सभी अधिक से अधिक संख्या में अपने बच्चों के बायोडाटा समय पूर्व इस सम्मेलन में प्रेषित करें ताकि इस सम्मेलन की सार्थकता हो सके, बैठक के दौरान दोपहर भोज का भी आयोजन किया गया जिसमें आगंतुक अतिथियों सहित शहर के समाज बंधुओं ने भोज किया, वही बिलासपुर महासभा के पदाधिकारियों ने जन सेवा समिति शक्ति द्वारा हटरी धर्मशाला में बनाए जा रहे अतिरिक्त कमरों एवं धर्मशाला की व्यवस्था के बारे में जन सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक खेतान से जानकारी प्राप्त करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं शहर के दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया, अग्रवाल सभा शक्ति द्वारा 28 नवंबर को आयोजित बैठक के दौरान आगंतुक पदाधिकारियों के अलावा अग्रवाल सभा सक्ती के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनीष कथूरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, संजय रामचंद्र, वरिष्ठ समाजसेवी लखन लाल अग्रवाल, जुगमंदर अग्रवाल, अग्रवाल सभा शक्ति के संरक्षक सुभाष चंद्र गर्ग, श्यामसुंदर सराफ, जन सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष अशोक खेतान, सीए नीरज अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल कालू, आलोक शराब बिल्लू, हरिश्चंद्र अग्रवाल कालू, मोंटू अग्रवाल, अधिवक्ता मनोज अग्रवाल, मनोज गर्ग, चमन अग्रवाल डीएम, मोहन अग्रवाल पत्रकार,गल्ला किराना व्यापारी संघ शक्ति के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल पत्रकार,अजय अग्रवाल अज्जू, हरिओम अग्रवाल सहित काफी संख्या में शहर के अग्रवाल सभा के पदाधिकारी/सदस्य एवं समाज बंधु उपस्थित थे।

# साहित्य मधुशाला ने किया ऑनलाइन कवि सम्मेलन,जुड़े देश विदेश से कवि

**सक्ती।** साहित्य मधुशाला की संस्थापिका उषा केडिया मैसूर ने 27 नव. को प्रथम ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भारत ही नही नेपाल से भी कवियों ने अपनी भागीदारी दी। अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने उषा केडिया को एवं सभी कविगन को अपनी शुभकामनाये प्रेषित की,कार्य म की शुरुआत किशोर धनावत (रायपुर छत्तीसगढ़)दीप प्रज्वलित कर की माँ शारदे की वंदना से कि साथ ही कविता क्या होती है रचना पढ़ी । नेपाल काठमांडू से जय प्रकाश जी ने बना कर गीत लब्बो पर बिठा लो खुद को कविता से मंच पर रंग बिखेरा। संगीता जी कोलकाता ने जगमग दीपों की लगी है क़तार गीत प्रस्तुत किया। चेन्नई से संजीव अग्रवाल ने भारत को सोने की चिड़िया क्यों कहते है उसकी व्याख्या के साथ दिवाली के मायने के साथ कल कल बहता जल गीत प्रस्तुत किया,दीपिका मिश्रा मिर्ज़ापुर आप ने माँ तूँ क्या है समझा नही पाती, लाल जोशी मैसूर ने एक झील शहर में एक तालाब था मेरे गाँव में एवं लड़क पन की दस्ता को सुनाया, सुलोचना जी धनावत रायपुर ने तुमसे होकर कर दूर माँ दिन रात, प्रेमलता अम्बिका पुर छत्तीसगढ़ ने जाने मन क्या ढूँढ रहा, नेपाल धरान से इंदू तोदी ने आत्मा ही परमात्मा व बिना माँ मायका अधूरा सुना मंच को करुण रस से भर दिया। महाराष्ट्र के वर्धा से जुड़े अनिकेत तपड़िया जी ने माँ भगवती व नारी शक्ति को प्रणाम करते हुए रोद्र रस से भरी कविता रानी लक्ष्मी बाई कविता का जीवन्त चित्रण किया, प्रमोद खीरवाल जी टाटानगर भगवान कृष्ण का बखान नज़रों के नशे से किया, सुधा जाजोदिया जी सीकर राजस्थान ने अग्रसेन के आदर्शों को बताते हुए आदमी के भीतर का मनुष्य खो गया कविता प्रस्तुत की, उषा जैन जी कोलकाता ने बच्चों के अंदर चल रहे अंतर्द्वंद पर अपनी कविता तुम मोन हो सुनाई।

संपादकीय

## दुग्ध उत्पादक भारत भारी घरेलू मांग

शुक्रवार को भारत के 'मिल्क मैन' वर्गीज़ कुरियन की जन्म शताब्दी थी। वे 'आपरेशन फ्लड' के जनक थे और उन्होंने डेरी फार्मिंग को भारत के सबसे बड़े टिकाऊ, आत्मनिर्भर तथा ग्रामीण क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार देने वाले उद्योग में बदल दिया है। लगभग 200 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन के साथ भारत दुनिया के दुग्ध उत्पादन का पांचवां हिस्सा पैदा करता है। हमारी प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 400 ग्राम है, जबकि दुनिया में यह प्रतिदिन लगभग 300 ग्राम है। इस क्षेत्र के सम्मानित ब्रांड आनन्द मिल्क यूनियन लिमिटेड का अमूल है जिसका प्रबंधन गुजरात सहकारी दुग्ध मार्केटिंग फेडरेशन करता है। इसने 'श्वेत क्रांति' में केंद्रीय भूमिका निभाई है। मिल्क मैन ने अपने पीछे गौरवपूर्ण विरासत छोड़ी है, पर वे एक व्यक्ति के रूप में बहुत दूरदर्शी थे। ऐसे में भारतीय डेरी क्षेत्र के समक्ष मौजूद अनेक चुनौतियों और विवादों पर गौर किया जाना चाहिए। भारत अभी दुनिया के सर्वोच्च दुग्ध-निर्यातक देशों में शामिल होने से बहुत दूर है क्योंकि हमारी घरेलू मांग बहुत है और अधिकांश उत्पादन उसे पूरा करने में लग जाता है। भारत भले ही दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर हो, पर केवल 10 राज्य कुल उत्पादन का दो-तिहाई से अधिक पैदा करते हैं। दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता के मामले में केवल नौ राज्य राष्ट्रीय औसत से प्रतियोगिता करते हैं। अधिकांश राज्यों में स्वस्थ सहकारी डेरी नेटवर्क का अभाव है। इन राज्यों के अधिकांश किसानों को उचित मूल्य नहीं मिलता है। यहां निवेश पर लाभ बढ़ाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। इनमें गायों की गुणवत्ता भी शामिल है। देशी गायों से उत्पादन विशिष्ट क्रासब्रीड गायों की तुलना में बहुत कम है। इसका जवाब क्रासब्रीडिंग है, लेकिन देश ने केवल 2019 में राष्ट्रव्यापी कृत्रिम इन्सीमिनेशन कार्यक्रम द्वारा इस दिशा में कदम उठाए हैं। लेकिन गायों के प्रति भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में बढ़ती संवेदनशीलता तथा इनके व डेरी उत्पादों के प्रति राष्ट्रवादी जुड़ाव को देखते हुए हमें क्रासब्रीडिंग पर गंभीरता से विचार करना होगा क्योंकि स्वदेशी किस्मों को प्रोत्साहित करना एक राजनीतिक आंदोलन बन गया है।

अमेरिका की तरह भारत में गाय जैसे मवेशियों का भारतीय जीवनशैली, राजनीति व संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। अमेरिका में दूध संबंधी व्यापक कानूनी ढांचा उपलब्ध है, जबकि भारतीय संविधान में गौ कल्याण पर स्पष्ट प्राविधान है। विभिन्न कारणों से दोनों देशों में गायों को राजनीति में विशेष स्थान प्राप्त है जो धार्मिक समुदायों व विचारधाराओं के बीच वर्तमान विविधताओं को अभिव्यक्त करता है। बूढ़ी गायों को वध के लिए बेचने के किसानों के अधिकार पर हिंदू बनाम मुस्लिम बहस होती है और ऐसे में किसानों की आजीविका के लिए बूढ़े मवेशियों के बजाय छोटे मवेशियों को प्राथमिकता देने में स्लाटर की भूमिका अनदेखी हो जाती है। स्कूलों के मिड डे मील में अंडों के बजाय दूध शुरू करने से दूध बनाम अंडों तथा शाकाहारवाद पर बहस शुरू हुई है। वर्तमान समय में दूध तथा डेरी उत्पाद एक दुहरे विवाद में घिर गए हैं। पीपुल्स फार द इथिकल ट्रीटमेंट आफएनीमल्स-पेटा न केवल अमूल से वेजेन दूध की दिशा में बढ़ने, बल्कि डेरी उद्योग में जानवरों के प्रति क्रूरता रोकने की मांग कर रहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली में दूध को शामिल कर एक 'श्वेत' तूफान पैदा करने की मांग भी हो रही है क्योंकि गरीबों को भी दूध पीने का अधिकार है।

# तालिबान के बदलने की उम्मीद नहीं

### विभिन्न विवरणों से स्पष्ट है कि तालिबान पर लगने वाले नियंत्रण अस्पष्ट व जोखिम भरे हैं जिससे उनको किसी पर भी हमला करने का अवसर मिल गया है।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



लगातार स्पष्ट होता जा रहा है कि तालिबान की सत्ता में दोबारा वापसी 1996-2001 में उनके व्यवहार की तरह रहेगी। तालिबान की पूर्व सरकार में महिलाओं को सभी क्षेत्रों से बाहर रखा गया था जिनमें रोजगार, शिक्षा तथा स्वास्थ्यरक्षा भी शामिल हैं। वे बिना 'नजदीकी' पुरुष रिश्तेदार की सुरक्षा में सार्वजनिक रूप से बाहर नहीं आ सकती थीं जिनमें पति, पिता, पुत्र या भाई शामिल हैं तथा उनको सिर से पैर तक बुर्का पहनना पड़ता था। लोगों को मनोरंजन तथा आनन्द उठाने के सभी साधनों से वंचित कर पूर्वाग्रहों से भरे जीवन में कैद कर दिया गया था। इसके साथ ही एक क्रूर अपराध दंड प्रणाली लागू की गई थी जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर मृत्यु दंड तथा चोरी के लिए हाथ-पैर काटने जैसे दंड शामिल थे। इस बार भी संकेत मिल रहे हैं कि धीरे-धीरे ऐसे ही नियंत्रण लगाए जा रहे हैं। एएफपी व बीबीसी के अनुसार मूल्य प्रोत्साहन व दुर्गुण निवारण मंत्रालय द्वारा हाल में जारी नए 'धार्मिक दिशानिर्देश' इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इनमें अफगानिस्तान के टेलीविजन चैनलों को अन्य बातों के साथ ही एसे नाटक व सोप ओपेरा दिखाने पर प्रतिबंध लगाया गया है जिनमें महिला कलाकार काम कर रहे हों। महिला पत्रकारों व प्रस्तुतकर्ताओं को पर्दे पर आने के समय इस्लामी हिजाब पहनना जरूरी कर दिया गया है। पैगंबर हजरत मुहम्मद या अन्य विशिष व्यक्तियों को दिखाने वाली फिल्मों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। शरीया सिद्धान्तों, इस्लामी कानून तथा अफगान मूल्यों के खिलाफ समझी जाने वाली फिल्में भी नहीं दिखाई जा सकती हैं। धर्म की निन्दा करने वाले कामेडी या मनोरंजन तथा अफगानों के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण वाले कार्यक्रमों को भी दिखाने पर रोक लगाई गई है।

इन नियंत्रणों को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है और विभिन्न व्याख्याओं के कारण तालिबान आदेश लागू करवाने वालों को किसी पर भी उसे अपराधी बता कर हमला करने का व्यापक अवसर मिल जाता हैं यह पहले ही संगीतकारों के साथ हो रहा है। हालांकि, तालिबान के पहले शासनकाल की तरह संगीत पर प्रतिबंध तो नहीं लगाया गया है, पर गायकों व संगीतकारों को परेशान किया जा रहा है। उनके संस्थानों पर हमले हो रहे हैं तथा उनके वाद्य उपकरणों को तोड़ा जा रहा है। वे भय में जी रहे हैं और उनमें से बहुत से लोगों ने देश छोड़ने का प्रयास भी किया है। यह भावना बढ़ रही है कि संगीत अफगान लोगों के जीवन से गायब हो जाएगा। यदि ऐसा होता है तो यह एक त्रासदी होगी। अफगानिस्तान में संगीत की जीवन्त परंपरायें रही हैं जिन पर भारतीय तथा ईरानी शास्त्रीय संगीत का प्रभाव रहा है। इसके साथ ही पिछले दिनों अफगानिस्तान में पॉप संगीत परिदृश्य उभर रहा था जिसमें एलेक्ट्रानिक व वाद्य संगीत के साथ ही नृत्य की धुनें तथा परंपरागत धुनें शामिल थीं।

> पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं तथा उन पर दूसरे तरीकों से भी दबाव डाला जा रहा है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से 153 मीडिया संस्थान या तो प्रभावी रूप से बंद हो गए हैं अथवा परिदृश्य से गायब हो गए हैं। महिलाओं की परेशानियां धीरे-धीरे तालिबान की पूर्व सरकार की तरह बढ़ने लगी हैं। काबुल के मेयर ने महिलाओं को घरों पर रहने के आदेश दिए हैं

अफगानिस्तान में वही न्याय प्रणाली फिर उभर कर सामने आ रही है जो तालिबान के पहले शासनकाल में थी। 25 सितंबर, 2021 को चार लोगों की लाशें हेरात शहर में सार्वजनिक स्थलों पर संदेश देने के लिए टांगी गई। इन पर अपहरणकर्ता होने का आरोप था और वे पुलिस की गोलीबारी में मारे गए थे। प्रांत के उप-गवर्नर मौलवी शीर अहमद मुजाहिर के अनुसार यह एक 'संदेश' था कि अपहरणकर्ताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसे एक विकृति या अपवाद नहीं माना गया। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि यह कदम तालिबान के संस्थापक मुल्ला नूरुद्दीन तुराबी के आदेश पर उठाया गया। तराबी कुख्यात मूल्य संवर्धन एवं दुर्गण निवारण विभाग के प्रमुख भी हैं जिसने तालिबान के पहले वाले शासन में कठोर नियम और कानून सख्ती से लागू किए थे। उन्होंने एपी के काठी गैनन को एक साक्षात्कार में बताया कि उस समय लागू किए गए दंड फिर लागू किए जाएंगे, हालांकि इनको सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'सुरक्षा के लिए हाथ काटना बहुत जरूरी' है और इससे अपराध रोकने में सहायता मिलती है। वर्तमान समय में अफगानिस्तान में मीडिया पर भारी दबाव है। सरकारी मीडिया व सूचना केंद्र के अंतरिम निदेशक कारी मुहम्मद यूसुफ अहमद ने 19 सितंबर, 2021 को 11 बिंदुओं वाले दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें इस्लाम से टकराव वाली या राष्ट्रीय व्यक्तित्वों का अपमान करने वाली सामग्री प्रकाशित न करने के निर्देश शामिल हैं। पत्रकारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सरकारी मीडिया कार्यालय से समन्वय बना कर खबरें तैयार करें। यह घोषणा मीडिया स्वतंत्रता पर भारी हमला है। इसके साथ ही पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं तथा उन पर दूसरे तरीकों से भी दबाव डाला जा रहा है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से 153 मीडिया संस्थान या तो प्रभावी रूप से बंद हो गए हैं अथवा परिदृश्य से गायब हो गए हैं।

ऐसा लगता है कि महिलाओं की परेशानियां धीरे-धीरे तालिबान की पूर्व सरकार की तरह बढ़ने लगी हैं। 7 सितंबर, 2021 को घोषित अंतरिम सरकार के 33 मंत्रियों में से एक भी महिला नहीं थी। इसके बाद जब 21 सितंबर, 2021 को मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 44 मंत्री बनाए गए, तब भी उनमें एक भी महिला नहीं थी। तालिबान प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने महिलाओं को बाद में मंत्रिमंडल में शामिल करने की संभावना जताई थी, पर उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं निर्धारित की थी। इसे देखते हुए तालिबान के दूसरे शासनकाल में पहले शासनकाल की तुलना में कोई उम्मीद नहीं पैदा होती है। दर्शकों में महिलाओं की उपस्थिति होने के कारण आईपीएल मैचों के दूरदर्शन से प्रसारण पर भी रोक लगाई गई। काबुल के मेयर ने महिलाओं को घरों पर रहने के आदेश दिए हैं और अपवादस्वरूप केवल उन महिलाओं को अनुमति दी गई है जिनके काम पुरुष नहीं कर सकते हैं। लड़कियों के स्कूलों के बजाय केवल लड़कों के सेकेंड्री स्कूल खोलने की अनुमति मिली है। तालिबान द्वारा नियुक्त काबुल विश्वविद्यालय के उप-कुलपति ने महिलाओं के परिसर में उस समय तक प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, जब तक उनके लिए 'सच्चा इस्लामी परिवेश नहीं प्रदान कर दिया जाता है।' ये ऐसे उदाहरण हैं जिनसे महिलाओं के प्रति तालिबान का दृष्टिकोण पूरी तरह स्पष्ट होता है। यह वर्तमान सरकार में महिला अधिकारों के लिए शुभ संकेत नहीं है। महिला मामलों का मंत्रालय बंद करने से तालिबान सरकार का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण सर्वाधिक स्पष्ट हो जाता है। इस मंत्रालय वाली इमारत में अब मूल्य संवर्धन एवं दुर्गण निवारण मंत्रालय खोला गया है। यह मंत्रालय तालिबान की पहले शासनकाल में भी था।

# सार्थक, सफल जीवन में प्रेम और ज्ञान का सुखद संयोग

**संजीव ठाकुर,**
चिंतक, लेखक,
रायपुर, छत्तीसगढ़



मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि %पाप से घृणा करो पापी से नहीं% फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं । इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं। अतः प्राचीन काल से मान्यता रही है कि सार्थक, सफल, एवं प्रेरणादाई जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान का समन्वय कारी सदुपयोग एक आवश्यक तत्व है, इसके अभाव में जीवन कितना सार्थक सफल और मार्गदर्शी नहीं हो सकता है।

## आसमान से मौत बरसाते ड्रोन

**गुइन डायर**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



फरवरी में मध्यपूर्व में वरिष्ठ अमेरिकी कमांडर तथा अमेरिकी मैरीन जनरल कीनिथ मैकेंजी जूनियर ने कहा था कि वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध क्वाडकाप्टर ड्रोन थोड़ी मात्रा में विस्फोटक ले जा सकते हैं और वे 'ईराक में इंप्रोवाइज्ड विस्फोटक उपकरणों के उभार के बाद सर्वाधिक चिन्ताजनक टैक्टिकल बदलाव' हैं। अब ड्रोन राजनीतिक हथियार भी बन गए हैं और इस मुद्दे पर स्थिति और खराब होने वाली है। दो सप्ताह पहले तीन क्वाडकाप्टर बगदाद के अत्यधिक सुरक्षित 'ग्रीन जोन' में घुसे और ईराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल कदीमी के घर पर हमला किया। दो ड्रोन मार गिराए गए, पर तीसरे ने कदीमी के घर के दरवाजे पर विस्फोटक गिराए जिससे कम से कम पांच सुरक्षा गार्ड घायल हुए तथा प्रधानमंत्री की कलाई में भी चोट लगी। यदि वे मर जाते तो वे ड्रोन में मारे जाने वाले पहले वरिष्ठ राजनेता होते, लेकिन ऐसा होना शायद किसी अन्य की किस्मत में है। लंबी दूरी के लाखों रुपये वाले ड्रोन एक दशक से अधिक समय से लोगों को रिमोट से मार रहे हैं, लेकिन ये बड़े विमान जैसे थे और भारी मात्रा में विस्फोटक ले जाने के साथ घनी शहरी बस्तियों से दूर रहते थे। पिछले साल आर्मीनिया के खिलाफ उन्होंने अजरबैजान की युद्ध जीतने में सहायता की थी जो किसी 'परंपरागत युद्ध' में उनका पहला निर्णायक प्रयोग था। लेकिन अब वे एकदम अलग काम करना चाहते हैं। जनरल मैकेंजी के अनुसार, 'मैं ऐसे ड्रोनों की बात कर रहा हूं जिनको आप किसी कास्टको में 1,000 डालर में खरीद सकते हैं।' यदि आपके पास परिष्कृत विस्फोटक उपकरण बनाने में सक्षम कुछ लोग हों तो आवश्यकतानुसार थोड़े बड़े ड्रोन खरीद लें जो दो या तीन किलो विस्फोटक ले जा सकते हों।

## फरमाया



**यह** सच है कि यह स्टार्टअप का युग है और यह भी सच है कि स्टार्टअप के क्षेत्र में भारत एक तरह से दुनिया में अग्रणी है।
– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**डब्ल्यूएचओ** द्वारा घोषित कोविड के नए प्रतिरूप को भारत में प्रवेश करने से रोकने के लिए हमें हर संभव प्रयास करने चाहिए। मैं प्रधानमंत्री से तत्काल प्रभाव से इन क्षेत्रों से उड़ानें बंद करने का आग्रह करता हूं।
– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**जब** किसानों के विरुद्ध केस वापसी मुद्दा अंतिम रूप तक पहुंचेगा, उस समय केंद्र क्या कहता है, हम उसी के अनुसार निर्णय लेंगे।
– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## स्वागतयोग्य निर्णय

**सरकार** द्वारा किसानों द्वारा धन और गेहूं की फसलों के अवशेष जलाने वाले किसानों पर मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान खत्म कर दिया। कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि किसानों के खिलाफ कोई भी पराली जलाने वाले मामलों में दंडात्मक कार्यवाही नही होगी। किसानों की पराली जलाने के मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग सरकार ने मान लिया है। इसके पहले किसानों के हित में सरकार ने तीनों कृषिकानूनो को वापस लेने की घोषणा किया था। सरकार किसानों के हितो को सर्वोपरि मानकर संसद में पारित कानून को वापस ले रही है। लेकिन किसान आंदोलन जारी रहना चिन्तनीय है।किसानों के कुछ नेताओं द्वारा हठधर्मिता की जा रही है। किसानों को भी अपने कृषि धर्म को निभाते हुये यंत्रीकरण से हो रहे नुकसान की ओर ध्यान देना होगा। जो पराली जलाकर पशुओं के चारे और पर्यावरण में प्रदूषण को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। उसके परिणामों का असर बढ़ता वायु प्रदूषण और किसानों का गम्भीर बीमारियों से ग्रसित होना है। आज कार्य मशीनों और खर पतवारों को भी नष्ट करने के लिये घातक रासायनिक दवाओं और फसल उत्पादन के लिये अंधाधुंध रासायनिक खादों का प्रयोग वायु जल और मृदा प्रदूषण को बढ़ाता जा रहा है।
– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

## कोरोना का नया वैरियंट

**देश** दुनिया में विगत समय की कोरोना महामारी की त्रासदी से कुछ राहत जरूर मिली थी। परन्तु फिर कोरोना के वेरियंट दस्तक देने की आहट से चिंता की लकीरों को बड़ा रहे है। समाचार पत्रों के आधार पर नए वेरिएंट की दहशत से ब्रिटेन ने 6 अफ्रीकी देशों से उड़ानों पर रोक लगाई।द. अफ्रीका में मिले नए वेरियंट बोत्सवाना बी.1.1.5298 की शुरुवाती रिपोर्ट्स बेहद चौकाने वाली है। द.अफीका के तीन प्रांतो में रोज़ मिलने वाले नए मरीजो अब 90 प्रतिशत केस इसी वेरियंट के है जो की 15 दिन पहले सिर्फ 1त्न थे। वैज्ञानिकों की चिंता की लकीरें कहती है कि अभी तक तेजी से फैलने वाला वेरियंट डेल्टा था। अब बोत्सवाना से कही देशो को नई लहर का खतरा मंडराने लगा। क्योंकि यह डेल्टा से 7 गुना तेजी से फैलता है। हालांकि राहत भरी बात यह भी है कि इस वेरियंट का एक भी केस भारत मे नही मिला है। खैर कोरोना महामारी ने हम सभी को हर परिस्थितियों में जीना जरूर सीखा दिया। परन्तु आने वाले खतरों को देखते हुए हमें पुनः सतर्कता पूर्वक , व कोविड की नियमो के अंतर्गत कोरोना की काली छाया से बचना होगा। अक्सर देखा गया है कि लोगों के मन में कोरोना का भय पूरी तरह समाप्त हो गया।
– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

## घटती सजगता

**एक** समय वो था जब कोरोना का नाम सुनते ही लोग डर से व्याकुल हो उठते थे लेकिन बात करे आज की तो डरना तो दूर लोग उसके अस्तित्व को ही झुठला रहे हैं। आज भले ही महामारी की तीव्रता कम हुई है लेकिन उसके प्रभावो से बनने वाली स्थितियां अभी भी बरकरार है। दरअसल लोग कोरोना प्रोटोकॉल्स की धज्जियां उड़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे है, गली, कूचों से महफिलो तक लोग महामारी की गंभीरता को नाकार रहे हैं। ग़ौरतलब है की आज लोग क्यूं कोरोना गाइडलाइन्स का पालन नहीं कर रहे हैं? शायद आपसी देखा देखी और बेवजह रोक टोक की वजह से, जो समाज की एक आम फितरत भी है। जब एक बड़ा तबका किसी चीज को नहीं मानता और करता है, तो उससे प्रभावित होकर एक बड़ी जनसंख्या वही चीज करने से हिचकीचती व शरमाती है। बात कुछ भी हो लेकिन ये नहीं भूलना चाहिए की कोरोना अभी अस्तित्व में है। हमें जितना हो सके इससे अपने और अपनों को बचाकर रखना है, आज स्थिति भले बेहतर है; लेकिन स्थिति को ठीक करना अभी बाकी है।
– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

# ग्राम पीपरछेड़ी में समिति प्रबंधक की लापरवाही से टोकन लेने मची भगदड़, महिलाएं हुई घायल, कलेक्टर के निर्देश पर हटाए गए प्रबंधक

### विकास-विश्वास के प्रतीक बन चुके कलेक्टर और एसपी दोनों पहुचे खरीदी केंद्र, प्रबंधक को लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com



1 दिसंबर से राज्य सरकार के निर्देश पर पूरे प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी चालू होनी है। वही जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में इसको लेकर तैयारियां की जा रही है साथ ही सोमवार को इसी के लिए 1 दिसंबर से शुरू होने वाले धान की खरीदी को देखते हुए टोकन दिया जाना था। जिसे लेकर बालोद ब्लॉक के ग्राम पीपरछेड़ी स्तिथ धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। जहां समिति प्रबंधक ने एक साथ चार गांव पीपरछेड़ी सहित भेंगारी, चारवाही और भेड़ियाँ नवागांव के किसानों को धान के टोकन के लिए बुला लिया था। जहां सुबह गेट खुलते ही भगदड़ मच गई और एक के ऊपर एक लोग गिर पड़े। जिसमें 10 से ज्यादा महिलाएं घायल हो गई। पूरे मामले की जानकारी लगते ही तत्काल मौके पर तहसीलदार सहित पुलिस के अधिकारी पहुंचे और किसानों से बातचीत कर व्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य किया गया। वही घायल महिलाओं को पास के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया। जो पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। मामले की जानकारी लगने के बाद मौके पर तत्काल बालोद कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार पहुंचे और उन्होंने प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई। कलेक्टर ने तत्काल रुप से प्रबंधक की लापरवाही को देखते हुए उसे हटाने के भी निर्देश दे दिए और उनकी जगह आगामी आदेश तक सहायक प्रबंधक को प्रभार दिया गया। वहीं कलेक्टर ने निर्देश दिया है कि सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों की बैठक से लेकर पानी की व्यवस्था और समुचित व्यवस्था हो। टोकन काटते समय कोई भीड़ की स्थिति ना हो अगर कोई लापरवाही पाई जाती है, तो तत्काल बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**कलेक्टर लगातार बैठकों में कर रहे निर्देशित**

धान खरीदी शासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे लगातार सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अव्यवस्थाओं को दूर करने दिशा निर्देशित कर रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने दो टूक में अधिकारियों को कहा है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जानी चाहिए। अगर बरती गई तो तत्काल कार्यवाही की जाएगी। और इसी के मद्देनजर पीपरछेड़ी खरीदी केंद्र में हुए भगदड़ के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को हटाने के निर्देश दे दिए। और आगामी आदेश तक सहायक प्रबंधक को प्रभार सौंपा हैं। इतना ही नही सोमवार की देर शाम कलेक्टर ने राजस्व, खाद्य, सीसीबी, पुलिस, मार्कफेड सहित प्रमुख विभागो की आवश्यक बैठक बुलाकर सभी को अव्यवस्थाओं को दूर करने कड़े शब्दों में कहा हैं।

### पुलिस कर्मियों की लगाई जाएगी ड्यूटी- एसपी

विश्वास के प्रतीक एसपी सदानंद कुमार में कहा कि 1 दिसंबर से धान खरीदी शुरू होने वाली है। तो पहले दिन व्यवस्था और लॉ इन ऑर्डर को बनाये रखने खरीदी केंद्रों में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके साथ ही सबको व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने निर्देशित भी किया जाएगा। एसपी ने आगे कहा कि एक पेट्रोलिंग टीम बनाकर खरीदी केंद्रों में मॉनिटरिंग भी करवाई जाएगी।

# सभी कोटवारों को ध्वनि विस्तारक यंत्र देने की घोषणा संसदीय सचिव बंजारे ने किया

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा तहसील कोटवार संघ के पदाधिकारियो सदस्यों ने छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं नवागढ़ विधानसभा के विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे के निवास में जाकर मुलाकात की, बेमेतरा तहसील संगठन द्वारा विभिन्न विषयों को लेकर ,जैसे नियमित मानदेय नहीं मिलना, प्रति वर्ष वर्दी सिलाई राशि नहीं मिलना, तीन वर्ष में एक बार गरम कोट देने ,तहसील के कोटवारों को ग्राम स्तर,पंचायत स्तर ,थाना स्तर ,तहसील स्तर पर राज्य सरकार का आदेश है की पूर्ण रूप से बेगारी बंद किया जावे इस आदेश को भी ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया, जिसका पालन नहीं हो रहा है, विभिन्न शासकीय आदेश जो कोटवारों के लाभ दिलाने के लिये राज्य शासन ने जारी किया है उसको पालन कराने सभी कोटवारों ने निवेदन किया व बेमेतरा तहसील कोटवार संगठन ने मांग पत्र भी सौंपा, जिस पर गुरुदयाल सिंह बंजारे ने सभी मांग पत्र को आगामी दिसम्बर 2021 विधानसभा सत्र में रखने कहकर का आस्वस्त किया, अन्तिम मांग पत्र में बेमेतरा तहसील अध्यक्ष द्वारा 1 और मांग पत्र संसदीय सचिव बंजारे को दिया कि तहसील के समस्त कोटवारों को माइक सेट लाउडस्पीकर देंवे मुनादी के लिये जैसे, पंडरिया विधानसभा के विधायक ममता चंद्राकर ने पंडरिया तहसील में सभी कोटवारों को माईक सेट लाउडस्पीकर पिछले माह प्रदान किया इस संबंध में संसदीय सचिव ने तत्कल नवागढ़ विधानसभा के समस्त कोटवारों को माईक सेट देने की घोषणा की, नवागढ़ विधानसभा में तीन तहसील के कोटवार आते हैं, बेमेतरा तहसील में 175 कोटवार, नांदघाट तहसील में 98 कोटवार,व नवागढ़ तहसील में 100 कोटवार ये तीनो तहसील के कोटवार नवागढ़ विधानसभा से है ये सभी कोटवारों को माईक सेट मिलेगा, जनवरी माह 2022 में नवागढ़ विधानसभा स्तरिय कोटवार सम्मेलन करने की भी घोषणा की उसी सम्मेलन में माईक सेट देने की घोषणा की, बेमेतरा तहसील के समस्याओं को लेकर संगठन ने संबंधित विभाग के उच्चधिकारियों व अखबार मीडिया में प्रकाशित किया गया था, जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह ने संज्ञान लेते हुए, बेमेतरा तहसील कोटवार संगठन को आने वाले 30 दिसम्बर 2021 को मुख्यमंत्री का नवागढ़ आने पर मुलाकात करवाने का आस्वासन दिया है व तहसील के सभी कोटवारों के नाम ग्राम व मोबाईल नंबर सहित लिस्ट मांगा था,संगठन ने पूरी लिस्ट बनाकर संसदीय सचिव को दे दिया गया है।

# एनसीसी डे का आयोजन शा. हाई स्कूल मटका में हुआ

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिले के ग्राम मटका शासकीय हाई स्कूल में एनसीसी दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कैडेट कोर प्रत्येक वर्ष नवंबर के अंतिम रविवार को एनसीसी दिवस के रूप में मनाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 छत्तीसगढ़ घुड़सवार रेजीमेंट एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल हरेंद्र तिवारी के आदेशानुसार जिले में घुड़सवार रेजिमेंट से संबंधित एक मात्र संस्था शासकीय हाई स्कूल मटका के एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया। एनसीसी डे का कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी प्रभात सिंह के निर्देशन में हुआ। उन्होंने एनसीसी डे के बारे बताया कि ग्राम मटका में स्थित पंचायत भवन एवं डाक घर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ ही कविता व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। एनसीसी की स्थापना 1948 में की गई थी और आज देश भर में एनसीसी के करीब 15 लाख केडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनसीसी एलुमनाई एसोसिएशन का भी शुभारंभ किया। इस संघ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व एनसीसी कैडेट के रूप में एसोसिएशन के पहले सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। एनसीसी के पूर्व कैडेटों को एनसीसी के साथ फिर से जोड़ने में सक्षम बनाने के लिए छात्र संघ की शुरुआत की गई है।

यह संघ एनसीसी उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगा और राष्ट निर्माण में सहयोग करेगा। एनसीसी विश्व की सबसे बड़ी यूनिफॉर्म फॉर से एनसीसी में कैडेट सामाजिक और सामुदायिक विकास के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। एनसीसी डे के अवसर पर शाला के प्राचार्य राज कुमार कोसले तथा शिक्षक एस के गायकवाड, जी एन शर्मा, प्रदीप राजपूत, अरुणिका दीवान, भारती सहित अन्य ने कैडेटों को शुभकामनाएं देते उज्जवल भविष्य की कामना किये।

# पच्चीस सौ रूपये में धान खरीदने वाला देश का पहला राज्य छत्तीसगढ़ : छाबड़ा

### 13 लाख रुपए के निर्मित कबीर कुटीर, उचित मूल्य की दुकान सहित बूढ़ादेव मंदिर निर्माण की दी सौगात

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत गोता में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि विधायक आशीष छाबड़ा थे, सर्वप्रथम अतिथिगणों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए, मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा के कर कमलों से कबीर कुटीर निर्माण कार्य 03 लाख, बूढ़ादेव मंदिर निर्माण कार्य 02 लाख रुपए सहित उचित मूल्य की दुकान निर्माण कार्य 08 लाख रुपए का फीता काट लोकार्पण कर दी विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों की सरकार है यहां की 80 प्रतिशत किसान हैं उनकी हित के लिए भूपेश सरकार लगातार काम कर रही है राज्य के 01 लाख करोड़ रुपए के बजट में 26 हजार करोड़ रूपये किसानों के खाते में सीधे दे रहे हैं सरकार बनते ही सबसे पहले कार्य कर्जमाफी और राजीव गांधी न्याय योजना के अंतर्गत 25 सौ रूपये में धान खरीदी किया इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश सरकार किसानों की सरकार है,देश की किसी भी प्रदेश में धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रूपये नही है समूचे देश में छत्तीसगढ राज्य पहला राज्य है जो धान की खरीदी 2500 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रही है,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है कि विगत ढाई वर्ष में प्रदेश के किसानों की आमदनी बड़ी है और किसान समृद्धि की राह पर आगे बड़े हैं। कोरोना काल में भी राज्य की आर्थिक स्थिति अन्य राज्यों से बेहतर रही। किसानों के खाते में पैसे डाले जाने से राज्य में व्यवसायों में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार पिछले वर्षों में अन्य राज्यों की तुलना में विकास की राह पर सबसे आगे हैं जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को छत्तीसगढ़ की सरकार पूरा कर रही है। गाँव, गरीब किसानों और मजदूरों के हित में सरकार द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं, छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसने किसानो को संकट से उबारने के लिए उन्हें सीधे मदद दी है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा करते हुए कहा कि आने वाले अगले वर्ष से किसानों को धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रुपए से बढ़कर 2800 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा धान का समर्थन मूल्य इससे प्रदेश में किसानो की आय बढेगी और आर्थिक रूप से सक्षम बनेगे इस योजना से प्रदेश के किसानों के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ, प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना राजीव युवा मितान क्लब योजना का उद्देश्य राज्य की युवा प्रतिभाओं को तराशना, उन्हें संगठित करते हुए उपयुक्त मंच प्रदान करना तथा उनकी ऊर्जा का उपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में करना है।इसमें प्रदेश सरकार ने 15 से 40 वर्ष के5 आयु वर्ग के युवाओं के लिए 13,269 नए क्लब बनाए जाएंगे।

# कारेसरा पीएचसी के अंतर्गत 30 गांवों में लगा शत् प्रतिशत टीका

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के साजा ब्लॉमक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कारेसरा सेक्ट र में आने वाले 33 में से 30 गांव के ग्रामीणों को शत् प्रतिशत टीका लगाने में स्वा स्य् प विभाग की टीम ने आज सफलता हासिल की है। यह सफलता टीके के प्रथम डोज को लगाने में मिली है। वोटर लिस्ट के अनुसार इन 30 गाँव में 18 वर्ष आयु वर्ग की कुल संख्या 23036 है जिसमें से 19,189 को प्रथम डोज का टीकाकरण पूर्ण कर लिया गया है और 7,681 न द्वितीय डोजभी लिया है। योग्यता लिस्ट में से 2874 लोगपलायन कर बाहर हैं और 656 लोगोंकी मृत्यु हो चुकी है। तीन सौ सत्रह लोग टीकाकरण के लिए शारीरिक रुप से अक्षम पाए गए है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह सफलता पाने में ब्हर-घर दस्तक'अभियान का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसमें लोगों को वैक्सीन लगवाने के फायदे बताए गए। कैंप लगाकर पूरे गांव में वैक्सीनेशन कराया गया। कई गांव के ग्रामीण व बुजुर्ग शुरुआती दौर में ग्रामीण वैक्सीन लगवाने से परहेज कर रहे थे जिसके बाद यहां के जनप्रतिनिधियों ने पंचायत के कर्मचारी व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ग्रामीणों द्वारा टीकाकरण न कराने का कारण जानने का प्रयास कर शंकाओं का समाधान किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कारेसरा के अंतर्गत आने वाले सभी 33 गावों के संस्था प्रभारी डॉक्टर रवि कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में कोरोना टीकाकरण महाभियान अंतर्गत घर- घर सर्वे कर टीकाकरण के लिए छूटे हितग्राहियों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ प्रदीप कुमार घोष ने बताया कारेसरा पीएचसी के प्रभारी डॉ. रवि वर्मा के नेत्तृ व में हर दिन 15 टीम में 90 लोग टीकाकरण दल बनाकर घर-घर पहुंच कर 100 प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्यर को हासिल किया। पीएचसी के अंतर्गत आने वाले गांवों के छूटे हुए लोगों का लाइन लिस्टप तैयार कर जिला प्रशासन के सहयोग से लोगों को प्रेरित कर टीका लगवाया गया। साजा ब्लॉक के कारेसरा सेक्टहर के ग्राम बोरिया, घिवरी, हरदास, किरकी, पदुमसरा, कन्हे रा, कंदई, रम्पु रा, खुहलबोड़, कुर्रा, भुसंडी, सौरी, अकोला, कारेसरा, गर्रा, ओडिया, सुखाताल, समुदवारा, खैरा, पदमी, हरा सेमरिया, मातेसरा, रौद्रा, केदवई, हाड़ाहुली, खगौला, चिखली, बम्ह,नी व कुरुद के ग्रामीणों की जागरुकता से कोरोना के खिलाफ जारी टीका महाअभियान में सफलता मिली है।

## भाजपा बेरला मंडल मासिक कार्यसमिति की बैठक हुआ

**बेमेतरा।** भाजपा बेरला मंडल की मासिक कार्यसमिति बैठक महाराणा प्रताप भवन में हुआ सम्पन्न जहाँ मुख्यरूप से भाजपा प्रदेशकार्यसमिति सदस्य पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, जिला पंचायत सभापति पुष्पा साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लता वर्मा उपस्थित थे। अवधेश चंदेल ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये राज्य की भूपेश सरकार केवल बहाने बनाने की कार्य कर रही है एक तरफ मुख्यमंत्री कहते है कि बारदाना केंद्र नही दे रहा दूसरी तरफ उनके सहकारिता मंत्री का जवाब रहता है कि बारदाना उपलब्ध कराना केंद्र का नही है यह सरकार केवल और केवल किसान को परेशान करने में लगी है पहले धान खरीदी 1 माह देरी में कर रही दूसरी तरफ बारदाना संकट यह किसान आपको जिताया है अब समय ज्यादा दिन नही यही किसान आपको सत्ता से उतारने में देरी नही करने वाली है। राजेन्द्र शर्मा ने संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि जिला बेमेतरा के अंतर्गत बेरला मंडल अभी हर एक क्षेत्र में आगे है और यहां हर एक कार्यकर्ता मेहनती है जिसका यह परिणाम है।



# महिला जनप्रतिनिधियों को मानदेय नहीं मान देने की जरूरत : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा की तेज तर्रार जुझारू जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अधिकारी कर्मचारियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पंचायत की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को मानदेय की अपेक्षा मान की जरूरत है, उन्होंने कहा है कि महिला पंच हो,सरपंच हो जनपद सदस्य हो या जिला पंचायत की सदस्य हो अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए घर के बाहर की देहरी अपने अस्तित्व और सम्मान के लिए लांघती है,पर अधिकारियों का रवैया उनके प्रति घोर निराशा जनक रहता है, उन्होंने बजाय प्रोत्साहित और उत्साहित करने के उनके साथ अपने अधिकारी हो जाने का दम्भ भरते है मानो जैसे उनके अहंकार को पोषण मिल रहा हो, मैंने निजी तौर पर निर्वाचीत महिला जनप्रतिनिधियों से बात की ,चर्चा की उनसे बातों के दौरान यह उनकी व्यथा निकल कर बाहर आई है कि इतने लोगो का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद जन प्रतिनिधि होने के बावजूद अधिकारी न तो सम्मान ही देते न ही उनके बातों को अमल में लाने। गंभीर दिखाई देते, इस स्थिति पर पूरे सभ्य समाज को चिंतन करना चाहिए, क्या यही नारी शक्ति का सम्मान है, क्या यही बेटी पढ़ाओ का उद्देश्य है,क्या यही हर साल मनाए जाने वाले महिला ससक्तिकरण का प्रतिफल है कि साल में एक बार मान देने का ढोंग हो और साल भर उनके सम्मान को कम आंका जाये, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि जिले के सभी महिला जनप्रतिनिधियों के चाहे वो किसी भी राजनैतिक दल से ताल्लुक रखती हो जिला मुख्यालय बेमेतरा में एक परिसम्मेलन का आयोजन करेंगी, इस बाबत उन्होंने मिल कर जिले के प्रभारी मंत्री टी एस सिंह देव को भी इस विषय से अवगत कराया है कि चुने हुए महिला जनप्रतिनिधियों को उनके पंचायतों के कार्यक्रम में ससम्मान बुलाया जाए।

**53 लाख 76 हजार की लागत से बन रहा 2 यूनिट पौनी पसारी बाजार**

# नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने निर्माणाधीन पौनी पसारी बाजार का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ⮜ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुराना जिला चिकित्सालय के सामने निर्माणाधीन पौनी पसारी बाजार का नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उपस्थित इंजीनियर व ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### गुणवत्ता का रखे ध्यान

पुराना जिला चिकित्सालय सामने राज्य प्रवर्तित पौनी पसारी योजनांतर्गत लघु बाजार का निर्माण शुरू हो चुका है नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने निरीक्षण कर निर्माण दिसंबर तक पूर्ण किये जाने को कहा। उन्होने ठेकेदार को निर्देशित किया कि गुणवत्ता का ध्यान रखे तथा निर्माण पर पानी प्रतिदिन डाले। ताकि उसकी गुणवत्ता बनी रहे। उपअभियंता को निर्देश दिया कि जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कर लोगों को योजनाओं का लाभ दिये जाने को कहा।

### परंपरागत व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर भाई के मंशानुरूप व राज्य सरकार की महत्तवपूर्ण योजना के तहत शहर में पुराना जिला चिकित्सालय के सामने 53 लाख 76 हजार की लागत से पौनी पसारी लघु बाजार का निर्माण किया किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि कार्य प्रारंभ हो गया है अब जल्द ही निर्माण भी पूरा हो जायेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि बढ़ते हुए शहरीकरण तथा मशीनों के अंधाधुंध उपयोग के कारण पौनी पसारी से संबंधित अधिकांश व्यवसाय शहरो में लुप्त होते जा रहे है उन्होनें बताया कि परंपरागत व्यवसायों तथा छत्तीसगढ़ की स्थानीय संस्कृति एवं परंपराओं को जीवन्त करने एवं इससे स्थानीय समाज तथा बेरोजगारों के लिए व्यवसाय के अवसरों का सृजन करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य प्रवर्तित पौनी पसारी योजना, नवीन परिवेश में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रारंभ की गई है।

# कुम्हारी स्थित केनरा बैंक में चोरों ने किया चोरी का असफल प्रयास

पायनियर संवाददाता ⮜ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




जीटी रोड कुम्हारी स्थित केनरा बैंक के पीछे का के रोशनदान का राड तोड़कर चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया। बैंक के शाखा प्रबंधक विजय कांत सिंह ने पुलिस को बताया कि 27 एवं 28 तारीख की दरमियानी रात की यह घटना है । 26 नवंबर को शाम 6:00 बजे बैंक कार्य समाप्ति के पश्चात बैंक बंद कर समस्त कर्मचारी चले गए थे।

27 नवंबर को चौथा शनिवार एवं रविवार को अवकाश था, 29 नवंबर को करीब 9ः30 बजे बैंक का चपरासी हुकुमचंद निषाद कार्य पर उपस्थित हुआ और देखा कि बैंक के पीछे का रोशनदान टूटा हुआ है, इसके पश्चात उसने फोन पर शाखा प्रबंधक को चोरी होने का संदेह जाहिर किया तथा मौके पर पहुंचने पर देखा कि शौचालय के रोशनदान का ग्रिल रॉड टूटा हुआ था एवं अनजान चोरों द्वारा स्ट्रांग रूम के दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया गया था। शाखा प्रबंधक की सूचना पर सोमवार को सुबह मौके पर स्थानीय पुलिस एवं डॉग स्क्वाड भी पहुंचे एवं मौके का मुआयना किया गया प्रार्थी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

# वेतन समझौता में भारी भेदभाव, होगा संघर्ष तेज



**दल्लीराजहरा।** वेतन समझौता मुद्दे पर प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों हित के साथ भारी भेदभाव व ग्रेच्युटी सीलिंग करने की मनमानी रवैया के खिलाफ स्टील वर्कर्स फेडरेशन आफ इंडिया (सीटू) ने सेल के सभी इकाईयों में एक साथ संघर्ष तेज करने का आव्हान किया है तथा 16 दिसम्बर 2021 को पूरे सेल में संपूर्ण हड़ताल का आव्हान रखा गया है। जिसके लिए 29.नवंबर को 11.00 बजे विरोध प्रदर्शन के साथ प्रबंधन को हड़ताल नोटिस दिया गया । अतः सभी नियमित व ठेका कर्मचारियों से अनुरोध है कि कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय व भेदभाव इस संघर्ष में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले व आंदोलन सफल बनाने में योगदान दे।

## क्विक न्यूज

### ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**रायगढ़।** शोभा राईस मिल के सामने कोयले से भरे हाईवा के खूनी पहिए की गिरफ्त में आने से अधमरे बाईक चालक की अपैक्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान आखिरकार मौत हो गई है। जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंपते हुए फरार ट्रेलर चालक की तलाश तेज कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल में गुरुवार रात अपेक्स हॉस्पिटल से रेफर होने पर ग्राम ओड़ेकेरा निवासी नंदलाल चैहान पिता नरसिंह (32 वर्ष) को बुरी तरह जख्मी हालत में लाया गया। चूंकि, नंदकुमार का एक पांव काफी चोटिल था, ऐसे में इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉक्टर्स ने सघन उपचार शुरू किया, मगर जिंदगी और मृत्यु के बीच जूझने के बाद शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे उसने दम तोड़ दिया। चूंकि, युवक की मौत सड़क हादसे के कारण हुई, इसलिए पुलिस ने पोस्टमार्टम कराते हुए उसके परिजनों का बयान भी कलमबंद किया। बताया जाता है कि गुरुवार सुबह नंदकुमार अपने ससुराल रानीसागर से बाईक लेकर खरसिया जा रहा था, तभी कुनकुनी स्थित रुक्मणी पावर प्लांट जा रही।

# डोंगामहुआ माइंस क्षेत्र में लाइट्स व कॉपर वायर की चोरी, तीन गिरफ्तार

- डेढ लाख मूल्य के एलईडी व हैलोजन लाइट जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



डोंगामौहा माइंस क्षेत्र से चोरी हो रहे एलईडी लाइट एवं कॉपर वायर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को तमनार पुलिस द्वारा सूचना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर आरोपियों से 1,60,000 के लाइट्स एवं कॉपर वायर बरामद किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को जेपीएल मांइस में कार्यरत सिक्योरिटी इंचार्ज विल्सन लकडा थाना तमनार आकर थाना प्रभारी निरीक्षक एल.पी. पटेल को बताया कि माइंस एरिया में लगे एलईडी लाइट्स, फिटिंग लाइट्स, हैलोजन लाइट और कॉपर वायर, जी.बी. बॉक्स को पिछले एक-दो सप्ताह से अज्ञात चोर चोरी कर ले जा रहे हैं। चोरी गए लाइट्स काफी कीमती है, सिक्योरिटी गार्ड होने के बावजूद इस प्रकार चोरी को अंजाम दिया जा रहा है। थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात चोरों की पतासाजी के लिए मुखबिरों एवं सूचना संकलन के लिए स्टाफ को निर्देशित किया गया। इसी बीच ग्राम लिबरा से मुखबिर द्वारा गांव के तीन लड़के बड़ी-बड़ी हैलोजन लाइट्स बिक्री के लिए कुछ लोगों से चर्चा करना बताया। थाना प्रभारी तत्काल ग्राम लिबरा जाकर मुखबिर द्वारा बताये गए संदेही भोजराम सिदार, शंकर राठिया, उमेश सिदार को हिरासत में लिया गया। संदेहियों से कड़ी पूछताछ में तीनों स्वीकार किये कि पिछले एक-दो सप्ताह से क्षेत्र में लाइट्स और कॉपर वायर चोरी कर रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर उनसे कीमती लाइट्स व कॉपर वायर करीब 160000 की बरामदगी की गई है। रिपोर्टकर्ता सिक्योरिटी इंचार्ज विल्सन लकडा के रिपोर्ट पर दर्ज धारा 379 के अपराध में तीनों आरोपी आरोपी भोजराम सिदार 25 साल, शंकर राठिया 29 साल, उमेश सिदार 27 साल तीनों निवासी ग्राम लिबरा थाना तमनार को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक एलपी पटेल के साथ आरक्षक अरविंद पटनायक की अहम भूमिका रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर
www.dailypioneer.com



सरस्वरती शिशु मंदिर विद्यालयों की वर्तमान स्थिति उत्साहजनक नहीं है, फलस्वरूप अपने विद्यालयों को सुनहरे अतीत तक पंहुचाने के लिए आप सभी विद्याभारती के समर्पित कार्यकर्ताओं को पुनःअभिभावकों तक जीवंत संपर्क स्थापित करना होगा तभी हम एक बार फिर समाज में संस्कारित शिक्षा के अलख को जगा सकेंगे- यह उद्गार सरस्वती शिशु मंदिर सक्ती के व्यवस्थापक व अधिवक्तता चितरंजय सिंह ने जांजगीर जिला अंतर्गत संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के नगरीय विद्यालयों के प्रबंध समिति के अध्यक्ष, व्यवस्थापक व कोषाध्यक्ष तथा प्राचार्य- प्रधानाचार्य व लेखापाल के जिला स्तरीय कार्यशाला के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किया,सरस्वरती शिशु मंदिर के सभागार में आयोजित कार्यशाला के प्रथम सत्र में मंचस्थ अतिथिगणों ने पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर भारत माता व मां सरस्वरती का पूजन कर उद्घाटन किया पश्चात अश्वनी कश्यप लेखापाल के द्वारा सभी को विद्यालयों में लेखा संबंधी बारीकियों को समझाते हुए लेखा प्रबंध सुनिश्चित करने का आग्रह किया,द्वितीय सत्र में प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों व कर्मचारियों की पृथक पृथक बैठके हुई जिसमें विद्यालय में पढ़ाई व अनुशासन आदि को लेकर विस्तार से चर्चा हुई वहीं समिति पदाधिकारीयों की बैठक में जिले के भीतर प्रबन्ध समितियों के साथ सामंजस्य के साथ विद्यालयों में अनुशासन सुनिश्चित करने पर बल दिया,पश्चात तीसरे सत्र में संस्थान की ओर से जिला प्रतिनिधि रविन्द्र सराफ ने सभी सुझावों पर कार्यवाही करते हुए पालन सुनिश्चित करने शीघ्र पत्र जारी करने की बात कही,इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समितियों से घांसीराम बंसल-बाराद्वार, शिव सोनी-केरा श्री कश्यप- बिर्रा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने आगामी बैठक जनवरी में आयोजित करने हेतु सहमति व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिले से 14 विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य व लेखापाल व विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के गरिमामय उपस्थिति रही।

# जयपुरिया ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल जांजगीर-चाम्पा जिले के सभी विकासखंडो में संचालित है । इसी के तहत बम्हनीडीह विकासखंड में भी स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी स्कूल, शासकीय उच्च.मा.हिंदी माध्यम विद्यालय के भवन में संचालित है । वर्तमान में बम्हनीडीह हिंदी माध्यम स्कूल में लगभग 300 बच्चे अध्ययनरत है । लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर द्वारा संचालक लोक शिक्षा संचनालय रायपुर के आदेश के परिपालन में शासकीय उच्च.मा.हिंदी माध्यम विद्यालय में पढ़ा रहे प्राचार्य , शिक्षक तथा अन्य कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रस्ताव माँगा जा रहा है ताकि उन्हें अन्य स्कूल में भेजा जा सके ढ्ढ इस



स्थानांतरण प्रक्रिया से साफ प्रतीत होता है कि आगामी दिनों में शासकीय उच्च.मा. हिंदी माध्यम स्कूल बम्हनीडीह को बंद कर दिया जाएगा । अब यहां पर पढ़ रहे सैकड़ों बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है कि अब वे कहां और कैसे अध्ययन करेंगे। चूँकि बम्हनीडीह जैसे विकासखंड और तहसील मुख्यालय में और अन्य कोई शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक हिंदी माध्यम विद्यालय नहीं है ढ्ढ साथ ही साथ बम्हनीडीह के 8-10 किलोमीटर की दूरी से आसपास के ग्राम जैसे पूछेली, भँवरेली, पोड़ीशंकर, लखुर्री, कपिस्दा में शासकीय हाई स्कूल केवल 10 वी तक संचालित है वहा अध्ययनरत विद्यार्थी 11वीं-12वी में पढ़ने हेतु बम्हनीडीह हिंदी माध्यम स्कूल में ही निर्भर है,उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा ढ्ढ ज्ञात हो की वर्तमान में बम्हनीडीह के एक ही स्कूल भवन में अलग-अलग समयों में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दोनों संचालित है ढ्ढ इस सम्बंध में जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा नेता गगन जयपुरिया ने कलेक्टर तथा डी.इ.ओ. से मिलकर शा.उ.मा. हिंदी माध्यम स्कूल पूर्व की भांति अलग-अलग पाली में संचालित करने की मांग की है जब तक अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए नवीन भवन की व्यवस्था नहीं हो जाती है ढ्ढ उनका कहना है कि शासकीय उ.मा.विद्यालय हिंदी माध्यम बम्हनीडीह कई वर्षों के से संचालित है।

# बैडमिंटन खिलाड़ी तनु चंद्रा को बढ़ावा देने मदद करें

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मार्गदर्शन के अभाव में प्रतिभा छुपा हुआ है, जो कि जैजैपुर क्षेत्र के प्रतिभा से प्रतिभूतियों से पता है लेकिन प्रतिभागी को मार्गदर्शन के अभाव में प्रतिभा एवं अपनी कला को निखार नहीं कर पा रहे हैं। उसी कड़ी में हमारे बीच बैडमिंटन के उभरते हुए खिलाड़ी तनु चंद्रा पिता चितरंजन चंद्रा ठठारी निवासी जिन्होंने अपने बैडमिंटन खिलाड़ी का प्रदर्शन करते हुए प्रतिभा को उभारा है जो , कि जैजैपुर क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और जैजैपुर क्षेत्र को गौरवांवित किया है । इस तरह से देखा जाए तो जैजैपुर क्षेत्र में हर किस्म की प्रतिभा कला ,सास्कृति कला हो या खेल कला हो या किसी भी तरह के हर क्षेत्र में जयजयपुर क्षेत्र अग्रणी स्थान अपने आप को कायम कर रहा है । लेकिन मार्गदर्शन के अभाव होने के कारण जैजैपुर का नाम आसमान में सितारे की तरह चमक नहीं पा रहा है। जांजगीर जिले के लिए गौरव का क्षण है जिले की बिटिया एवं जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र की तनु चंद्रा ने अपने शानदार खेल से आईटीएम यूनिवर्सिटी मैं आयोजित कुल 500000 के इनाम राशि वाली राज्य स्तरीय अंडर 15 अंडर 17 अंडर-19 तीनों ही वर्ग के महिला सिंगल के खिताब अपने नाम किया है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला बैडमिंटन संघ जांजगीर चांपा स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बैडमिंटन जिसमें दुर्ग ,रायपुर ,कोरबा रायगढ़ ,बिलासपुर जिले का दबदबा लंबे समय से रहा है। वहां पर जांजगीर जिले के ठठारी गांव की हम सबकी चहेती बिटिया तनु चंद्रा जिन्होंने बैडमिंटन के प्रारंभिक दांवपेच जांजगीर शहर में सीख कर आज यह बतला दिया है की प्रतिभा बड़े शहरों की जागीर नहीं है, अगर मेहनत लगन व जज्बा हो तो कुछ भी संभव नहीं है। हम चितरंजन चंद्रा के पूरे परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं जिनके सामूहिक प्रयास से यह नतीजा सामने आया है और उम्मीद करते हैं आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिटिया हमारे जिले के साथ क्षेत्र का नाम रोशन करेगी।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सीसी रोड एवं शौचालय का निरीक्षण

**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर में नया बस स्टैंड में टॉयलेट निर्माण का कार्य जारी है जहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति ने निरीक्षण किया तथा आईटीआई में चल रहे सीसी सड़क का भी इन्होंने जाकर निरीक्षण किया और ठेकेदार को सही सीसी रोड बनाने का निर्देश भेजिए।

# गैरेज से कलपुर्जों की चोरी करने वाला पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

27 नवंबर को गैरेज संचालकों द्वारा कुछ दिनों से कबाड़ चोरी होने की शिकायत एडिशनल एसपी लखन पटले से मिलकर किया गया था। एएसपी पटले द्वारा गैरेज संचालकों को ऐसे कबाड चोरों पर प्रभावी कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया साथ ही एडिशनल एसपी द्वारा नगर कोतवाल मनीष नागर को क्षेत्र में मुखबिर एवं स्टाफ लगाकर ऐसे कबाड चोर पर कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर लगाकर क्षेत्र में कबाड़ चोरी में सक्रिय आरोपी को पकड़ा गया है।

चोरी के संबंध में ट्रक मिस्त्री का काम करने वाले वाले मो. शमीम पिता मो. निजाम उम्र 32 साल निवासी दिनदयाल कालोनी रायगढ द्वारा 27 नवंबर को थाना कोतवाली



आकर बताया गया कि इसकी उर्दना सूरज रोलिंग मिल के सामने गैरेज से 26-27 नवंबर की दरमियानी रात दुकान के सामने रखा हुआ ट्रक सामान कछुआ को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। आसपास दुकान वाले उर्दना डीपापारा के मुकेश मुचाकी को रात में घूमते देखना बताये हैं। चोरी के संदेह पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा स्टाफ के साथ उर्दना डिपापारा जाकर संदेही को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर उसने चोरी कबूल किया।

# सिवनी में जनजागरण पदयात्रा का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर
www.dailypioneer.com

बलौदा ब्लॉक के ग्राम सिवनी में जनजागरण पदयात्रा का आयोजन किया गया। सिवनी के गांधी चौक में गांधी जी के पूजन अर्चन पश्चात पदयात्रा प्रारम्भ की गई जो ग्राम भ्रमण पश्चात सभा स्थल में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर डॉ चरणदास महन्त के जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह, पदयात्रा के प्रभारी आभास बोस, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सोनी, जनपद उपाध्यक्ष एवम जिला महामंत्री, महिला कांग्रेस नम्रता नामदेव, सहसराम कर्ष, भागवत साहू, दीपक बरेठ, नरेश जायसवल, जितेन्द्र जायसवल, कर्ष्णिकुमार सोनी,हिरामन कुर्मी, दामोदर शर्मा, सधेस्वर गबेल, मोहन राठौर, भीम देवांगन, नामदेव, फुलेश देवांगन, मोरध्वज वैष्णव, गोपी बरेठ, जागेश्वर राज, टण्डन जी, सुनीता सारथी, राजश्री दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे। इस दौरान उद्बोधन में सभी वक्ताओं ने मोदी सरकार की आर्थिक असफलता और आम जनता के प्रति सवेंदनहीनता पर प्रकाश डाला।

# जैन मुनि सुयश सागर जी महाराज एवं सद्भाव सागर महाराज का हुआ शक्ति आगमन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



दिगंबर जैन संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनि श्री 108 सद्भाव सागर जी महाराज के मंगल विहार कार्यक्रम के तहत 28 नवंबर को दोपहर शहर के हटरी धर्मशाला में विचरण करते हुए आगमन हुआ,इस दौरान शहर वासियों की ओर से मुनि जी महाराज को शहर की प्रवेश सीमा कंचनपुर नेशनल हाईवे से बाजे गाजे के साथ शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए हटरी चौक स्थित धर्मशाला लाया गया, जहां शहर वासियों ने उनके चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा परम पूज्य मुनि श्री सूयश सागर जी महाराज एवं श्री 108 सद्भाव सागर जी महाराज ने अपने मंगल विहार कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि शक्ति शहर में एक अलग शक्ति है, तथा हम सभी को अपने धर्म का पालन करना चाहिए एवं हम जितना कार्य कर सकें हमें उतना ही कार्य करना चाहिए,मुनि जी महाराज ने कहा कि साधुओं के सानिध्य से शक्ति प्राप्त होती है, एवं मनुष्य को अपनी शक्ति पहचाननी चाहिए तथा सांसारिक जीवन का निर्वहन तो कोई भी कर सकता है किंतु इंसान वही सही होता है जो अपनी शक्ति को पहचानते हुए धर्म की रक्षा में भी अपना समय लगाए इस दौरान मुनि जी महाराज ने विस्तार पूर्वक लोगों को अपने शब्दों के माध्यम से प्रेरणादायक संदेश एवं सत्संग दिया।

# जांजगीर-चांपा जिले के राजस्व अधिकारियों के प्रभार में हुआ बड़ा फेरबदल

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नया कार्य आबंटन आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर लीना कोसम को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी जांजगीर चांपा - जांजगीर, चांपा, पामगढ़, सक्ती, डभरा अनुविभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अधीन मौलिक एवं अपील/पुनर्विलोकन तथा पुनरीक्षण प्रकरण (धारा 165 (6)(7) के प्रकरणों को छोड़कर) (उपरोक्त दर्ज होने वाले प्रकरणों में से प्रत्येक सातवें प्रकरण का न्यायालय कलेक्टर को प्रेषित करेंगे। पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 91 के प्रकरण छोड़कर), अपर कलेक्टर लिंग कोर्ट सक्ती में अपनी अधिकारिता के अंतर्गत प्रस्तुत होने वाले अपील एवं मूल प्रकरणों को सुनवाई हेतु स्वीकार करेंगे। प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को कार्यालयीन समय में लिंक कोर्ट सक्ती में उपस्थिति रहेंगे। (प्रत्यक सातवें प्रकरण को न्यायालय कलेक्टर को प्रेषित करेंगे। पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 91 के प्रकरण छोड़कर),सभी प्रशासनिक कार्य/दायित्व एवं निर्णय के दैनिक प्रकृति के कार्य (वित्तीय स्वीकृति, अनुशासनिक कार्य एवं स्थानांतरण प्रकरण को छोड़कर), निर्धारित सीमा के अंतर्गत शोध क्षमता, प्रमाणपत्र जारी करना।

**उन्हें प्रभारी अधिकारी** - राज्य स्थापना एवं वित्त शाखा, नाजरात/ मुख्य प्रतिलिपिकार शाखा, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा प्रश्न उत्तर का समय अवधि में भिजवाने संबंधी कार्य, शिकायत एवं सतर्कता शाखा, अधीक्षक शाखा, समय सीमा में दर्ज पत्रों की समीक्षा बैठक, जिला कार्यालय के लिए आहरण/संवितरण अधिकारी, छ.ग. वित्त नियम 100 के अंतर्गत एवं 5000 रुपये तक आवर्ती व्यय के स्वीकृति के अधिकार, उप जिलाध्यक्षों एवं तहसीलदारों की यात्रा भत्ता एवं औषधि देयको की स्वीकृति, जिला स्थापना के अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी सतर्कता के कर्मचारियों के यात्रा भत्ता देयक एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों की स्वीकृति, जिला स्थापना के डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार और नायब तहसीलदार और तृतीय श्रेणी कर्मचारियों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि की स्वीकृति।

# बालिका से दुष्कर्म के आरोपी ने घर में लगाई फांसी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के जूटमिल इलाके में एक ऐसे युवक ने अपने घर के कमरे को अंदर से बंद कर सीलिंग पंखे के हुक में स्कॉर्फ बांधते हुए अपनी जिंदगी गंवा दी, जो एक बालिका से अनाचार का मुल्जिम है। चूंकि, घटना स्थल से कोई सुसाईड नोट बरामद नहीं हुआ, इसलिए मामले का सच जानने पुलिस तहकीकात में जुटी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जूटमिल क्षेत्र के कयाघाट मोहल्ले में शनिवार दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब लोगों को भनक लगी कि बाबाकुटी के पास रहने वाले सुनील सोनी आत्मज चूड़ामणि (23 वर्ष) ने अपने कमरे को बंद कर फांसी लगा ली। वहीं, घटना की सूचना जूटमिल चैकी प्रभारी उत्तम साहू को लगी तो मौके की नजाकत को भांप उन्होंने सहायक उप निरीक्षक टिकेश्वर गुप्ता के साथ आरक्षक द्वय प्रकाश गिरी गोस्वामी और कीर्तन साहू को भेजा। पुलिस जब बाबाकुटी पहुंची तो रो-रोकर बेहाल हो रहे सोनी परिवार ने बताया कि सुनील सुबह से अपने कमरे के दरवाजे को अंदर से बन्दकर रखा है। आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी और कीर्तन यादव ने उसे धक्का भी दिया, लेकिन जब नहीं खुला तो आरक्षकों को उसे तोड़कर भीतर जाना पड़ा। कमरे का बन्द दरवाजा खुलते ही सोनी परिवार सहम गए, क्योंकि सीलिंग पंखे के हुक में बंधे स्कॉर्फ के फंदे में सुनील की लाश जो लटक रही थी। वर्दीधारियों ने आसपास के लोगों की मदद से शव को नीचे उतारते हुए पंचनामा किया।

# मारपीट के फरार दो आरोपियों को भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा मारपीट मामले में फरार दो आरोपियों को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से एक तलवार की जप्ती की गई है, मामले में आर्म्स एक्ट की धारा जोड़कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है, जहां से आरोपियों को जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है। 4 सितंबर को थाना कोतवाली में रेल्वे कालोनी में रहने वाली श्रीमती पुष्पलता चैहान द्वारा 04 सितंबर की शाम विशाल ठाकुर, आदित्य श्रीवास और उसके साथ दो महिलाएं घर आकर गाली गलौच कर मारपीट करना बताई थी। रिपोर्टकर्ता श्रीमती पुष्पलता द्वारा आरोपी विशाल ठाकुर को तलवार लेकर आना बताया गया था। थाना कोतवाली में आरोपीगण के विरूद्ध



मारपीट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। तब से आरोपीगण फरार थे, थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों की पतासाजी के लिए मुखबिर लगाकर रखे थे जिनमें दो आरोपी विशाल ठाकुर एवं आदित्य श्रीवास के कल दोपहर घर आसपास देखे जाने की सूचना पर थाने से स्टाफ उनके घर दबिश देकर गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। आरोपी विशाल सिंह ठाकुर उर्फ बाबू पिता स्वर्गीय रणधीर सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी रेल्वे बंगला पारा थाना सिटी कोतवाली रायगढ़,आदित्य श्रीवास पिता प्रहलाद सिदार उम्र 30 वर्ष निवासी कलमीडिपा ईलामाल के पीछे थाना कोतरारोड रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विशाल ठाकुर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का तलवार जप्त किया गया है। प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया, जहां से जेल वारंट पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। मामले के दो आरोपिया फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के संगठन को प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के नेतृत्व में मिली नई पहचान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश स्तरीय संगठन ने अपनी स्थापना के अल्प वर्षों में ही प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पत्रकार हितों के लिए सकारात्मक प्रयासों से एक नई पहचान स्थापित की, प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अमित गौतम ने जहां छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के संगठन को राज्य के शत-प्रतिशत जिलों में गठित करने की दिशा में अपने सभी पदाधिकारियों के सहयोग से पूरी ऊर्जा के साथ काम किया,तो वहीं पहली बार कोरोना काल में भी जरूरतमंदों की सेवा एवं पत्रकार हितों के लिए निरंतर जनता छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन ने कार्य किया तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजधानी सहित प्रमुख शहरों में स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटलो से अनुबंध कर यूनियन से जुड़े सदस्यों को स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा के दौरान रियायतें लेने की व्यवस्था प्रारंभ की, तथा यूनियन से जुड़ने वाले सदस्यों को सदस्यता के साथ ही उनके स्वयं का व्यक्तिगत बीमा भी निशुल्क देने की एक तात्कालिक व्यवस्था अमित गौतम ने प्रारंभ की,आज छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन देश के बड़े पत्रकार संगठनों की सूची में अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित कर पाया है।

# किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 01 दिसम्बर से 30 नवम्बर तक सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सभी बैंक शाखाओं में स्थापित होंगे टीकाकरण केंद्र

### कोविड-19 का पूर्ण टीकाकरण कराने वाले ग्राम पंचायत का पहले कटेगा टोकन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने जिले में विकास और निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और संबंधितों को आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि राज्य षासन के निर्देषानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहा है। धान खरीदी का कार्य जिले के 66 समितियों के 97 धान उपार्जन केंद्रों में की जाएगी। इस हेतु उन्होने कल 30 नवम्बर तक सभी प्रकार की आवष्क व्यवस्था सुनिष्चित करने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि धान विक्रय हेतु उपार्जन केंद्र में पहुँचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनकी सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था यथा छाया, पानी आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि केंद्र में उन्हे सुखद अनुभव हो।



बैठक में कलेक्टर वसंत ने जिले में 27 नवम्बर को आयोजित की गई, टीकाकरण महा अभियान की सफलता के लिए अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पूर्व के भांति सभी टीकाकरण केंद्रों में टेस्टिंग और टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से जारी रहेगा। इस हेतु उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु पूर्ण रूप से कोविड-19 का टीका लगवाने वाले ग्राम पंचायतो के संबंध में जानकारी प्राप्त की और पूर्ण रूप से टीकाकरण कराने वाले ग्राम पंचायत का धान विक्रय करने हेतु उन्हे टोकन जारी करने हेतु निर्देष दिये।

बैठक में उन्होने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसान राषि प्राप्त करने हेतु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सभी बैंक शाखाओं में पहुॅचेगे। इस हेतु उन्होने किसानों के लिए बैंक षाखाओं के परिसर में अन्य सुविधाओं के अलावा टीकाकरण केंद्र स्थापित करने के भी निर्देष दिये। ताकि टीका नहीं लगवाने वालों किसानों को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जा सके। बैठक में जिले में संचालित स्कूलों के बारे में जानकारी प्राप्त की और क्षतिग्रस्त एवं जर्जर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक षालाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देष दिये। ताकि आगामी समय में जर्जर, मरम्मत योग्य शालाओं का निर्माण कार्य किया जा सके। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने पोषण पुर्नवास केंद्र (एनआरसी) के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और सभी एनआरसी का नियमित संचालन सुनिष्चित करने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि जिले के ग्राम लालपुर में 18 दिसम्बर को गुरू पर्व मेला का आयोजन होगा। जहॉ बड़ी संख्या में लोग षामिल होंगे। इस हेतु उन्होने सभी प्रकार की आवष्क तैयारी करने के निर्देष दिये। इसी तरह उन्होने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की समीक्षा करते हुए पंजीयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और आवष्क निर्देष दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास, संयुक्त कलेक्टर द्वय तीर्थराज अग्रवाल एवं नम्रता आनंद डोगरें, सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संसदीय सचिव ने ली बिहान प्रोजेक्ट मैनेजरों की बैठक

### समूहों की समस्याओं और नए रोजगार सृजन पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




विधायक कार्यालय कुनकुरी में सोमवार को एनआरएलएम कार्यक्रम के तहत कुनकुरी विधानसभा के तीनों ब्लॉकों से बिहान स्व सहायता समूह के ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर (बीपीएम) की मासिक बैठक संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक कुनकुरी यूडी मिंज ने ली, जिसमें सभी ब्लॉक के बीपीएम उपस्थित थे। बैठक में बिहान समूह से कैसे ग्रामीणों के लिए रोजगार मुहैया कराई जाए, ग्रामीण स्तर पर समूहों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है रोजगार के लिए नए अवसर कैसे बनें इस पर चर्चा हुई विधायक एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ने ग्रामीणों को पुटुस एवं सेंधवार के जलावन एवं फर्नीचर के उपयोग की जानकारी सभी बीपीएम को दी और कहा इसके लिए आप सभी ग्रामीणों को अवगत कराएं।

समूहों के चल रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान विधायक कुनकुरी ने कहा समूह के कार्यों में नए रोजगारोन्मुखी योजनाओं को अमल में लाएं ग्रामीणों को अधिक से अधिक स्वरोजगार से जोड़कर स्वालम्बन की ओर बढ़ाने बिहान समूह को हर घर तक लेकर जाएं। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से विधायक यू.डी. मिंज के साथ दुलदुला ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंद साय उपस्थित रहे।

## मिलिट्री ट्रेनिंग से लौटे सुमित का फूल मालाओं से भव्य स्वागत



**सरायपाली।** सीआरपीएफ मिलिट्री ट्रैनिंग महाराष्ट्र के लातूर में छह महीना पूरा कर सुमित दास का अपने निवास महलपारा में 2 बजे दोपहर पहुंचने पर सीतला मंदिर के पास अपने पिता ललित दास एवम पार्षद जय प्रकाश यादव के अलावा परिवार एवम महलपरा के निवासियों ने ढोल बाजे एवम आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया।

## बदलो सोच पहुंचो शिखर तक कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर शिखर द्वारा बालिकाओं के विकास हेतु व्यक्तित्व विकास की कार्यशाला लक्ष्मी नारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला कालीबाड़ी में 110 बालिकाओं के लिए आयोजित की गई। एमजेएफ लॉयन मधु यादव द्वारा अनुशासन ,समय प्रबंध और सकारात्मक सोच के साथ कैसे सफलता हासिल करें पर व्याख्यान दिया गया। प्रातः काल उठने से रात को सोने तक छोटे-छोटे मूल मंत्रों को अपनाकर विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं आज मुश्किल है, कल थोड़ा बेहतर होगा बस उम्मीद मत छोड़ना भविष्य जरूर बेहतरीन होगा मेहनत सीढ़ियों की तरह और भाग्य लिफ्ट की तरह होता है सकारात्मक सोच और विभिन्न गतिविधियों के साथ कार्यशाला में बालिकाओं ने स्वयं को बदलने का निर्णय लिया, दसवीं बोर्ड में बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायन सरोज पांडे लायन चंद्रकांता ओसवाल अध्यक्ष लक्ष्मी बुरड, जोन चेयर पर्सन रेनू गुप्ता ,आशा बारेवार राधा वर्मा ,रेनूका प्रसाद ,जया सूर माला पॉल सहित अन्य सदस्य उपस्थित हुए, प्राचार्य मनीष गहोई सचिव शोभा खंडेलवाल शिक्षिका प्रेमलता तिवारी सिंधु लता दुबे ने कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में अन्य कार्यशाला आयोजित करने की बात रखी।

## तीन पहाड़ी कोरवा के साथ कुल 5 का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन जिला अस्पताल जशपुर में कराया गया



पायनियर संवाददाता ◄ मनोरा
www.dailypioneer.com

विकासखंड मनोरा में निवासरत् राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र व विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के तीन मरीजों का सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन जिला अस्पताल जशपुर में कराया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मनोरा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन बरियार ने बताया कि अति दुर्गम इलाका करदना पाठ में पदस्थ आरएचओ संजय एरावत के अथक परिश्रम से घाघरा के आरएमए नीरज यादव के सहयोग से 5 मरीजों का सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया। जिसमें 3 संरक्षित पहाड़ी कोरवा और 2 अन्य जाति के शामिल हैं। जगेश्वर राम, बंधनु राम, किसनी बाई पहाड़ी कोरवा और असामी बाई और हेलेना खाखा के मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया।

जिला अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. क्रिसिन्सिया एक्का के द्वारा ऑपरेशन किया गया और मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था बीएमओ डॉ. बरियार के द्वारा किया गया था। ऑपरेशन के पश्चात नई दृष्टि पाकर ग्रामीण खुश और उत्साहित हैं।

## जनजागरण पद यात्रा अभियान में प्रदेश के कई स्थानों में शामिल हुए अब्दुल रहीम

**कवर्धा।** कांग्रेस के पी एम पी अध्यक्ष अब्दुल रहीम खान ने जनजागरण पद यात्रा अभियान के समापन समारोह के अवसर पर कहा की मोदी सरकार ने अच्छे दिनों का वादा कर जनता को पिछले सात सालों से सिर्फ बढ़ती हुई महंगाई और बढ़ती हुई बेरोजगारी ही दी है महंगाई और बेरोजगारी से देश की जनता कराह रही है डीजल पेट्रोल रसोई गैस सिलेंडर और अन्य वस्तुएं आमजनो के लिए खरीदना मुश्किल हो रहा है बढ़ती हुई कमर तोड़ महंगाई से लोगो का बुरा हाल है लेकिन केंद्र की सरकार अच्छे दिनों का वादा कर देशवासियों को अब तक धोका ही दिया है आने वाले समय में निश्चित ही देश की जनता सबक सिखायेगी बेरोजगारी दर में भी दिनोदिन कमी के बजाय बेरोजगारी बढ़ रही है लेकिन अब तक रोजगार का वादा भी जुमला निकला अब्दुल रहीम खान ने कहा की आने वाले समय में मोदी सरकार की गलत नीतियों और बढ़ती महंगाई का विरोध करते रहेगें।



## अवैध धान के परिवहन पर जिला प्रशासन गंभीर झारखंड का 60 बोरी अवैध धान किया गया जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जशपुर एसडीएम बालेश्वर राम के दिशा निर्देश में जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत आगडीह में 60 बोरी अवैध धान परिवहन करते हुए जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए के जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। जिले के सभी सीमावर्ती चेक पोस्ट पर 24 घण्टे कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक अपना कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कच्चे रास्तो एवं पगडंडियों पर भी नजर रखी जा रही है। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों एवं बिचौलियों, कोचियों पर विशेष निगरानी रखा जा रहा है। अवैध धान के आवागमन पर रोक लगाने के लिए गोदामों का भौतिक सत्यापन करने सहित छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है।

### कलाम खान को कांग्रेस मानव अधिकार विंग का बनाया गया जशपुर ब्लॉक अध्यक्ष



**जशपुरनगर।** कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता कलाम खान उर्फ मोनू जशपुर निवासी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मानव अधिकार मोर्चा की ओर से ब्लॉक जशपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष सोनू खान ने इस संबंध में उन्हें नियुक्ति पत्र दिया है। समाज से जुड़े शोषित वर्ग के लिए न्याय की आवाज उठाना और उन्हें उनका हक दिलाने के लिए काम करने की बात कलाम खान ने कही है। उनके इस पद में नियुक्ति के लिए विधायक विनय भगत ने उन्हें बधाई दी है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## घातक हो गई महंगाई की मार धोखा दे रही मोदी सरकार: रामचन्द्र साहू

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



पेट्रोल डीजल रसोई गैस व सब्जियों के कीमतों में हुई बेतहासा वृद्धि को लेकर कांग्रेस प्रदेश भर में पैदल यात्रा निकालकर जन जागरूकता अभियान चला रही हैं..इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी लोगो को इस बढ़ती हुई महंगाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है इसी कड़ी में मुंगेली जिले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जरहागांव के अध्यक्ष रामचंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बरेला से जरहागांव तक 5 किलोमीटर का जन जागरण पदयात्रा किया जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा जिला संगठन प्रभारी सीमा वर्मा जिला अध्यक्ष सागर सिंह बैस व पदयात्रा प्रभारी जागेश्वरी वर्मा शामिल हुई. मीडिया से बातचीत करते हुए सीमा वर्मा ने कहा कि महंगाई के लिए भाजपा के जो नेता पहले विरोध दर्ज कराते थे आज उनकी जुबान क्यो बन्द है. यह खामोशी बता रही है कि केंद्र सरकार को आम जनता की समस्या से कोई लेना देना नही ..वही प्रदेश के भाजपा नेता जो कल तक सायकल यात्रा निकालकर महंगाई के विरोध में विधानसभा पहुँचते थे आज वे चुप क्यों हैं.. छत्तीसगढ़ की जनता भली भांति समझ चुकी है कि केंद्र सरकार सिर्फऔर सिर्फडींगें हांक रही है धरातल पर स्थितियां विपरीत है जिला अध्यक्ष सागर सिंह बैस पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी राकेश पात्रे पूर्व विधायक चुरावन मंगेशकर ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने भी केंद्र भाजपा की मोदी सरकार की 7साल की विफ्लता एवं छत्तीसगढ़ कॉंग्रेस के भूपेश बघेल सरकार की 3 साल की सफलता को उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया एवं जनजागरण पदयात्रा का उद्देश्य लोगो को बताया गया। जरहागांव ब्लॉक कांग्रेस के जनजागरण पदयात्रा में ब्लॉक कांग्रेस के महिला पदाधिकारियों एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी सीमा वर्मा ज़िला अध्यक्ष सागर सिंह बैस पदयात्रा प्रभारी जागेश्वरी वर्मा कांग्रेसी नेता राकेश पात्रे चुरावन मंगेशकर ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र साहू रूपलाल कोसरे र ावली कौशल दिलीप बंजारा घनश्याम वर्मा हीरा सायशेरा घनश्याम जोशी डॉ. जी पी पहारे लोकेश सिंह बिसेन परमेश्वर साहू अनिल जायसवाल महावीर साहू मनोज धृतलहरे सहदेव जायसवाल दिनेश पटेल जय सिंह ध्रुव तेजसिंह क्षत्री पवित साहू संजय कुर्रे मदन पटेल भोजवा पटेल टेकलाल निर्मलकर विनय यादव रूप सिंह राजपूत थानु सिंह रोहित पात्रे टेकलाल पटेल धीरसिंग बंजारे ऋषि दीवान मिथलेश जायसवाल सविता कुर्रे संगीता भास्कर कौसिल्या जांगड़े बंटी यादव धुनिराम कश्यप रामनाथ धुरी कन्हैया धुरी गोपाल कश्यप एवं सैकड़ो सक्रिय कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

क्रमांक/837/लो.नि.वि./न.पा./2021 सक्ती, दिनांक-27/11/2021

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

जलकष्ट, मरम्मत संधारण, पार्षद निधि, निकाय निधि एवं अन्य उपलब्ध मद अंतर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार/स्थानीय सप्लायरों से नगर पालिका परिषद सक्ती में निम्नलिखित कार्यों के लिये प्रपत्र ''स'' में त्रि-लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः-

6. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15.12.2021 समय 05.00 बजे तक
7. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि 17.12.2021 समय 05.00 बजे तक
8. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 21.12.2021 समय 03.00 बजे तक
9. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 21.12.2021 समय 04.00 बजे
10.

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नल जल सामग्री क्रय | 18.00 | 18000.00 | 750.00 |

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में पी.डब्ल्यू.डी. शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। शेष शर्ते एवं जानकारियां कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

टीपः- यदि नियत दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की कार्यवाही संपादित नहीं होती है, तो आगामी दिवस की सूचना पृथक से जारी किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सक्ती

**कार्यालय, नगर पालिक निगम** जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 201/2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/517 (235 समता कालोनी)** जो कि निगम अभिलेख में **श्री अमित अग्रवाल पिता स्व. राधेश्याम अग्रवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री कन्हैया लाल अग्रवाल पिता स्व. सुवालाल अग्रवाल** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम** जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 203/2021-2022
वार्ड का नाम - पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 22

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 22** वार्ड स्थित भवन / भूमि **22/नया 103 कंचनगंगा फेस-II** जो कि निगम अभिलेख में **श्री अरूण टी भावे पिता स्व. त्रिम्बक डी भावे** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री (1) सोमेन बैनर्जी पिता बादल बैनर्जी (2) लीना बैनर्जी पिता सुभाष बैनर्जी** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम** जोन क्रमांक -07
मंगलम कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 202/2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/17/D-12** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती संतोष देवी पति स्व. सीताराम दम्मानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री विजय कुमार अग्रवाल पिता स्व. सुवालाल अग्रवाल** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 334/2021-2022
वार्ड का नाम- गुरूघासी दास वार्ड 49

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरूघासी दास वार्ड 49 वार्ड स्थित भवन/भूमि **49/** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मंदाकिनी राम W/O स्व. डॉ. शांत कुमार राम, अमित कुमार राम S/O डॉ. शांत कुमार राम** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती अमित राम S/O स्व. डॉ. शांत कुमार राम** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 335/2021-2022
वार्ड का नाम- रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड 55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड 55 वार्ड स्थित भवन/भूमि **55/ जेनम हाईटस** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती कुसुम वर्मा W/O राजेन्द्र वर्मा (2) जूही त्रिपाठी D/O राजेन्द्र वर्मा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती गणेश साहू S/O जगदेव साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771-227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 191/2021-22
वार्ड का नाम- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61** स्थित भवन/भूमि क्र. **61/R/1144 मेन रोड रावण भाठा** जो कि निगम अभिलेख में **श्री इरफान अली पिता मरहूम अकबर अली** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री विकास चन्द्र शर्मा पिता श्री राधेश्याम शर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771-227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 192/2021-22
वार्ड का नाम- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61** स्थित भवन/भूमि क्र. **61/R/1144 ढेबर सिटी होम्स/मठपुरैना** जो कि निगम अभिलेख में **श्री इरफान अली पिता मरहूम अकबर अली** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री राधेश्याम शर्मा पिता स्व. श्री हरिराम शर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771-227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 186/2021-22
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60** स्थित भवन/भूमि क्र. **60/F/950 रावतपुरा फेस-2 मठपुरैना** जो कि निगम अभिलेख में **श्री अमित साहू पिता चन्द्रिका प्रसाद साहू** के नाम से दर्ज है, जिसको **(1) श्री शशांक शर्मा (2) श्रीती शिखा रानी शर्मा दोनों पिता श्री सुशील कुमार शर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771-227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 185/2021-22
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60** स्थित भवन/भूमि क्र. **60/F/951 रावतपुरा फेस-2 मठपुरैना** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती सरिता देवांगन पति श्री ओमप्रकाश देवांगन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती रिद्धी सागर बघेला पति श्री सागर बघेला** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 331/2021-2022
वार्ड का नाम- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड 54

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड 54 वार्ड स्थित भवन/भूमि **54/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती स्वर्णलता बाराहते W/O श्री आर.आर. बाराहते** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती तानिया डे W/O विश्वजीत डे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 333/2021-2022
वार्ड का नाम- बाबू जगजीवन राम वार्ड 53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड 53 वार्ड स्थित भवन/भूमि **53/G-21** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सुनील लूणावत S/O मंगल चंद लूणावत** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती ममता लूणावत W/O सुनील कुमार लूणावत (2) नमन S/O सुनील लुणावत (3) निधी D/O सुनील लूणावत** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

# आत्मानंद स्कूलों में भर्तियों को लेकर बड़ा पेंच

# नियुक्ति को इंतजार कर रहे है दर्जनों पात्र, विभाग नए आवेदन मंगा रहा

## प्रतिक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को नहीं दिया जा रहा मौका, लेन-देन की बात सामने आ रही

■ ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रतिनियुक्तियां लौटाने का भी दबाव, कई हटाए भी गए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मिडियम स्कूल में नियुक्तियों में गड़बड़ियों की आशंका है। दरअसल, नई नियुक्तियों के लिए सीधे विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं जबकि साल भर की पात्रता रखने वाले प्रतिक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को नियुक्तियां नहीं दिए जाने का मामला सामने आ रहा है। हालही में आत्मानंद स्कूलों में नियुक्तियों के लिए तीसरा विज्ञापन जारी किया गया है। जबकि दूसरे विज्ञापन के बाद अभ्यर्थियों की नियुक्त के बाद दो दर्जन के लगभग अभ्यर्थी अब भी प्रतिक्षा सूची में शामिल हैं। सवाल उठ रहे हैं कि प्रतिक्षा सूची में शामिल नामों को प्राथमिकता क्यूं नहीं दी रही जा रही। पात्र अभ्यर्थियों की उपलब्धता के बाद भी विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं।

शिक्षा विभाग की ओर से जिलेभर के आत्मानंद स्कूलों में 52 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए बीते 25 अक्टूबरको विज्ञापन जारी किया गया हैजिसके तहत आवेदन जमा करने की तारीख 25 नवंबर तय की गई थी। इससे पहले भी दो बार विज्ञापन जारी किए गए और अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए गए। दोनों ही विज्ञापनों के बाद प्रतिक्षा सूची में दर्जनों नाम शेष रह गए। इनकी पात्रता एक वर्ष की है। इनमें से कुछ को तो नियुक्तियां दी गई लेकिन दर्जनों अभ्यर्थी अब भी नियुक्ति के इंतजार में हैं। दूसरे दौर की संविदा भर्ती के बाद प्रतिक्षा सूची में तकरीबन 30 नाम शामिल होने की जानकारी मिली है।

आशंका है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भर्तियोंकी आड़ में लेन-देन किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि नियुक्ति के लिए लाख-दो लाखरुपए की रकम मांगी जा रही है। वहीं ब्लॉक मुख्यालयों में तैयार किए गए इन स्कूलों में प्रतिनियुक्तियां पाने के लिए भी शासकीय शिक्षक काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। ताकि वे ब्लॉक मुख्यालय में रह सकें। दूसरी ओर कई ग्रामों में पालकों और ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शिक्षकों को वापस उनकी शालाओं में लौटना पड़ा है। बताया जाता है कि तकरीबन 50 शिक्षकों की प्रतिनियुक्तियां लौटाई गई है।

### स्कूलों पर करोड़ों खर्च

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में संविदा नियुक्तियों पर भी शिक्षकों को 39 हजार तक वेतन दिया जा रहा है। व्याख्याता के लिए जहां 38 हजार रुपए, शिक्षक के लिए 35 हजार, सहायक शिक्षक को 25 हजार तो वहीं सहायक ग्रेड तीन कर्मियों के लिए 19 हजार रुपए वेतन स्वीकृत है। इन शालाओं के संचालन के लिए करोड़ो रुपए खर्च किएजा रहे हैं। इसके चलते ही यहां प्रतिनियुक्ति और संविदा नियुक्ति पाने लंबी कतारें हैं। हालांकि संविदा नियुक्ति के लिए काफी कड़े नियम हैं बावजूद इसके अभ्यर्थियों से लेने देन की बातें सामने आ रही है।

# संगीन आरोपों से घिरे डॉ. गोंविद हटाए गए, डॉ. खोब्रागढ़े को सौंपा गया प्रभार


क्यूं नहीं वापस लिया प्रभार : पीड़ितों को आशंका, आरोपी बीएमओ को जांच प्रभावित करने का मौका दिया जा रहा
पहले नहीं की कार्रवाई अब विभाग के लिए शर्मिंदगी का सबब बने प्रभारी बीएमओ
पहले भी हटाए गए, कई शिकायतें, फिर भी मिला सम्मान
जांच प्रभावित करने का प्रयास
हफ्ते भर में दो डॉक्टरों ने किया महकमे को शर्मसार
काबिलों को नज़र अंदाज कर सौंपा प्रभार
प्रभारी बीएमओ पर शारिरिक शोषण के आरोप, बयान में पीड़ितों ने बताया हमें प्रताड़ित किया जा रहा
■ मानपुर विकासखंड के बीएमओ पर लगे गंभीर आरोप, जांच जारी
कटघरे में स्वास्थ्य विभाग
पहले भी हटाए गए थे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खबर का असर

संगीन आरापों से घिरे मानपुर बीएमओ डॉ. गोविंद कौशिक से प्रभार छिन लिया गया है। सोमवार की देर शाम उन्हें हटाकर डॉ. गिरीश खोब्रागढ़े को बीएमओ का प्रभार सौंपे जाने का आदेश जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी द्वारा जारी किया गया। पीड़ितों ने आरोपों की जांच के बीच भी उनका पदभार वापस नहीं लिए जाने को लेकर आशंका जाहिर की थी। इस संबंध में खबरों के प्रकाशन के तत्काल बाद ही विभाग ने एक्शन लिया है। इससे पहले महिला अफसरों ने थाने में भी शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि पुलिस ने उन्हें विभागीय कार्रवाई का इंतजार करने की समझाईश देते हुए लौटा दिया था। यौन शोषण सहित कई आरोपों का सामना कर रहे डॉ. गोविंद कौशिक पर कार्रवाई के बाद स्थानीय स्वास्थ्य महकमें में सुधार आने की उम्मीद है। मानसिक प्रताड़ना के बीच यहां के अफसरों और कर्मियों का काम करना मुश्किल हो चुका था। महिला अफसर खुद को असुरक्षित महसूस कर रहीं थीं। अपनी शिकायतों को लेकर बयान दर्ज कराते हुए महिलाओं ने आरोप लगाया था कि डॉ. गोविंद ने उन्हें कई बार गलत तरीके से छूने की कोशिश की और वे दुर्व्यवहार भी करते रहे हैं। वहीं अन्य कर्मियों का आरोप था कि बेवजह डॉ. गोविंद द्वारा कर्मियों का वेतन रोक दिया जाता है। कई बार उनके वेतन भी काटे गए। उन पर धमकाने के भी आरोप हैं। इस मामले में विभागीय जांच अब भी जारी है।

# वैक्सिनेशन ड्यूटी में भोजन व जलपान भत्ता की मांग

■ स्वास्थ्य कर्मियों ने सीएचसी बीएमओ को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों ने शासकीय अवकाश व रविवार दिवस वैक्सिनेशन व कोविड टेस्ट ड्यूटी नही लगाने तथा वैक्सिनेशन दरम्यान भोजन व जलपान भत्ता शासन से प्रदाय किये जाने की मांग की है। इस आशय को लेकर कर्मियों ने बीएमओ डॉ अशोक बसोड को ज्ञापन सौंपा है।

स्वास्थ्य कर्मियों ने विज्ञप्ति में बताया कि सामान्य अवकाश दिवस रविवार व शासकीय अवकाश के दिन भी कर्मियों की वैक्सीनेशन व कोरोना टेस्ट ड्यूटी लगाई जाती है। कर्मचारी लगातार नगर से लेकर गांवों तक कोविडकाल से ड्यूटी करते आ रहे हैं। कर्मिचारियो ने सामान्य अवकाश रविवार व शासकीय अवकाश के दिन वैक्सीनेशन व कोरोना ड्यूटी नही कराने सहित वैक्सीनेशन ड्यूटी दौरान शासन के निदेर्शानुसार भोजन नास्ता भत्ता दिलाने की मांग शासन से की है। ज्ञापन सौंपने दरम्यान जानिक साहू, शैलेन्द्र सिन्हा, पूनम देवांगन, सीमा वर्मा, रुपेश, केआर पाल, भूपेंद्र साहू, लक्ष्मेन्द्र सेन, अनिता सिन्हा, नागेश हिरवानी, दीपक साहू, गुलाब हिरवानी, गेंदलाल साहू, विद्या जोगी, सुशीला मानिकपुरी, इंदिरा यादव, भोज कुमार साहू, सतीश साहू सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बारदाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी : कमल सोनी

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी ने मांग की है कि खुद को किसानों की हितैषी सरकार बताने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों को सोसाइटी से बारदाना उपलब्ध कराएं।



उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, जिसमें आपको धान का एक-एक दाना खरीदना होगा।प्रदेश में जब से कांग्रेस सरकार बैठी हैतब से सोसाइटियों में भारी अनियमितताएं, असुविधा देखने और सुनने को मिल रही है। किसान अपने मेहनत की कमाई को बेचने के लिए लाइन में लग रहा हैऔर सरकार पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

# 80 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार, जेल दाखिल

■ सालभर से रिश्तेदार के घर छिपा हुआ था समीर चक्रवर्ती

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तकरीबन 80 लाख की धोखाधड़ी कर एक साल से फरार आरोपी समीर चक्रवर्ती (40) को पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 3 व्यक्तियों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बीते दिसंबर से पुलिस समीर की तलाश कर रही थी। बताया गया कि आरोपी परिवार सहित फरार होने के बाद हरियाणा के बल्लभगढ़ इलाके में कुरियर सर्विस में काम कर रहा था। जहां से 26 नवंबर को कोतवाली पुलिस की टीम ने उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को 28 नवंबर को जेएमएफसी आलोक अग्रवाल की कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

मामले के विवेचक उप निरीक्षक नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि, 16 दिसंबर को राजनांदगांव निवासी लव कुमार कक्कड़,विजय बहादुर सिंह व दुर्ग निवासी रुपेंद्र चंद्राकर ने समीर चक्रवर्ती के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मामला कोतवाली थाने में दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि तीनों से ही लगभग 78 लाख रुपए की रकम लेकर आरोपी समीर चक्रवर्ती अपने परिवार के साथ फरार हो गया था। काफी पूछताछ के बाद जब समीर का पता नहीं चला तो आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी।



बताया गया कि आरोपी समीर चक्रवर्ती दुर्ग की शॉलीमार हैचरिज प्रा.लिमि. में खुद को सेल्स मैनेजर के तौर पर काम कर रहा था। इस बीच उसने चिकन की शॉलीमार हैचरिज़ में ट्रेडिंग में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा देकर लव कुमार कक्कड़ से करीब एक करोड़ का निवेश करवाया जिसमें से लगभग 53 लाख रुपए का गबन आरोपी ने किया। रुपेंद्र चंद्रकार से 9 लाख रुपए का निवेश करवाया। वहीं उसने राजनांदगांव निवासी विजय बहादुर से ट्रेडिंग के लिए ही 16 लाख रुपए नगद लिए थे। इस बीच ही अचानक समीर चक्रवर्ती गायब हो गया। निवेशकों ने महिनों तक उसकी खोजबीन की लेकिन वह लापता रहा। इसके बाद ही प्रार्थियों ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थियों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है।

### रिश्तेदार के घर छिपा था आरोपी

पुलिस ने आरोपी समीर चक्रवर्ती को हरियाणा के फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ इलाके के परेवाखुर्द से गिरफ्तार किया है। आरोपी यहां अपनी साली के घर रह रहा था। वहां वह कुरियर बॉय की नौकरी कर रहा था। पुलिस लंबे समय से समीर की तलाश में थी। उसने अपना फोन नंबर भी बदल लिया था। काफी तफ्तीश के बाद उसके हरियाणा में होने की जानकारी मिली जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया।

## अवैध चखना दुकानों में पुलिस की दबिश, 12 के खिलाफ अपराध दर्ज

**डोंगरगांव।** अवैध चखना दुकानों की शिकायतों और यहां अस्त-व्यस्त भीड़ के बीच बढ़ती असामाजिक गतिविधियों पर नकेल कसने डोंगरगगांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बीते शनिवार को पुलिस ने यहां अवैध रूप से लोगो को शराब पीने पिलाने की सुविधा मुहैया करने वाले (चखना दुकान) पर कार्यवाही हेतु अभियान चलाया। इस कार्रवाई में 12 लोगों के विरुद्ध अलग-अलग मामले बनाते हुए आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के आद शराब दुकान के आसपास ठेले-खोमचों पर शराब परोसने वालों में हड़कंप की स्थिति है। इस कार्रवाई में रोहित देवांगन (33) ग्राम पथरी, कैलाश सिन्हा (29) ग्राम कोहका, मोहनलाल साहू (49)ग्राम कोहका, मनसूखा (51) ग्राम मोहड़, अमन कंडारा (28) कंडरा पारा, लीला शंकर यादव (27)सेवतापारा, संजू सोनकर (35) बोधीटोला, अंकेश पटेल (22) मटिया रोड, विपीन तिवारी (52) मटिया, सब्बील सिंह राजपूत (52) पांगरी, प्रीतम सिंह राजपूत (25) सिनेमालाईन, महेंद्र कुमार पटेल (20) वार्ड नं0 06को गिरफ्तार किया गया।

# एल्टाई वर्कशॉप में पुस्तक का विमोचन, एक्सपर्टस ने साझा किया अनुभव

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

विश्वेश्वर प्रसाद हायर सेकंडरी स्कूल चिचोला में इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एल्टाई) राजनांदगाँव चैप्टर के बैनर तले छत्तीसगढ़ के ईएलटीएक्सपर्ट वाईकेतिवारी द्वारा लिखित पुस्तक ÷इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग÷का विमोचन किया गया। साथ ही इंग्लिश लैंग्वेज लर्निंग एवं टीचिंग पर वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया।




वर्कशॉप के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर चन्द्रशेखर सिंह जादौन के कुशल निर्देशन में वर्कशॉप सफल ढंग से संचालित हुआ।इसके पूर्व एल्टाई राजनांदगाँव चैप्टर के कन्वेनर धनेश सिन्हा ने मुख्य अतिथि रविन्द्र वैष्णव, कार्यक्रम के सभापति चन्द्रशेखर सिंह जादौन, विशिष्ठ अतिथि किरण वैष्णव, ग्राम सरपंच आतिश सिन्हा, रिसोर्स पर्सन वाईकेतिवारी एवं नीलम कौर का स्वागत तिलक वंदन और माल्यार्पण से किया। ईएलटीएक्सपर्ट नीलम कौर ने शिक्षकों एवं विद्यर्थियों को ब्लू प्रिंट के आधार पर राइटिंग स्किल पर लिखने के तरीके बताए। अतिथियों द्वारा वाईकेतिवारी द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। वर्कशॉप की समाप्ति के बाद दीपावली मिलन एवं स्नेह मिलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपस्थित जन समुदाय ने दीप जलाकर एवं अपने से वरिष्ठ लोगों को आशीर्वाद लेकर दीपावली के संदेशों को साकार किया।

इस दौरान बापुटोला की रहने वाली 12 की छात्रा कुमारी विभा धनकर जिन्होंने 15 अगस्त को हिमालय की युनाम चोटी पर भारतीय तिरंगा फहराया था को अतिथियों द्वारा फुलमाला पहना तिलक लगाकर पुरे जोश के साथ स्वागत किया और मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाग लेने वालों में खोरबाहरा राम साहू, हेमराज सहारे, खलेश्वर मंडावी, योगेश सिन्हा, खुमेश चन्द्रवँशी, सुनील बांधे, कन्हैया कंवर, कु.पूजा देवांगन, कमलेश पटेल, शीतल कंवर, खेमचंद सिन्हा, कु. संजना सिन्हा, कु. चांदनी साहू, कु.कुमकुम साहू, कु.स्नेहकिरण, कु.रीमा साहू, कु मुस्कान निषाद, कु.आस्था सिन्हा, विभा धनकर, भावना धनकर, ललित धनकर आदि उपस्थित थे।

## धान खरीदी की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रहे किसान : टिंकू देवांगन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

जनता कॉग्रेस छत्तीसगढ़ जे के शहर अध्यक्ष टिंकू देवांगन ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि धान खरीदी शुरू होने में महज एक दिन शेष है। बारदाना किसानों से लिए जाने की सरकारी घोषणा के बाद किसान बारदान की व्यवस्था में जुट गए हैं। वही कई स्थानीय व्यापारियों द्वारा बड़े पैमाने पर बारदाना का भंडारण किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते खरीदी सत्र में खरीदी को लेकर बारदाना की मारामारी थी। बारदाना संकट के कारण कई बार खरीदी बंद करनी पड़ी। इसलिए टोकन लेने के लिए किसान खरीदी केंद्रो में रात भर लाइन में लग रहे है। क्योंकि बीते तीन वर्षों से खरीदी के दौरान हमेशा बारदान संकट रहा। राज्य सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। देवांगन ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसान हितैषी होने के बड़े दावे करती है लेकिन धरातल पर परिस्थितियां विपरीत है।



आलम यह है कि टोकन रहने के बावजूद बारदाना संकट के कारण कई दिन रात जागरण करना पड़ा था। बावजूद सरकार इस बार भी बारदाना की समुचित व्यवस्था करने में नाकाम रही है। अगर यही लचर व्यवस्था राज्य सरकार की रही और किसानों को किसी भी प्रकार समस्या उत्पन्न होती है तो जनता कांग्रेस के बैनर तले सड़क से सदन की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## 11 दिसंबर को उग्र प्रदर्शन की चेतावनी, पहले ही दे चुके हैं ज्ञापन

# एकलव्य विद्यालय में सुरक्षा का अभाव, पेयजल की भी व्यवस्था नहीं, पालक संघ आंदोलन की राह पर

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

बीते दिनों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राजनांदगांव के पालक संघ की बैठक में पालकों ने कड़ा निर्णय लिया है। बताया गया कि विद्यालयमें पसरी अव्यवस्थाओं को 10 दिसंबर तक पूरा न किए जाने की स्थिति में 11 दिसंबर से पालक उग्र आंदोलन करेंगे।



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगाँव के पालक संघ के अध्यक्ष रमेश हिड़ामे,संरक्षक टीभूराम तारम एवं उपाध्यक्ष लालचंद खुशराम ने बताया कि आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में लगभग 400 से अधिक आदिवासी छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत है। इनकी सुरक्षा के लिए विद्यालय परिसर के चारों ओर अहाता निर्माण की अति आवश्यकता है। अहाता के अभाव में बाहरी व्यक्ति एवं मवेशियों का विद्यालय परिसर में बेरोकटोक आना जाना लगा रहता है। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। कहा गया कि बालक एवं बालिका छात्रावास में दिन-रात होमगार्ड की ड्युटी अति आवश्यक है ताकि बाहरी लोग छात्रावास में प्रवेश न कर सकें तथा खासकर छात्राएं सुरक्षित महसूस कर सकें। विघालय परिसर,छात्रावास एवं मेस हेतु पर्याप्त मात्रा में पेयजल सुविधा का अभाव है।पेयजल के लिए पानी टैंकर मंगाया जाता है जो कि पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान के लिए नलकूप खनन की अति आवश्यकता है। आदर्श विद्यालय में नाम के अनुरूप छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा एवं विशेष कोचिंग क्लास लगाकर शिक्षा नहीं दी जा रही है। बच्चों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा एवं कोचिंग क्लास अति आवश्यक है।

### नियुक्त शिक्षक दूसरी जगह संलग्न

पालकों ने बताया कि सीबीएससी पैटर्न आधारित पाठ्यक्रम के लिए विषय विशेषज्ञ स्थाई शिक्षकों का अभाव है जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। इस संस्था के नाम से नियुक्त कर्मचारियों को अन्यत्र संलग्न कर दिया गया है। जिससे इस संस्था की कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रही है। संस्था के नाम से नियुक्त कर्मचारियों को संस्था में वापस लाया जाए। पालक प्रतिक्षालय भवन निर्माण की भी आवश्यकता बताई गई है। पालक प्रतिक्षालय भवन के अभाव में अपने बच्चों से मिलने आये पालकों को खासकर भारी बरसात एवं तेज गर्मियों के समय समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। आवासीय विद्यालयों में प्राचार्य सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को विद्यालय परिसर के आवास में रहने का प्रावधान है। विद्यालय में आवास भवन होने के बाद भी प्राचार्य सहित अधिकांश कर्मचारी बाहर से आना जाना करते है जिससे संस्था की शैक्षणिक कार्य पूरी तरह से से प्रभावित होती है।

# रंगोली बनाकर किया लोगों को एड्स के प्रति जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



नेहरु युवा केंद्र छुरिया ब्लॉक समन्वयक भुनेश्वर साहू के मार्गदर्शन में ग्राम लाममेटा में युवा एवं युवतियों के माध्यम से एड्स के जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाकर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। रंगोली प्रतियोगिता में ग्राम के युवा एवं युवतियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। एड्स जागरूकता रंगोली प्रतियोगिता में ग्राम की युवती ज्योति साहू , देविका साहू,सरिता कुंजाम,वर्षा श्रीवास ,जीतेश्वरी साहू , दुलारी ,वेनुका ,हसीना ,दुर्गा , वासनी ( लल्ली ) , यामिनी साहू ,उमाभारती , साथ ही युवा वर्ग में आकाश चंद्रवंशी , टेकलाल चंद्रवंशी ,ने हिस्सा लिया।प्रथम स्थान कुमारी सरिता कुंजाम एवं वर्षा की टीम रही। साथ ही द्वितीय स्थान पर कुमारी ज्योति साहू देविका साहू की टीम रही। रंगोली का निरीक्षण अतिथियों द्वारा किया गया जिसमे ग्राम पंचायत लाममेटा के सरपंच महेश कुमार साहू ,वरिष्ठ नागरिक ठाकुरराम साहू ,पतिराम साहू ,खिलेश्वर साहू ,संजय साहू, दयाराम साहू,कुंजबिहारी साहू,ओमप्रकाश साहू, संतराम कुंजाम ,नंदकिशोर साहू शामिल थे।

# नशे के कारोबार में अब महिलाएं भी सक्रिय पुलिस ने 13 लाख की नशीली सामग्री जब्त की, 3 महिलाएं गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त कारवाई करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश का बड़ा असर हो रहा है - न्यायधानी में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नशे का सामान जप्त कर लिया है। इस पूरे अभियान में पुलिस ने नशे से संबंधित गांजा,अवैध शराब,और हुक्का पर भी अपनी नकेल कसते हुए इनसे जुड़े लोगों को ग्रिफ्तार कर लिया है।आश्चर्य और चिंता का विषय तो यह है कि नशे के कारोबार में महिलाएं भी सक्रिय है । शहर के जरहाभाटा मिनी बस्ती में तो अवैध नशे का कारोबार एक महिला ही संचालित करती है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूरे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। साथ ही दो अलग अलग प्रकरण में मदिरा का अवैध व्यवसाय करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई है। पुलिस कप्तान दीपक कुमार झा ने खुलासा किया कि नशे के सौदागरों से भारी मात्रा में नशे का जखीरा बरामद हुआ है। नगदी 89 हजार रूपयों के अलावा करीब 13 लाख रूपयों का सामान बरामद किया गया है।नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस कप्तान दीपक कुमार झा ने बताया कि पुलिस टीम को नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में भारी सफलता मिली है। सीपत और तोरवा थाना पुलिस ने अलग अलग प्रकरण मे 23 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसका खुलासा करते हुए दीपक कुमार झा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश और सीएसपी के विशेष मार्गदर्शन में शहर के अलग अलग ठिकानों में रणनीति के तहत रेड कार्रवाई की गयी। जरहाभाठा की मिनी बस्ती में मिला नशे का जखीरा मिला है। सिविल लाइन थाना प्रभारी शनिप रात्रे और साईबर सेल के संयुक्त प्रयास से अलग अलग टीम तैयार कर मिनी बस्ती जरहाभाठा मे चल रहे नशा के अवैध कारोबार पर रणनीति बनाकर संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए मौके से जुगनी कुर्रे के कब्जे से 21 नग कप सिरप, 80 नग रेक्सोजेनिक इंजेक्शन 200 नग एविल इंजेक्शन 10 नग डिस्पोवेन,15 नग सिरिंज बरामद किया गया। मिनी बस्ती जरहाभाठा में ही पुलिस टीम ने गोदावरी पात्रे के ठिकाने पर धावा बोला। ठिकाने से 15 नग मेक्स कोफ सिरप, 20 नग रेक्सोजेनिक एम्पुल, 90 नग एविल इंजेक्शन, 7 डिस्पोवेन के अलावा 8 नग सिरिंज जब्त किया गया है। मिनी बस्ती से ही एक नाबालिक से 14 नग मैक्सोकोप, 50 नग टेक्सोजेसिक इंपुल,110 नग एविल इंजेक्शन बरामद हुआ है।जबकि मिनी बस्ती के रहने वाले कृष्णा टंडन के ठिकाने 20 नग जब्त हुआ है। पकड़े गए चारो आरोपियों के पास से 4 नग मोबाईल, 4 स्कूटी और एक मोटर सायकल को पुलिस ने कब्जे में लिया है। इसके अलावा एक कार समेत नगद रकम 86,200 रूपयों की बरामदगी हुई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21,22 का अपराध कायम किया गया है। संयुक्त टीम ने कार्रवाई की और पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर और सिविल लाइन पुलिस की एक अन्य टीम ने छापामार कार्रवाई कर मनोज कोशले के पास से 1000 नग नाइट्रोशन नशीली टेबलेट और नगदी 1950 रूपए जब्त किए है।

### शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस कप्तान ने खुलासा किया कि सिविल लाईन पुलिस टीम ने मिनी बस्ती क्षेत्र में ही धावा बोलकर शराब की अवैध बिक्री के आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम ने आरोपी बंटी गहरवार और एक नाबालिग के पास से 35 पाव देशी प्लेन को जब्त किया गया है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का अपराध कायम किया गया है। सिविल लाईन पुलिस ने आबकारी अधिनयम की धारा 34(1)(क) का अपराध मनोज कुमार मिरी पर कामय किया है। जांच पड़ताल के दौरान मनोज कुमार के ठिकाने से पुलिस को 16 पाव देशी प्लेन शराब बरामद करने में सफलता मिली है। साथ शराब बिकी की रकम 250 रूपयों को बरामद किया गया है। इसी तरह 27 नवम्बर को थाना सीपत में पुलिस कार्रवाई में कृष्ण कुमार पवार निवासी शिकारीपारा मटियारी के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। इसी तरह तोरवा पुलिस ने 27 नवम्बर को ही कार्रवाई कर दिनेश दमाहे, सूरज सिंह, अजय च  वर्ती के संयुक्त  कब्जे से 22 किलो 300 ग्राम गांजा की बरामदगी हुई है। आरोपियों के पास से नगदी रकम 7000 रूपए, , 8 नग मोबाईल और एक कार को जब्त किया गया है।पुलिस कप्तान झा ने बताया कि नशे के विरुद्ध चलाए गए स  य अभियान मे पिचले 2 दिनों मे पुलिस टीम ने 14 आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है। पकड़े गए गए आरोपियों में तीन नाबालिग भी शामिल है।

### होटल हेवैन पार्क का मैनेजर गिरफ्तार

दीपक कुमार ने खुलासा में बताया कि नशा के खिलाफ छेड़े गए अभियान में हेवेन पार्क के मैनेजर आरोपी तरूण शर्मा निवासी जुना बिलासपुर के पास 4 नग हुक्का पॉट, तंबाकु युक्त  अलग अलग फ्लेवर का सामान जब्त किया गया है। जब्त सामाग्री की कीमत करीब 40 हजार रूपयों से अधिक है। हॉटल मैनेजर के खिलाफ धारा 4,6 कोटपा एक्ट का अपराध कायम हुआ है।

## पीएम आवास का मामला सांसद अरुण साव ने लोकसभा में उठाया

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अपने निर्वाचन क्षेत्र के साथ ही प्रदेश की समस्याओं को लोकसभा में लगातार उठाने और चर्चाओं में सक्रिय होकर भाग लेने वाले बिलासपुर के सांसद अरुण साव ने शीतकालीन सत्र के प्रथम दिवस में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की घोर उपेक्षा के कारण छत्तीसगढ़ के लाखों गरीबों के वंचित होने का मामला लोकसभा में उठाया।

संसद का शीतकालीन सत्र 29 नवम्बर से प्रारंभ हुआ, और प्रथम दिवस ही सांसद अरुण साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा लोकसभा में नियम 377 के तहत लोक महत्व के मुद्दे के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए एक अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ की है। 2019 के बाद राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद गरीबों के साथ अन्याय करते हुए गरीबों को मकान से वंचित करने का घोर पाप किया जा रहा है। केन्द्र सरकार के बार-बार आग्रह और निर्देश के बाद भी राज्य सरकार घोर उपेक्षा करते हुए न तो नए आवास का पंजीयन और स्वीकृति कर रही है, न ही पुराने स्वीकृत आवासों को पूरा कर रही है, और न ही राज्यांश उपलब्ध करा रही है। इस प्रकार राज्य सरकार की घोर उपेक्षा से छत्तीसगढ़ के लाखों गरीब परिवार, प्रधानमंत्री आवास जैसे अति महत्वाकांक्षी योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। यहां उल्लेख करना आवश्यक है, कि छत्तीसगढ़ राज्य में 2016-17 में 2,26,363, 2017-18 में 200900, 2018-19 में 3,25,212, 2019-20 में मात्र 69,365, 2020-21 में मात्र 02 एवं 2021-22 में 0 (शून्य) प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) बने हैं। सांसद साव ने राज्य सरकार से आग्रह किया  कि गरीबों के साथ अन्याय बंद कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराये। उन्होंने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के समुचित कियान्वयन हेतु राज्य सरकार को निर्देशित करे, ताकि राज्य की गरीब जनता को उनका हक मिल सके।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कल से, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंतर्गत 430 केंद्रों में होगी खरीदी

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने में अब सिर्फ 24 घंटे शेष  रह गए है ।जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर अंतर्गत 430 खरीदी केंदों में धान की खरीदी की जाएगी ।पिछले वर्ष की तुलना में इस बार धान के समर्थन मूल्य की राशि में  कुछ बढ़ोतरी हुई है । धान खरीदी की तैयारी हो चुकी है । पहले दिन यानि एक दिसंबर को बिलासपुर जिले के सीपत अंतर्गत ग्राम खमरिया में ,रतनपुर अंतर्गत ग्राम भरारी में और चकर भाटा  अंतर्गत ग्राम बोदरी में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया जाएगा जिसमे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक समेत कृषि विभाग ,नागरिक आपूर्ति निगम ,विपणन संघ के अधिकारी मौजूद रहेंगे। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 24 घंटे बाद शुरू हो जाएगी। जिला सहकारी  केंद्रीय बैंक बिलासपुर अंतर्गत बिलासपुर जिले के 114 ,खरीदी केंद्रों समेत मुंगेली ,कोरबा ,जांजगीर चांपा और जी पी एम जिले के खरीदी केंद्रों समेत कुल 430 केंद्र बिलासपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंतर्गत आते है ।इस बार धान खरीदी के दर में कुछ वृद्धि हुई है । पिछले साल मोटा धान 1868 रुपए और पतला धान 1868 रुपए प्रति क्विंटल था ।इस वर्ष मोटा धान 1940 रुपए और पतला धान 1960 रुपए क्विंटल की दर से खरीदा जायेगा। धान बेंचने के लिए आज  29 नवम्बर से समितियों में किसानो को टोकन मिलना शुरू हो गया है . एक दिसंबर से किसान तीन हिस्सों में धान की बिक्री कर सकेंगे . पूर्व वर्षो की तरह इस बार भी लघु और सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी. वहीं समितियों की क्षमता के अनुरूप टोकन काटे जाएंगे. । एक किसान को धान खरीदी के लिए तीन टोकन दिया जाएगा. जिसमें एक किसान तीन बार अपनी धान खरीदी केंद्रों में बेच सकेंगे । .जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 2058 समितियों के माध्यम से 105 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

## डीजल चोरों के गुट ने बिलासपुर के युवक को गोली मारी, गंभीर

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहर के तिफरा निवासी एक युवक को कुसमुंडा में किसी ने गोली मार दी हालांकि युवक बच गया है और किसी के वाहन की मदद से घायल अवस्था में अस्पताल पहुंच गया । पूरा विवाद कोयला खदानों से डीजल चोरी को लेकर है ।डीजल चोरी करने वालों का कई गुट है । गोली से घायल युवक को रिपोर्ट पर पुलिस ने एफ आई आर  दर्ज कर लिया है । जानकारी के मुताबिक बिलासपुर में एस ई सी एल का मुख्यालय जरूर है लेकिन कोयला खदानों के बाहर डीजल चोरी की घटनाओं को लेकर होने वाले  अपराधिक मामलों की जानकारी मुख्यालय तक नही पहुंच पाती । सूत्रों का कहना है कि एसईसीएल की खदानों के भारी वाहनों से डीजल की चोरी करने को लेकर दो गुटों के बीच गैंगवार शुरू हो गई है। रविवार की रात कुसमुंडा में एक गुट के लोगों ने दूसरे गुट के सुमित कुमार पर गोली चला दी। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर के तिफरा  नया बस स्टैंड निवासी सुमित कुमार चौधरी अपने साथी दुजराम साहू के साथ किसी काम से बाइक पर कोरबा गया था। कुसमुंडा में रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास अज्ञात युवको ने सुमित पर फायरिंग की जिसमें उसके पैर में एक गोली लगी है। घायल होने के बाद वह भी मौके से किसी तरह अपनी जान बचा के भागा और एक बोलेरो गाड़ी को रुकवा कर अस्पताल तक पहुचा है। घटना रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास की है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुमित कुमार चौधरी पिता मुरारी चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी तिफरा बिलासपुर के द्वारा थाना कुसमुंडा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है कि आज दिनांक 28-11-21 के रात्रि में करीब 10 बजे रेलवे साइडिंग कुसमुंडा के पास आरोपी राजा खान,अशरफ खान और अभिषेक आनंद के द्वारा पूर्व रंजिश के कारण झगड़ा कर किसी ने जांघ में गोली मार दिया है । प्रार्थी सुमित चौधरी को उपचार हेतु तत्काल जिला चिकित्सालय कोरबा भेजा गया है ,हालत सामान्य है । मामले में थाना कुसमुंडा में अपराध क्र 569/2021 धारा 307 भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया है। आहत को आई चोट की प्रकृति , एक्स रे रिपोर्ट एवम अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि इस लड़ाई में एक प्रमुख डीजल चोर  जहां पर्दे के पीछे रहकर अपने व्यवसायिक विरोधियों को फंसाने और निपटाने की कवायद में जुटा हुआ है वहीं ऐसे नाम भी लिए और लिखाये जा रहे हैं जिनका कल रात की घटना से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं रहा है। बताया जा रहा है कि एस ई सी एल की खदानों में चलने वाले भारी वाहनों से डीजल चोरी का धंधा यहां कई सालों से चल रहा है। डीजल की चोरी में ही कई लोग करोड़पति हो गए गया। मोटी कमाई के देखते हुए डीजल चोरी के इस धंधे में कई गुट बन गए है। सारे गुट एक दूसरे के क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ाने के लिए एक-दूसरे के ऊपर हमला कराते रहते है। रविवार रात को हुई गोलीबारी भी इसी का हिस्सा मन जा रहा है। सरकारी संपत्ति को होने वाले नुकसान के मामले में एसईसीएल खदानों की सुरक्षा के लिए लगाए गए तमाम उपाय और विशेष बल के जवानों की निष्क्रियता भी कहीं ना कहीं सामने आ रही है। एसईसीएल प्रबंधन को भी इस तरह की घटनाओं के प्रति सजग और सतर्क होकर काम करना होगा।

## राऊत नाच महोत्सव में लोगों ने आनंद उठाया

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रावत नाच महोत्सव समिति व यादव समाज सिरगिट्टी के द्वारा कल  सेकेंड इनिंग क्रिकेट मैदान सिरगिट्टी में भव्य रावत नाच महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक रहे  कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग व संरक्षक यादव समाज डॉ सोमनाथ यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में बिलासपुर महापौर रामशरण यादव, राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक अध्यक्ष जिला केंद्रीय बैंक , युवा अध्यक्ष अमित यादव,कोषाध्यक्ष नीरज यादव, पार्षद गण पुष्पेंद्र साहू, रवि साहू, सूरज मरकाम सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर  धरम कौशिक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के वंशज यादव भाइयों ने अपनी संस्कृति को संरक्षित किए हुए है और शौर्य के प्रतीक राऊत नृत्य को हर साल बड़े ही धूमधाम से मनाते है। डा सोमनाथ यादव ने कहा कि यादव जाति भगवत जाति है,क्षत्रिय जाति है और राऊत नृत्य इसी परंपरा को आगे बढ़ाती है, डा सोमनाथ ने सुंदर आयोजन के लिए युवा यादव समाज को बधाई देते हुए आगे भी अच्छे कार्य करते रहने की आव्हान किया। समारोह को रामशरण यादव, राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक, पुष्पेंद्र साहू ने भी संबोधित किए। महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से आए रावत नाच दल के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रथम पुरस्कार वही उक्त आयोजन में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। राऊत नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राशि 11 हजार एवम् सुपर ट्राफी ग्राम खमतराई को , द्वितीय पुरस्कार राशि 9 हजार एवम् सुपर ट्राफी ग्राम भरनी,तृतीय पुरस्कार राशि 7 हजार एवम् सुपर ट्राफी  ग्राम बसिया, चतुर्थ पुरस्कार राशि 5 हजार एवम् शील्ड ग्राम निरतू , पांचवा पुरस्कार राशि 3 हजार एवम् शील्ड बलौदाबाजार,छठवां पुरस्कार राशि 2 हजार एवम् शील्ड न्यूलोको कालोनी और  सांतवा पुरस्कार राशि 15 सौ एवम् शील्ड ग्राम सिरगिट्टी आवास को प्रदान की गई,इसी तरह सांत्वना पुरस्कार के रूप में राशि एक, एक हजार हरदी भाटा और मंगला पसीद को दी गई।  तारबाहर राऊत दल ने सम्मान प्रकट करते हुए अपनी प्रस्तुति प्रकट की  और प्रतियोगिता में भाग नही लेकर आयोजन का सम्मान बढ़ाया। निर्णायक के रूप में भागवत यादव  तोरवा,  शालीकराम यादव,सिरगिट्टी, संतोष यादव कोरमी उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाएं में सिरगिट्टी के अध्यक्ष संजय यादव, गौरव यादव, मनोज यादव आदि पदाधिकारियों सहित सिरगिट्टी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा,बुजुर्ग मौजूद रहकर राऊत नृत्य का आनंद उठाए।

## आईजी डांगी करेंगे जिले के थानों का निरीक्षण, चकाचक किए जा रहे थाने

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आईजी रतन लाल डांगी सोमवार और मंगलवार को जिले के थानों का निरीक्षण करेंगे। आईजी के दौरे से पहले शहरी थानों को दिन भर चमकाया गया। साफ सफाई होती रही। इसके अलावा ग्रामीण थानों में सफाई हुई। गौरतलब हो कि आईजी डांगी ने इससे पहले सिविल लाइन्स थाना का निरीक्षण कर अपने तेवर दिखाए हैं, इससे महकमे में हड़कंप मचा है। आईजी रतन लाल सोमवार और मंगलवार को बिलासपुर जिले के दौरे पर रहेंगे । इस दौरान वह शहरी थानों के साथ ग्रामीण थानों के भी  निरीक्षण करेंगे। साथ ही पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। आईजी के निरीक्षण को लेकर शहर के सिविल लाइन्स और सरकंडा थाना में रविवार को दिन भर कर्मचारी अभिलेखों का रखरखाव दुरुस्त करते रहे। थाना परिशर  को चमकाने की कवायद चलती रही। पुलिस लाइन के अलावा आईजी थानों का निरीक्षण करेंगे। चर्चा रही कि आईजी सिविल लाइन्स व सरकंडा थाना का निरीक्षण कर सकते हैं। इन दो थानों में विशेष तैयारियां होती रहीं। पिछली बार आईजी ने सिविल लाइन्स थाना का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने खामियां मिलने पर पुलिसकर्मियों को जमकर फटकारा था। वही टीआई सहित कई पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच भी कर दिया था जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था कयास लगाए जा रहे है कि आईजी के इस दौरे से भी किसी थानेदार पर कार्रवाई हो सकती है इसी की चलते सभी थानेदार अपने थाना को अंदर-बाहर से चमकाने के प्रयास में दिख रहे है फिलहाल आईजी का दौरा किस थाने का है इसकी जानकारी अभी नही मिल पाई है सूत्रों की माने तो सरकंडा और सिविल लाइन्स थाना का निरीक्षण आईजी आज और कल में कर सकते है बुधवार को पुलिसकर्मी सी-प्लान एप की ही जानकारी हासिल करते रहे।

## बीसीएन डिपो एवं टीटीई रेस्ट हाउस में कार्यरत कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मंडल संरक्षा विभाग द्वारा आगजनी के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने से संबंधित जानकारियां देने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नागरिक सुरक्षा निरीक्षकों तथा संरक्षा सलाहकारों द्वारा बीसीएन डिपो एवं टीटीई रेस्ट हाउस में कार्यरत कर्मचारियों को फायर सेफ्टी नियमों की जानकारी दी गई तथा आग लगने की स्थिति में अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने की विधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सभी को आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्हें बताया गया कि फायर सेफ्टी के नियमों का पालन कर जान-माल के नुकसान को काफी कम किया जा सकता है। आग लगने के दौरान पास के अग्निशमन केन्द्रों का संपर्क न. एवं फायर ब्रिगेड हेल्पलाइन नं. 101 तथा 112 को मुंह जुबानी याद रखने की सलाह भी दी गई।

### जीएम और डीआरएम के आश्वासन के बाद भी नहीं मिला स्टापेज

## ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर करगी रोड स्टेशन में आमरण अनशन

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




करगीरोड-रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के पुनः स्टॉपेज के लिए नगर-संघर्ष-समिति के द्वारा आवेदन-निवेदन रेल-रोको किया आंदोलन किया गयाज्सांसद-विधायक की उपस्थिति में जीएम/डीआरएम को ज्ञापन के बाद केवल आश्वासन मिल पाया ।..29-सितंबर के बाद से लेकर रेलवे बोर्ड व उसके मातहतों के द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है..ट्रेनों के स्पेशल का टेग हटने के फैसले के बाद भी नियमित रूप से रुकने वाली ट्रेनों का स्टापेज अब तक नही हो पाया है। इसलिए नगर-संघर्ष समिति-से जुड़े राहुल गुप्ता (मोनू) क द्वारा करगीरोड-रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज के होने तक मंगलवार 30-नवंबर से अनवरत रेलवे स्टेशन के बाहर आमरण-अनशन (भूख हड़ताल) करने का ज्ञापन रेलवे प्रबंधन के नाम स्टेशन मास्टर को सौपा गया साथ ही ज्ञापन की प्रतिलिपि एसडीएम-कोटा सहित थाना प्रभारी को भी सौंपी गई है इसके पूर्व नगर-संघर्ष-समिति के द्वारा 29-सितंबर को जीएम/डीआरएम रेलवे बिलासपुर को बिलासपुर सांसद अरुण साव व कोटा विधायक श्रीमती रेणु जोगी की उपस्थिति में 15-दिनों के अल्टीमेटम के साथ ज्ञापन सौपा जा चुका है..राहुल गुप्ता के द्वारा ट्रेनों के स्टापेज को लेकर मंगलवार से आमरण अनशन से एक बार फिर नगर की जनता के साथ नगर के सभी दलों के जनप्रतिनिधियों-बुद्धिजीवी-व्यपारियों-समाजिक कार्यकर्ताओ में आंदोलन की सुगबुगाहट हो चुकी है।*नगर-संघर्ष-समिति में शामिल कोटा नगर के सभी वर्गो के द्वारा राहुल-गुप्ता के आमरण अनशन को समर्थन देते हुए राहुल गुप्ता के साथ और भी लोगो के द्वारा आमरण अनशन में बैठने की बात कही गई है..नगर संघर्ष समिति में शामिल सभी वर्गों सहित राजनीतिक-दलों के जनप्रतिनिधियों ने अगले एक-दो दिन में आंदोलन को और तेज करने की रूपरेखा तैयार करने की बात कही गई है।

### दुर्ग-ऊधमपुर-दुर्ग तथा दुर्ग-कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की सुविधा

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 02 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में एक-एक अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है 7 इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे 7 विवरण इस प्रकार है।

गाड़ी संख्या 20847/20848 दुर्ग-ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 01 दिसम्बर 2021 को तथा ऊधमपुर से 02 दिसम्बर 2021 को उपलब्ध रहेगी।

गाड़ी संख्या 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 30 नवम्बर 2021 को तथा कानपुर से 01 दिसम्बर 2021 को उपलब्ध रहेगी।

## कलेक्टर ने किया हरी-झण्डी दिखाकर पुरूष नसबंदी पखवाड़ा रथ को रवाना



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित प्रांगण से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पुरूष नसबंदी पखवाड़ा रथ को हरी-झण्डी दिखाकर विभिन्न ग्रामों के लिए रवाना किया। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा रथ के द्वारा नसबंदी के फायदे बताएंगे जाएंगे साथ ही समुदाय में फेले हुए पुरूष नसबंदी से संबंधित मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने के लिए भी परामर्श देंगे। इसके अलावा हर स्वास्थ्य केन्द्र पर पुरूष नसबंदी सेवा और इसके फायदो के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. त्रिलोकी नाथ महिंग्लेष्वर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन के जिला प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आनंद मांझी मौजूद थे।

# एसपी सदानंद कुमार ने धान खरीदी के संबंध में पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

## राजस्व अमले के साथ समन्वय बनाकर खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने किया निर्देशित

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने ग्राम पीपरछेड़ी में टोकन को लेकर हुए भगदड़ मामले में तत्काल एएसपी, सीएसपी, डीएसपी, एसडीओपी सहित सभी थाना व चौकियों के प्रभारियों की बैठक बुलाकर 1 दिसंबर से शुरू होने वाले धान खरीदी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित किया। एसपी सदानंद कुमार ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने-अपने थाना क्षेत्र में संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर धान खरीदी केंद्रों का लगातार भ्रमण करें। साथ का व्यवस्थाओं का जायजा ले। लॉ इन आर्डर की स्तिथि निर्मित न हो और शासन की प्राथमिकता को ध्यान में रख धान खरीदी सुचारू रूप से हो। इसके अलावा एसपी ने अवैध शराब और जुआ सट्टा में भी प्रभावी कार्यवाही हेतु प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते, डीएसपी नवनीत कौर, एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी, डीएसपी एसएस मौर्य एवं सभी थाना व चौकी के प्रभारी उपस्थित थे।

# क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो-2021 की तैयारियां हुई पूरी आयोजन 3 से 5 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम में

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो - 2021 की तैयारियां पूरी हो चुकी है। खुशी की बात यह है कि उम्मीद से ज्यादा बिल्डर्स व डेवलपर्स इसमें भाग ले रहे हैं। इसलिए पिछले सालों की तुलना में व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करते हुए एक्सपो की तैयारियां पूरी की गई है। चूंकि एक्सपो के शुरू होने में अब दो दिन ही शेष रह जायेंगे इसलिए स्टाल होल्डर्स अपने स्तर पर टीम के साथ प्रेजेंटेशन की तैयारी कर रहे हैं। 3 से 5 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में प्रापर्टी एक्सपो का आयोजन किया गया है। यह स्थल रायपुर ही नहीं बल्कि अन्य शहरों से आने वाले लोगों के लिए भी परिचित व सुविधाजनक है। यहां का विशाल पार्किंग स्पेश सबसे अच्छी बात है। अब तक के मिले प्रतिसाद को लेकर लग रहा है कि आयोजक व भागीदार ही नहीं बल्कि बायर्स में भी काफी ज्यादा उत्सुकता है।

एसबीआई और एचडीएफसी दो बैंकों की भी मुख्य रुप से प्रापर्टी एक्सपो में सहभागिता है। विशेष निर्देशित हैं सभी के लिए कि कोरोना गाइडलाइन के शासकीय नियमों का हर हाल में पालन करना है। क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो-2021 के प्रोग्राम चेयरमेन संजय रहेजा एवं को-चेयरमेन अशोक मूंदड़ा ने बताया कि मान कर चलें मध्य भारत का यह सबसे बड़ा प्रापर्टी एक्सपो होगा जिसकी चर्चा छत्तीसगढ़ से बाहर के प्रांतों में भी हो रही है इसलिए यहां के बायर्स भी अपने निवेश के लिए रायपुर आने वाले हैं। क्रेडाई से राज्य में कार्य कर रहे हैं बिल्डर्स सदस्य के रुप में जुड़े हुए हैं और यहीं उनका भरोसा है। बायर्स भी इसीलिए पूरे विश्वास के साथ खरीदी करते हैं। रेसिडेंशियल हो या कमर्शियल एक जगह पर उन्हे चयन का अवसर सारे विकल्प के साथ मिलेंगे क्योकि हर क्षेत्र में प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे बिल्डर्स के स्टाल यहां उपलब्ध रहेंगे। खास बात यह भी है कि यदि प्रापर्टी पसंद आ गई है तो बायर्स को साइट विजिट भी कराया जायेगा। लोगों को इस बात की उम्मीद है कि अब कि बार और भी नए लोकेशन में, नई और बेहतर सुविधाओं के साथ प्रापर्टी खरीदने का मौका मिलेगा।

क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो में अधिकांश बिल्डर्स हिस्सा लेंगे। जिसकी वजह से बायर्स को हर बजट,हर लोकेशन और हर जरूरत के अनुसार फ्लैट, बंगले, मकान, विला, प्लाट व कमर्शियल ऑफिस खरीदने का अवसर मिलेगा। स्पॉट बुकिंग पर ढेरों ऑफर्स पाने का भी अवसर मिलेगा।

ऑन स्पाट बुकिंग पर काफी सारे उपहार क्रेडाई की ओर से दिए जाते हैं। तीनों ही दिन दो-दो ड्रा निकाले जायेंगे। आखिरी दिन का छठवां ड्रा बंफर होगा। इसमें एक्टिवा,सोने के सिक्के व होम एम्पलायंसेस प्रोड्क्ट्स शामिल हैं। डेवलपर्स अपनी ओर से अलग आफर्स देते हैं। वर्तमान प्रापर्टी मार्केट के हिसाब से देखें तो खरीदी के लिए यह सबसे अच्छा समय है। ब्याज दर काफी नीचे हैं। किराये के मकान में रहने वाले लोग भी ईएमआई का समायोजन कर खरीदी कर सकते हैं। क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो-2021 में, प्रापर्टी लेने वालों को फाइनेंस की आसान सुविधा भी मिलेगी इसलिए कि होम लोन उपलब्ध कराने के लिए बैंकों के स्टाल भी यहां होंगे।

### एक्सपो में शामिल हैं बिल्डर्स

अविनाश ग्रुप, आरती ग्रुप, वालफोर्ट बिल्डिंग होम, ऐश्वर्या ग्रुप, रहेजा ग्रुप, वीआईपी सिटी, रजत बिल्डेक, सिंघानिया बिल्डकॉन, आनंदम वर्ल्ड सिटी, पार्थिवी कंस्ट्रक्शन प्रा.लि., ऋषभ बिल्डर्स, शेफरान, जीटी ग्रुप, वर्धमान ग्रुप, मोशर्या इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लासिक ग्रुप, हिमालया इंफ्राप्रोजेक्ट्स, व्हीजीआर रियल एस्टेट, गोल्फ ग्रीन्स, पायोनियर होम्स, भारद्वाज प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स, वुड्स एस्टेट, मल्टी स्पोट्स सिटी, चैतन्य ग्रीन्स, बजाज टाउनशिप, शिवा बिल्डर्स प्रमोट्स, वीबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर, ऐश्वर्यम विले, मोनिका बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, मेट्रो पार्क, श्रीस्वास्तिक ग्रुप, कोरेंज, ड्रीम होम्स।

# केन्द्र को सुझाव देने के बजाये प्रदेश की चिंता करें सीएम: धरमलाल कौशिक

## सीएम बघेल के बयान पर किया पलटवार

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोरोना को लेकर केन्द्र सरकार को सुझाव देना बंद कर प्रदेश वासियों की चिंता करें। कोरोना को लेकर जो भयावह स्थिति प्रदेश में बनीं थी वह किसी के छिपा नहीं है। जब प्रदेशवासी कोरोना के मुकालबा कर रहें थे तब मुख्यमंत्री बघेल असम में व्यस्त थे। उनके गैर जिम्मेदाराना कदम के कारण प्रदेश में कई लोगों की जान कोरोना कारण चली गयी। इसके लिये पूरी तरह से प्रदेश के मुख्ममंत्री और स्वास्थ्य मंत्री जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को केन्द्र सरकार को सुझाव देने के बजाय केन्द्र के कोरोना मुक्ति नीतियों का अनुसरण करना चाहिये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीकाकरण से लेकर कोरोना मुक्त अभियान में पूरी दुनिया में हमारा देश अव्वल है। जब प्रदेश में टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो रही थी तो इसे लेकर कांग्रेस का आला नेतृत्व ही टीका-टिप्पणी करने में नहीं चूक रहा था लेकिन प्रदेश की जनता के व्यापक समर्थन से टीकाकरण अभियान लगातार सफल हो रहा है और हम कोरोना को परास्त करने में भी सफल हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष कौशिक जब एक फिर कोरोना के एक लहर की चर्चा आम है और इस पर विजय पाने के लिये कारगर कदम उठाया जाना चाहिये तब प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल परिवार पूजा के लिये यूपी में ही व्यस्त हैं। इस समय पर प्रदेश सरकार की तैयारी कोरोना के खिलाफ किस तरह से की जा रही है। उसे प्रदेश की जनता को बताने की जरूरत है। जिससे की किसी तरह के भय का वातावरण प्रदेश में फिर से न बनें। उन्होंने प्रदेशवासी से कोराना के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ने के साथ ही कोविड प्रोटोकॉल के पालन की अपील की है।

# आइकोनिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट वॉल्फोर्ट ओमेगा का हुआ भूमिपूजन

**रायपुर।** प्रापर्टी सेक्टर में मध्यभारत का विश्वसनीय ब्रांड वॉल्फोर्ट ग्रुप ने कामशिर्यल सेगमेंट में अपने प्रोजेक्ट वॉल्फोर्ट ओमेगा के लिए आज भूमिपूजन किया। जो कि रिग रोड नंबर-1 पर केनाल रोड ब्रिज के नजदीक है। इसके लिए प्री- बुकिंग भी शुरू हो गई है, विधिवत लांचिंग भी जल्द ही किया जायेगा। वॉल्फोर्ट ओमेगा में सभी प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ ऑफिस,रिटेल व शाप होंगे। वॉल्फोर्ट ओमेगा के संदर्भ में जानकारी देते हुए डायरेक्टर पंकज लाहोटी व अर्पित पारख ने बताया कि अपनी खूबियों के कारण यह रायपुर का सबसे आइकोनिक लैंडमार्क साबित होगा। बेसमेंट में पार्किंग होंगी, वहीं ग्राउंड व प्रथम तल पर शाप व शो रूम तथा दूसरे व तीसरे तल में ऑफिस स्पेश। टैरेस फ्लोर पर लैंडस्केप टैरेस इसकी भव्यता को और निखारेगा। पूरी तरह फ्यूचर प्लानिंग को ध्यान में रखते हुए इसका निर्माण किया जा रहा है। ओमेगा की बनावट ही ऐसी नियोजित तरीके से की जा रही है कि आपको अपने बिजनेस स्पेस पर हर दिन एक नयेपन का अहसास होगा। विश्वस्तरीय एक्सीलेंट डिजाइनयुक्त आफिस स्पेस जिसको सिंगापुर के आर्किटेक्ट के द्वारा बनाया जा रहा है , में जहां सुपरफास्ट कनेक्टिविटी मिलेगी वहीं लैंडस्केप एरिया में एनवायरमेंट,फेवरेट कैफे,चौबीसो घंटे हाई सिक्योरिटी सर्विस के साथ और भी अत्याधुनिक सुविधाएं आपको अपने यहां निवेश को फायदेमंद दृष्टि से संतुष्टि प्रदान करेगा। उन्होने बताया कि प्रीमाइसेस में प्रवेश करते ही कस्टमर को एक अलग ही अनुभव मिलेगा। चूंकि अब समय के साथ हर चीज अपग्रेड होने लगा है। मॉडर्न बिजनेस के लिए वॉल्फोर्ट ओमेगा केवल लोकेशन ही नहीं बल्कि हर एलिमेंट्स की अपनी खूबियां है।

# आशीष मिश्रा ने नए अपर मंडल रेल प्रबंधक एडीआरएम के रूप में पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपर
www.dailypioneer.com



1997 बैच के भारतीय रेल सेवा इंजीनियर्स (आईआरएसई) के अधिकारी आशीष मिश्रा ने 29 नवंबर 2021 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) के रायपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस पदस्थापन से पहले वे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य इंजीनियरिंग (ट्रैक मशीन) थे । आशीष मिश्रा ने एनआईटी, रायपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और जी एस इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस , इंदौर से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर किया है। उन्हें रेलवे में 23 से अधिक वर्षों का विविध अनुभव है और उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे, पूर्वी रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ओपन लाइन, निर्माण और सतर्कता विभागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वरि. मंडल इंजीनियर (समन्वय)रायपुर के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने रायपुर में राष्ट्रीय स्तर के रेलवे सप्ताह पुरस्कार समारोह के आयोजन, एक्सप्रेस वे के लिए नैरो गेज लाइन के हस्तांतरण एवं रायपुर रेलवे स्टेशन के विकास में सक्रिय भूमिका निभाई थी। मुख्य अभियंता/ट्रैक मशीन के पद पर इनके नेतृत्व में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रैक मशीनों का प्रदर्शन भारतीय रेलवे में सर्वश्रेष्ठ रहा है। आशीष मिश्रा ने भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय अकादमी वडोदरा, इनसीड सिंगापुर, एवं आईसीएलआईएफ मेलशिया में एडवांस मेनेजमेंट का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

# गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पहल से हर्षिता बनेगी आत्मनिर्भर

**रायपुर।** कोविड से पिता की मौत के पश्चात आर्थिक संकट से जूझ रही राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल खिलाड़ी कुमारी हर्षिता साहू ने जब गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से मुलाकात कर आर्थिक सहायता की मांग की तो मंत्री साहू ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की पहल की। गृहमंत्री साहू ने हर्षिता को अपने पैरों पर खड़ा होने और पसंद का स्वरोजगार अपनाने हेतु निर्णय लेने प्रेरित किया। उन्होंने हर्षिता को सहयोग का भरोसा दिलाते हुए समाज के लोगों से अपील की कि वे गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति यों के लिए सामूहिक रूप से जुड़कर एक फण्ड बनाए। कर्मा कोठी नाम का सुझाव देते हुए मंत्री साहू ने कहा कि कर्मा कोठी के माध्यम से सहयोग राशि प्राप्त की जाए। बैंक में खाता खुलवाकर अति जरूरतमंद परिवारों का सहयोग किया जाए। मंत्री साहू ने कर्मा कोठी बनने पर अपनी ओर से एक लाख की राशि सहयोग के रूप में जमा करने की घोषणा भी की।

# कोंडागांव में जन जागरण पदयात्रा के दौरान उमड़ा जन सैलाब बीस हजार से अधिक लोगों ने शिरकत किया



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोनिया गांधी के आह्वान पर मोदी सरकार की महंगाई के खिलाफ पूरे देश और प्रदेश भर में जन जागरण पदयात्रा अनवरत चल रहा है। कोंडागांव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. चंदन यादव एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के अगुवाई में सुबह से जन जागरण पदयात्रा प्रारंभ की गई पदयात्रा में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री कावासी लखमा अंतागढ़ विधायक अनूप नाग प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष कोको पाढ़ी सहित सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई अन्य मोर्चा प्रकोष्ठओ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित बीस हजार से अधिक का जनसैलाब उमडा है।

# छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन में बड़ा बदलाव, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य कोर कमेटी का किया गठन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बीजेपी में बड़ा बदलाव सांगठनिक बदलाव किया गया है।



इसके अंतर्गत बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य कोर कमेटी का गठन किया है। कोरग्रुप में वित्त समिति, प्रदेश चुनाव समिति, अनुशासन समिति का गठन किया गया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि कोर ग्रुप में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह, राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, पूर्व मंत्री विक्रम उसेंडी, बिलासपुर सांसद अरुण साव, पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहिले, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल और पूर्व मंत्री केदार कश्यप शामिल किए गए हैं। समिति के नए सदस्य के रूप में गौरीशंकर अग्रवाल, केदार कश्यप और अरुण साव को जगह मिली है। इसी तरह, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और सह प्रभारी नितिन नवीन भी शामिल किए गए हैं।

# राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत 4.41 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त

पायनियर संवाददाता
∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को सहायता पहूंचाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की है। योजना का क्रियान्वयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। योजना के तहत 1 सितम्बर से 30 नवम्बर तक राज्य के सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदन प्राप्त किए गए हैं। अब तक 4 लाख 41 हजार 658 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्राप्त आवेदनों के पंजीयन का कार्य जनपद स्तर पर किया जा रहा है। आवेदनों का परीक्षण क्षेत्र के तहसीलदारों द्वारा किया जा रहा है। 30 नवम्बर को आवेदन करने की अंतिम तारीख है। अतः हितग्राहियों से अनुराध किया गया है कि योजना का फायदा लेने के लिए अपने गांव की ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर दें। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमिहीन परिवारों को पहचान कर उन्हें वार्षिक आधार पर आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध कराना है। पात्र हितग्राहियों को सालाना 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो हितग्राही के खाते में सीधे जमा करायी जाएगी। इस आर्थिक सहायता से हितग्राही की आमदनी बढ़ेगी और वह अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के ऐसे मूल निवासियों को मिलेगा, जिन परिवारों के पास कृषि भूमि नहीं है, ऐसे परिवारों में चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी और पुरोहित जैसे पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा शासन द्वारा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, जिनके परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है। योजना के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर ग्राम सभा में दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु रखा जाएगा।

SHRI BALAJI
Institute of Nursing
SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241000,4241057 | वेब: www.balajinursingcollege.com

# विधानसभा का सेमीफाइनल होगा नपं का उपचुनाव नीलांचल समर्थित प्रत्याशी शीत गुप्ता ने लिया नामांकन

पायनियर संवाददाता ∢ बसना
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत बसना के क्रमांक 09 में उपचुनाव की घोषणा हो गई है। जिसमे भाजपा, कांग्रेस पार्टी के अलावा नीलांचल सेवा समिति अपनी उपस्थिति सक्रियता के साथ चुनावी मैदान में उतर गई है। नगर के लोगो मे चर्चा व्याप्त है कि वार्ड नम्बर 09 में जो चुनाव जीतेगा, स्पष्ट रूप से उस पार्टी का आगामी विधानसभा चुनाव में दम दिखेगा। पिछले प्रतिष्ठापूर्वक हुए चुनाव में लगातार दूसरी बार कांग्रेस के प्रत्याशी अज्जु खैरानी ने नीलांचल के शीत गुप्ता को हराकर जीता दर्ज किया था। खैरानी के असामयिक निधन से उक्त सीट रिक्त हुई है, बहरहाल इस बार पूर्व पार्षद जैसा कोई करिश्माई नेता कांग्रेस में नजर नहीं आ रहा है, जो इस सीट को कॉंग्रेस की झोली में डाल कर विजय पताका फहरा सके। वहीं नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल ने अपने कर्मण्ठ कार्यकर्ता शीत गुप्ता की चुनावी चर्चा जोरो पर है, जिन्होंने पिछला चुनाव जोरदार तरीके से लड़ा था और कम वोटों की मार्जिन से हार गए थे। इस उपचुनाव में शीत गुप्ता मजबूती के साथ दमदार प्रत्याशी के रूप मे चुनावी मैदान है और पहला नामांकन लिया है। पिछले चुनाव में भाजपा तीसरे पायदान में था। पुनः इस चुनाव में भाजपा को उम्मीदवार खोजने में काफी मशक्क त का सामना करना पड़ रहा है, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा ने इस चुनाव में सिर्फ अपनी उपस्थिति तक ही सीमित रहने के लिए उम्मीदवार की खोज शुरू कर दी है ताकि नाममात्र का उम्मीदवार बनाकर उपस्तिथि दर्ज करवा सके। कांग्रेस पार्टी प्रदेश पर काबिज है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी नहीं मिल पाया है।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403